e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 114

गुरुवार
27.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

स्पष्ट बोलना पीठ पीछे बोलने से कई गुना बेहतर है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्युनतम 23°

क्विक न्यूज

खनन घोटाला: पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

नई दिल्ली। झारखंड के एक हजार करोड़ रुपये के खनन घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। दरअसल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने अवैध खनन और मनी लांड्रिंग मामले में पिछले साल जुलाई में गिरफ्तार किया था। पंकज पर झारखंड में टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोप हैं। अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में 11.88 करोड़ रुपये जमा किए गए थे, जिसे ईडी ने जब्त कर लिया है। ईडी ने साहेबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी के दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकद जब्त किये थे। साथ ही अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी बरामद की गई थीं।

कैबिनेट बैठक: चिकित्सा उपकरण के विनिर्माण को बढ़ावा देने से जुड़ी नीति मंजूर

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने चिकित्सा उपकरण के विनिर्माण को बढ़ावा देने से जुड़ी नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति से चिकित्सीय उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के वर्तमान 11 अरब डॉलर से बढ़कर अगले 5 सालों में 50 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति- 2023 को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि इसका मकसद 25 सालों में भारत को मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में एक प्रमुख निर्यातक के तौर पर स्थापित करना है। नई नीति से देश में निवेश का वातावरण तैयार होगा और देश के में मेडिकल उत्पादों के विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार के अनुसार क्षेत्र के लिए 6 रणनीति तैयार की गई हैं। साथ ही इसे जमीन पर उतारने का एक्शन प्लान भी है। इससे अगले 5 सालों में मेडिकल डिवाइस क्षेत्र में 11 अरब डॉलर से 50 अरब डॉलर हो जाएगा। यह नीति सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े उद्देश्यों उपलब्धता, गुणवत्ता, किफायती और नवाचार को भी पूरा करेगी।

दंतेवाड़ा घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख

नक्सली हमले में 10 जवान शहीद

एजेंसी

दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार दोपहर को नक्सली हमले में 10 जवान शहीद हो गए। वहीं एक नागरिक भी मारा गया है। सभी जवान डीआरजी यानी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के हैं। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में जवानों का वाहन भी गया। इसमें 10 जवान शहीद हो गए। दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह ने भी नक्सली हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक, माओवादी कैडर की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा से डीआरजी जवानों को रवाना किया गया था। इसके बाद सभी जवान वहां से लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने अरनपुर मार्ग पर पालनार में ब्लास्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि जवान एक प्राइवेट वाहन से निकले थे। हमले में एक नागरिक की भी मौत हुई है। हमले के बाद जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई।

इसमें कुछ नक्सली भी घायल हुए हैं। मौके पर फोर्स पहुंच गई है। वारदात की पुष्टि आईजी सुंदरराज पी. ने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही उन्होंने भी संवेदनाएं प्रकट की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, दंतेवाड़ा में शहीद जवानों के परिवारों के लिए कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

हमले में एक नागरिक की भी मौत

साल 2021 में 22 जवान हुए थे शहीद

साल 2021 में अप्रैल माह में ही नक्सलियों ने सबसे बड़ हमला बीजापुर के तर्रेम क्षेत्र के टेकलगुड़ा में किया था। उस समय नक्सलियों ने बैरल ग्रेनेड लॉन्चर से हमला किया था। इसमें 22 जवान शहीद हुए थे और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। नक्सली हमले के साथ ही जवानों से हथियार भी लूटकर ले गए थे। इसी दौरान नक्सलियों ने सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया था। हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया था।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और सीएम ने जताया दुख

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से बात की है. राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है. उन्होंने कहा कि शहीद जवानों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं.राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने नक्सली हमले में शहीद जवानों की शहादत पर गहरा शोक जाहिर किया और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की. उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नक्सलियों के राष्ट्र विरोधी मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे. केंद्र और राज्य समन्वय पूर्वक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए कटिबद्ध है.

गृहमंत्री अमित शाह ने भी नक्सली हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

ये जवान हुए शहीद

हेड कॉन्सटेबल जोगा सोढी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, जोगा कवासी, हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम और जगदीश कवासी शहीद हुए हैं। इनके साथ ही प्राइवेट वाहन के चालक धनीराम यादव की भी मौत हो गई है।

प्रधानमंत्री ने प्रकाश सिंह बादल को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे। प्रधानमंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में बदलाव करके चंडीगढ़ पहुंचे। यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री चंडीगढ़ स्थित टेक्निकल एयरपोर्ट से सीधे अकाली दल कार्यालय पहुंचे और यहां प्रकाश सिंह बादल के अंतिम दर्शन के बाद सुखबीर बादल व अन्य परिजनों से मिले। प्रधानमंत्री ने बादल परिवार के साथ करीब दस मिनट का समय व्यतीत किया।प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार की रात मोहाली के फोर्टिस हार्ट अस्पताल में निधन हो गया था। बादल के निधन के बाद बुधवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर चंडीगढ़ स्थित अकाली दल मुख्यालय में रखा गया। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकाश सिंह बादल के अंतिम दर्शन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इससे पहले पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पंजाब की पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला, पटियाला की सांसद परनीत कौर, हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश,

बादल को श्रद्धांजलि भेंट कर भावुक हुए चौटाला: बादल और चौटाला की दोस्ती हरियाणा व पंजाब की राजनीति में एक मिसाल रही है। स्वर्गीय देवीलाल ने प्रकाश सिंह बादल की बेटी का कन्यादान किया था। दोनों परिवारों में जब-जब राजनीतिक संकट आया तो बादल व चौटाला ने एक-दूसरे का साथ दिया। सक्रिय राजनीति से बाहर होने के बाद बादल व चौटाला पिछले दो सालों से अक्सर तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर इकट्ठा होते थे। बुधवार को प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि भेंट करने के बाद ओम प्रकाश चौटाला भावुक हो गए और अपने आंसू को रोक नहीं पाए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बादल के निधन पर शोक जताया: रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (बादल) के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि देश और पंजाब ने अपना एक संघर्षशील नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल सुखबीर सिंह बादल और उनके परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल चीमा और हरजोत बैंस ने उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की।

ईडी ने भूमाफियाओं के यहां की छापेमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: जमीन घोटाले मामले में राजधानी में कई जगहों पर ईडी ने छापेमारी की. मिली जानकारी के अनुसार रांची के मोरहाबादी और खेल गांव में ईडी की टीम छापेमारी की.

जानकारी के मुताबिक मोरहाबादी में ठेकेदार विपिन सिंह के यहां ईडी ने दबिश दी. मोरहाबादी में बिपिन सिंह के फ्लैट को ईडी ने सील कर दिया.

ईडी ने बिपिन सिंह के आवास सील होने संबंधित कागज भी चस्पा किया है. ईडी ने एक कागज पर लिखा है कि जब सुबह 6-30 बजे ईडी की टीम वहां पहुंची तो फ्लैट में ताला लटका हुआ था. वहां के सुरक्षा गार्ड से पूछताछ में पता चला के फ्लैट के मालिक प्रभात कुमार पांडे हैं. ठेकेदार विपिन सिंह उस फ्लैट में सपरिवार किराए पर रहते हैं. ईडी ने प्रभात कुमार पांडे को फोन कर बुलाया. उन्होंने स्वीकार किया कि उक्त फ्लैट को उन्होंने विपिन सिंह को किराए पर दिया है. इसके बाद ईडी ने विपिन सिंह को फोन किया तो उन्होंने बताया कि वह नोएडा में है और दो-तीन दिन बाद रांची पहुंचेंगे. इसके बाद ईडी ने वहां छानबीन नहीं की फ्लैट में लगे ताला को सील कर दिया. अब विपिन सिंह के आने के बाद उनकी मौजूदगी में उनके आवास की तलाशी ली जाएगी. वहीं खेलगांव में ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए अफसर अली के करीबी जमीन दलाल शेखर कुशवाहा के यहां ईडी ने छापेमारी की. इधर जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र और जुगसलाई थाना क्षेत्र में रहने वाले 2 कारोबारियों के यहां झारखंड प्रवर्तन निदेशालय की टीम छापेमारी की.गौरतलब है कि रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन से जुड़े मामले में संबंधित कारोबारियों के यहां ईडी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है. बता दें कि सेना जमीन घोटाला में ईडी लगातार दबिश दे रही है. इस मामले में रांची के पूर्वी डीसी छवि रंजन से पूछताछ हो चुकी है. 24 अप्रैल को वो ईडी के सामने पेश हो चुके हैं. वहीं उन्हें फिर से 1 मई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है. वहीं जमीन घोटाला मामले में 7 आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है. जिनमें से 6 आरोपी अभी भी ईडी की रिमांड पर हैं, जबकि एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

मुख्यमंत्री ने बेहतर इलाज के लिए दी एयर एंबुलेंस की सुविधा



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सरकार गठन के बाद से ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गंभीर रूप से बीमार राज्यवासियों के प्रति संवेदनशील रहें हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही ऐसे गंभीर रूप से बीमार लोगों को सरकार ने बेहतर इलाज हेतु दिल्ली, मुम्बई या किसी अन्य जगह भेजने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की। इसमें आम लोगों के साथ -साथ खास लोग शामिल रहे। इस कड़ी में झारखण्ड के इतिहास में पहली बार 28 अप्रैल को राज्य की जनता के लिए मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे।

एसिड अटैक और घायल ओपी प्रभारी एवं जवान को भी एयर एंबुलेंस से भेजा दिल्ली

बच्चियों को भेज कराया इलाज

कोरोना संक्रमण काल में मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि रांची निवासी सृष्टि सिंह को लीवर के इलाज हेतु दिल्ली भेजना जरूरी है। तत्काल मुख्यमंत्री ने बच्ची को एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा। ऐसे ही मुख्यमंत्री के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से 30 अगस्त 2022 को दिल्ली शिफ्ट किया गया।

घायल थाना प्रभारी और जवान का रखा ध्यान

धनबाद के सिंदरी में हुई हिंसक झड़प में गंभीर रूप से घायल भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार को एयर एम्बुलेंस से 12 सितंबर 2022 को दिल्ली एम्स भेज गया। वहीं, सात फरवरी 2023 को पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ का जवान संजीव कुमार घायल हुआ था। जवान को मुख्यमंत्री के आदेश पर बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया था। इस तरह जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों को भी विभिन्न राज्यों में बेहतर इलाज हेतु राज्य सरकार द्वारा एयर एंबुलेंस की सुविधा दी गई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, गुरूवार, 27 अप्रैल 2023 | पेज 2

जिले में कहीं भी अवैध माइनिंग बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की.इसमें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि माह मार्च व अप्रैल 2023 में अवैध खनन/परिवहन/भंडारण से जुड़े कुल 36 मामले आये जिससे बतौर जुर्माना 10 लाख 37 हजार रुपये की वसूली की गयी.बैठक के दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे व एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यो की समीक्षा की। **प्रधानमंत्री आवास के लिये बालू की आपूर्ति कैटेगरी वन घाट के तहत सुनिश्चित करें : उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में संचालित विकास योजनाओं में बालू की आपूर्ति कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित बालूघाटों से किया जाना है, जिसका चालान संबंधित मुखिया द्वारा नियम एवं प्रावधानों के अनुरूप जारी किया जाएगा.सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बालू कि आपूर्ति इन्हीं कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित बालू घाटो से हो.उन्होंने कहा कि इन बालूघाटों से उठाव किए गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यावसायिक, सामुदायिक उद्देश्य, सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से बालू का उपयोग व्यवसायिक कार्यो के लिये किया जाता है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने इन घाटो से बालू का परिवहन में ट्रैक्टर के अलावा अन्य किसी वाहन से नहीं कराने पर बल दिया.उन्होंने कहा कि पदाधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सभी ट्रैक्टरों पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रुप से दिखाई दे. उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 44 बालूघाट कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित किया गया है, जिसका संचालन संबंधित मुखिया द्वारा किया जायेगा। **जिले में कहीं से भी अवैध माइनिंग का मामला संज्ञान में आता है, तो संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से लघु खनिज की जांच करने हेतु निर्देशित किया.उपायुक्त ने कहा कि अवैध माइनिंग से जुड़ी शिकायत कहीं से प्राप्त होती है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी के विरुद्ध त्वरित एक्शन लिया जाएगा। अवैध माइनिंग से संबंधित प्राप्त सभी मामलों की जांच एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करें.बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर अलग से निर्देशित किया। वर्चुअल मोड में आयोजित बैठक एनआईसी के सभागार से आयोजित की गई बैठक में डीसी, एसपी, एसी सुरजीत कुमार सिंह, डीएमओ आनंद कुमार थे। जबकि तीनों एसडीओ, सभी बीडीओ-सीओ व थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी वर्चूवल माध्यम से जुड़े थे।

सड़क, बिजली और बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे डगरा पंचायत के ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौडीहा बाजार (पलामू) : प्रखंड मुख्यालय से 20 किमी अति सुदूरवर्ती पंचायत मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन आज तक कोई अधिकारी का निगाहें नहीं गया। वहाँ के भोलेभाले ग्रामीणों ने नदी नाले की पानी पीने के लिए विवश है। बताते चलें कि सहियार, जमुना, बरवाटांड सहित विभिन्न गाँव मे पानी की समस्या काफी गंभीर है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल एवम स्वच्छता विभाग के द्वारा एक साल पूर्व जल मीनार लगाया गया था। लेकिन एक बूंद पानी का लाभ नहीं लिए क्योंकि पानी की टंकी सिर्फ दिखाने के लिए बना हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि जो पानी टंकी बनाया गया जो अन्दर अंदर पाइपलाइन बिछा कर घर घर तक नलजल पहुचाया गया है उस पाइप लाइन मे बीच फट गया है और सारी पानी बीच रास्ते मे बह जाती है। साथ ही साथ सड़क बिजली के लिए जर्जर स्थिति बनी हुई है। अति सुदूरवर्ती इलाक मे कोई न क्षेत्रीय विधायक, जन प्रतिनिधि अधिकारी के कानों पर जु तक नहीं रेंग रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल ने भैकम मारकर ट्रेन को रोकने के आरोप में दो लोगो को किया गिरफ्तार भेजा न्यायिक हिरासत में

हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्रसंवाददाता): जपला रेलवे सुरक्षा बल ने, ट्रेन सं. 03347 अप पलामू एक्सप्रेस उंटारी रोड रेलवे स्टेशन से अपने निशचित ठहराव के बाद खुली लेकिन दो मनचलों ने उक्त गाड़ी को स्टेशन के कुछ ही दुरी पर एसीपी करके दुबारा रोक दिया। रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी के अनुदेश पर रात्रि गस्त कर रहे गस्त दल के द्वारा उन दोनों लोगो को मौका ए वारदात पर ही गिरफ्तार कर लिया, तत्पश्चात उन दोनों को रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला लाया गया जहाँ उंटारी थाना अंतर्गत जमडीहा निवासी 1. विकेश ठाकुर सुपुत्र बिरजू ठाकुर तथा 2. महेंद्र मेहता, सुपुत्र रघुनाथ मेहता के खिलाफ बिना किसी उचित कारण के भैकम मारकर ट्रेन को रोकने के जुर्म में रेल अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। उक्त गस्त दल के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार के साथ हेड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र और कांस्टेबल विकाश कुमार शामिल थे।

हाईवा ने स्कॉर्पियो में मारी टक्कर ड्राइवर घायल

हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): जपला- हैदरनगर मुख्य पथ पर निमियादोहर मोड़ के समीप हाइवा ने सकर्पियो में मारी टक्कर इस टक्कर में सकर्पिओ ड्राइवर घायल हो गाया और कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई घटना स्थल पर हैदरनगर पुलिस पहुंच कर जांच शुरू कर दिया सकर्पियो के घायल ड्राइवर को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सा हेतु भर्ती कराया गया।

सोलर जलमीनार खराब ग्रामीण परेशान

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कोसडीहरा, पिपरा, विशुनपुर गांव में लगे चार सोलर जलमीनार इन दिनों खराब पड़ा हुआ है। इस कारण लोगों को गर्मी के इस मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिपरा टोला के ग्रामीण अवधेश राम, इन्द्रदेव राम, महेंद्र भुइयां, अमरनाथ राम, रामजन्म राम,संतोष भुइयां सहित कई लोगों ने बताया कि सोलर जलमीनार लगने के शुरुआती दिनों में कुछ माह तक ठीक ठाक चला उसके बाद से खराब पड़ा है । करीब 40 घरों की आबादी वाले अनुसूचित जाति बाहुल्य इस टोले में मात्र एक सरकारी हैंडपंप है। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसकी सुध लेने के लिए कोई जनप्रतिनिधि या पदाधिकारी नहीं आए हैं। ग्रामीणों ने भीषण गर्मी के मद्देनजर बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी से शीघ्र ही खराब पड़े सोलर जलमीनार को चालू कराने की मांग की है। मालूम हो कि पहले ग्राम पंचायत के अधीन उक्त गांव में चौदहवें वित्त मद की राशि से सोलर जलमीनार लगाया गया था। किंतु नगर पंचायत के गठन के बाद इसे अब शहरी निकाय में शामिल किया गया है।

करैत सांप के काटने से ईंट भट्ठा पर कार्यरत मजदूर की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : ईंट भट्ठा पर कार्यरत मजदूर की करैत सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भलुआनी निवासी शिवनाथ भुइयां कई वर्षो से हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढाब में सुरेंद्र मेहता के बीआईपी ईंट भट्ठा पर काम करता था। इसी बीच मंगलवार की रात शिवनाथ भुइयां ईंट भट्ठा पर जमीन में सोया हुआ था। तभी बुधवार की सुबह 2-00 बजे करैत सांप के काटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय मजदूरों के द्वारा उसे झाड़-फूंक करवाने के लिए बैद के पास ले जाया गया। जहा झाड़-फूंक के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसके बाद ईंट भट्ठा के मजदूरों द्वारा इस घटना की जानकारी शिवनाथ भुइया के परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन ईंट भट्ठा पर पहुंचकर घायल शिवनाथ को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में शिवनाथ के इलाज में दो डॉक्टर करीब दो घंटे तक प्रयास करते रहें इसके बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी रही और अंत में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही मृतक की पत्नी बिमली देवी ने बताया कि मेरे पति की गंभीर स्थिति को देखने ईंट भट्ठा के मालिक भी पहुंचे थे। परंतु मौत होने पर वह सदर अस्पताल से चले गए। विमला देवी ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं, हम और हमारे पति ईंट भट्ठा में काम कर अपने बच्चों का भरण पोषण करते थे।वही इस घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल था।

बराही धाम का जिला योजना पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद(पलामू) : पलामू उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को जिला योजना पदाधिकारी रमन कुमार ने सुविख्यायत धार्मिक स्थल बराही धाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व उन्होंने धाम परिसर मे स्थित देवी मंदिर व् भारत वर्ष की सबसे ऊँची दक्षिणमुखी 105 फिट हनुमान जी की प्रतिमा का दर्शन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा की बराही धाम मे स्थित हनुमान जी विशाल मूर्ति पलामू के साथ झारखंड का गौरव है। उन्होंने कहा की इस धाम परिसर को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जायेगा। ताकि इस धाम मे दूर दराज से आने वाले श्रधालुओं किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। उन्होंने कहा मुख्य सड़क से धाम परिसर तक आने वाली सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइट व धाम परिसर मे हाई मास्ट लाईट ड्रिंकिंग वॉटर मशीन, धाम परिसर की घेराबंदी और सड़क की चौडीकरण का कार्य किया जायेगा।इन सब कार्यों के लिए जिला से एक अभियंता दल को भेज कर मापी कार्य के साथ स्टेमिट बना कर कार्य को पुरा किया जायेगा। उन्होंने धाम समिति व ग्रामीणों से कहा की शीघ्र ही स्ट्रीट लाईट और हाई मास्ट लगवाने की प्रक्रिया पूरी कर कार्य को पुरा किया जायेगा। इस मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ननने बताया की यह दक्षिणा मुखी बजरंग बली कि प्रतिमा समाज के उत्थान के लिए स्थापित किया गया है और यहां एक दर्शनीय स्थल के लिए जो व्यवस्था की आवश्यकता होगें वह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट पूरा करने के लिएं प्रयासरत हैं निरीक्षण दल के कनीय अभियंता गुप्ता जी के आलवा धाम समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

कुख्यात अपराधी कृष्णा सिंह गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास व पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास के तत्परता से क्षेत्र का कुख्यात अपराधी व नावा बाजार थाना कांड संख्या 87/22 धारा 376 भा 0द 0वी0 के अभियुक्त कृष्णा सिंह पिता स्वर्गीय नरेश सिंह ग्राम कौड़ियां थाना बिश्रामपुर जिला पलामू निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदनीनगर भेज दिया गया। इस संबंध में नावाबजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि कई दिनों से इस कुख्यात अपराधी को पुलिस ढूंढ रही थी अंत में गुप्त सूचना के आधार पर इसे पकड़ा गया और बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर तरहसी थाना के एसआई सुमित कुमार और कसमार ओपी के प्रभारी मंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में अफीम की खेती मामले में एक फरार अभियुक्त मनोज सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में तरहसी थाना के एसआई सुमित कुमार ने बताया की केस नंबर 1320 अफीम की खेती करने का आरोपी मनोज सिंह कई दिनों से फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि मनोज सिंह अपने घर आया हुआ है।पुलिस ने सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

राज्य से आए कर्मियों ने मुकुंदपुर पंचायत में संचालित योजनाओं को किया जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : झारखंड राज्य अनुसमर्थन दल के अधिकारियों ने मंगलवार को मुकुन्दपुर पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का जांच किया। इस दौरान राज्य अनुसमर्थन। दल के द्वारा सिंहपुर गांव में सूर्य नाथ सिंह और सुनील सिंह के खेत में आम बागवानी योजना, मुकेश सिंह और राणा सिंह के खेत में सिंचाई कुप योजना का जांच किया गया। वहीं आधा दर्जन से अधिक पीएम आवास और अम्बेडकर आवास का जांच किया गया। जांच टीम के ग्रामीण विकास विभाग के अंडर सेक्रेटरी अरूण कुमार सिन्हा ने बताया की फिल्ड विजिट करने का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को शत् प्रतिशत धरातल पर उतारना है। और जिस योजना में त्रुटि पाई जा रही है सुधार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा की ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं को ससमय पुर्ण कराना है। जांच टीम से सिंचाई कुप योजना के लाभुकों ने मटेरियल की राशि भुगतान नहीं होने की शिकायत की हैं।

महिलाओं ने एसडीओ को आवेदन देकर पेयजल के लिये पानी टंकी लगवाने की किया है मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 12 की महिलाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर दुबाट टोला पर पेयजल के लिये पानी टंकी लगवाने की मांग किया है.एसडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि दुबाट टोला पर पेयजल की समस्या होने से वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.वार्डवासियों की समस्या को देखते हुये सिटी मैनेजर द्वारा यहां टंकी लगवाने का आश्वासन दिया दिया गया था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि वहां विधुत पोल होने के कारण वाटर टंकी नही बन सकता है.विधुत पोल हटाने के बाद ही टंकी बनाया जा सकता है। विधुत विभाग के एक मिस्त्री द्वारा पोल हटाने के लिये पैसे की मांग किया जा रहा है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में पूर्व मुखिया संध्या देवी, श्री राम, आरती देवी, तमन्ना खातून, राधा देवी, सजंती देवी, जाहदा बीबी,नौशाबा खातून, लैलुन बीबी, माया देवी, गोखुला देवी, फरजाना परवीन, शमीमा खातून सहित अन्य के नाम शामिल है।

पुलिस ने नाबालिक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार वर्तमान शहर थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक नाबालिक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल को संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार एक निर्देशन में टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा समय करीब 21.20 बजे छेछानी टोला रेड़मा स्थित समदा आहर के समीप पुलिस गाड़ी को देखकर दो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे जिसे ज सशस्त्र बल के सहयोग से दौड़ाकर एक व्यक्ति को पकड़ा एवं राजा सिंह उर्फ राजा तिवारी नामक व्यक्ति अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गया। पकड़ाये गए व्यक्ति से पुछताछ एवं तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा बरामद किया गया। बरामद देशी कट्टा को विधिवत जप्त करते हुए पकड़ायें किशोर को निरूद्ध कर शहर थाना गया है। पूछताछ के दौरान पकड़ाये किशोर द्वारा राजा सिंह उर्फ राजा तिवारी को मुहल्ले में ही प्रदीप तिवारी द्वारा सरेआम मारा पीटा गया था। जिसके प्रतिशोध में वह राजा सिंह के साथ रैकी करने के लिये उद्देश्य से छेछानी टोला रेड़मा स्थित समदा आहर गया हुआ था। पकड़ाये किशोर का सुजीत सिन्हा गैंग से कोई संबंध नहीं है। निरुद्ध किशोर को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस संदर्भ में शहर थाना कांड संख्या-172/23 दिनांक 25.04.2023 धारा-25 (1-ङ) (ङ) / 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गठित टीम में वर्तमान थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह, एसआई समीर तिर्की, रवि शंकर, पुलिस के जवान उपेन्द्र महतो, शहर थाना, सूर्यनाथ सिंह, मुकेश कुमार,रमेश महतो,जयंत दूबे शामिल थे।

शिलान्यास होने के बाद भी नाली निर्माण का कार्य नहीं हो सका आरंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 में आशीष चंद्रवंशी के घर से विजय जायसवाल के घर तक नाली निर्माण के लिये शिलान्यास होने के छह माह बाद भी नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। नाली निर्माण नही होने के कारण वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विजय जायसवाल के घर के निकट घर नाली का पानी निकलकर सड़क पर जमा हो गया है, जिसके कारण लोगो को पैदल चलना मुश्किल हो गया है.जल जमाव के कारण लोग काफी परेशान है। पैदल चलने वाले लोगो को नाली के गंदे पानी मे होकर आना जाना पड़ता है.ज्ञात हो कि विगत वर्ष अक्टूबर माह में आशीष चंद्रवंशी के घर से विजय जायसवाल के घर तक लगभग 17 लाख की लागत से आरसीसी ड्रेन और ड्रेन स्लैब निर्माण के लिये नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी द्वारा शिलान्यास भी किया गया है, लेकिन लगभग 6 माह बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया गया है, जिसके कारण वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **क्या कहते हैं वार्डवासी :** वार्डवासी सेवा निवृत्त नाजिर विजय जायसवाल ने कहा कि दो तीन महीने से लोगो के घर के नाली का गंदा पानी सड़क पर जम गया है। पानी निकासी का कोई रास्ता नही है। जल जमाव के कारण लोगो का आना जाना मुश्किल हो गया है। इसकी शिकायत भी किया गया। सिटी मैनेजर रविशंकर जी देखने भी आये थे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कुछ नही हुआ। वार्डवासी वृजमोहन प्रसाद ने कहा कि नाली निर्माण के लिये शिलान्यास हुआ है। संवेदक द्वारा बालू भी गिराया गया हैलेकिन छह माह बीत गए अभी तक कार्य प्रारंभ नही हुआ है। जिसके कारण आम लोगो को परेशानी हो रही है। **क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी :** अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि ऐसी शिकायतें मिली है,कि शिलान्यास के बाद अभी तक संवेदक के द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है.वैसे जगहों को दो दिनों के अंदर चिन्हित कर नोटिश निर्गत कर रहे हैं नोटिश निर्गत के एक सप्ताह के अंदर संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नही हुआ तो उनका कंट्रेक्ट रदद् कर दिया जायेगा।

आकांक्षी प्रखंड योजना को लेकर नीति आयोग की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : प्रखंड सभागार में बुधवार को नीति आयोग द्वारा निर्देशित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत सक्षम ग्राम पंचायत निर्माण को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने किया ।बैठक में पीरामल फाउंडेशन के अनिल शर्मा, शाहिन तथा अभिनव कुमार के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, जल संसाधन, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक विकास के क्षेत्र में हरिहरगंज प्रखंड को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही इसके लिए कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानंद सिन्हा, बीपीएम रेखा कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीएओ ब्रजेश कुमार तेजस्विनी परियोजना प्रखंड समन्वयक आदित्य रंजन, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, सीआरपी जितेंद्र कुमार, अजीत मिश्रा, संजय कुमार, बीआरपी अनुज मिश्रा, प्रधानाध्यापिका ममता कुमारी, अभिलाषा कुमारी, अशोक यादव, सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी, शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया तथा आदि उपस्थित थे।

दहेज प्रताड़ना व गर्भपात कराने मामले में पति सहित 10 लोगो पर मामला दर्ज

चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुवे बंदुआ निवासी महिला ने अपने पति समेत 10 लोगो पर चैनपुर थाना में कराया मुकदमा दर्ज। चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ के निवासी जूही बीबी ने लिखित आवेदन देकर चैनपुर थाना में अपने पति समेत 10 लोगो के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट का आरोप लगाते हुवे घरेलू मामला दर्ज कराया है।इस आवेदन में लिखित के आधार पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है अनुसंधान के लिए सब इंस्पेक्टर मिर्तुजय तिवारी को जिमा दिया गया है। वही इस मामले में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया की लिखित आवेदन के आधार पर महिला के पति तस्लीम मिया के अलावे रोजन मिया, हसीना बीबी,नंदोषी आजाद मिया,मुनि बीबी,सदाम मिया,अजगर मिया, सबाना बीबी, पलती मिया समेत 10 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया और अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

बोड़ी गांव में न्यायालय के आदेश पर चिपकाया गया इश्तेहार

चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता): न्यायालय के आदेश पर बोड़ी गांव में 8 आरोपियों के घर चिपकाया गया इश्तेहार।चैनपुर थाना पुलिस की टीम ने सब इंस्पेक्टर भगवान सिंह के नेतृत्व में करवाई करते हुए न्यायालय के आदेश के आलोक में चैनपुर थाना क्षेत्र के बोड़ी गांव में हरीश अंसारी, मुख्तार अंसारी, जगरूल अंसारी, अजगर अंसारी, मंसूर अंसारी, अब्दुल रहीम अंसारी, सबाकद अंसारी और समीम अंसारी के घर में इश्तेहार चिपकाया है। सभी को निर्देश दिया गया है की वे लोग अपने अपराध के आलोक में माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण कर दे सभी के खिलाफ इंडियन फॉरेस्ट एक्ट की धारा 33, 41, 42 और बिहार आरा मिल रेगुलेशन एक्ट की धारा 5 और 14 के तहत मामला दर्ज है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

रोस्पा टावर के बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को हटाने का आदेश

रांची। बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट ने अपने फैसले में रोस्पा टावर के बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि पार्किंग के लिए छोड़ी गई जगह का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधि के लिए नहीं किया जाए। इस संबंध में रौशन कुमार सुरीन द्वारा याचिका दाखिल की गई है। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और ब्रेस्ट फीडिंग रूम बनाने के लिए एक जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया। अदालत ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया है कि बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को अगर एक सप्ताह में नहीं हटाया जाता है, तो निगम इस पर कार्रवाई करे और रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा।

मॉर्निंग ग्रुप का ईद मिलन समारोह में एक दूसरे से गले मिल कर दी ईद की बधाई

रांची : प्रेम और भाईचारगी का संदेश के साथ ईद मिलन समारोह मॉर्निंग ग्रुप द्वारा चर्च कंपलेक्स का आयोजन किया। मॉर्निंग ग्रुप के सरक्षक हाजी हलीमउद्दीन ने कहा कि ईद आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश पेश करता है । इस मौके पर हाजी हलीमउद्दीन ,जयप्रकाश गुप्ता पूर्व विधायक, विजय साहू पूर्व पार्षद, समी आजाद, अकील उररहमान ,पत्रकार नसीम अख्तर ,पप्पू ,इकराम कुरैशी ,मोहम्मद सरफू, नौशाद खान , प्रवेज, खुशू, नेहाल अहमद, नफीस अख्तर, प्रिंस, मुस्तकीम आलम,अब्दुल मन्नान ,मोहम्मद खालिक,एजाज गद्दी और सरफराज समेत कई लोग मौजूद थे।

मुझे बदनाम करने की रची जा रही साजिश : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सरयू राय के द्वारा किए गए टीयूट पर कहा कि जिस महिला के बारे में वह कह रहे हैं और बता रहे हैं कि महिला कौन है, किस दुकान में काम करती है और कहां रहती है और कहां जाती है इससे स्पष्ट होता है कि महिलाओं के प्रति उनकी नजरिया क्या है

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कॉन्ग्रेस के विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों के समक्ष अपनी सफाई पेश की । उन्होंने कहा कि जो वीडियो वायरल हुआ है इसकी जांच होनी चाहिए । साथ ही यह भी जांच होनी चाहिए की वीडियो कैसे सर्वजनिक हुआ । स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सरयू राय के द्वारा किए गए टीयूट पर कहा कि जिस महिला के बारे में वह कह रहे हैं और बता रहे हैं कि महिला कौन है, किस दुकान में काम करती है और कहां रहती है और कहां जाती है इससे स्पष्ट होता है कि महिलाओं के प्रति उनकी नजरिया क्या है । साथ ही उन्होंने भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि जब उन्हें फोन आया और उनसे अश्लील बातें हुई तब उन्होंने तुरंत सफाई दिया । इसकी जानकारी भाजपा के नेताओं ने सांसदों ने क्यों नहीं सर्वजनिक किया। कहते हैं कि सीपी सिंह के साथ हानि टाइप और बन्ना गुप्ता के साथ फनी टाइप यह नहीं चलेगा । मैं प्रशासन से जांच की मांग करता हूं और दोषियों पर उचित करवाई हो और महिला सुरक्षा और उसकी निजता का हनन ना इसका ख्याल रखा जाए।

नगर निगम कार्यकाल का विस्तार किया जाए : आशा लकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। ट्रिपल टेस्ट कराने के नाम पर राज्य सरकार निकाय चुनाव को टालने का प्रयास कर रही है। जब राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट ही कराना था तो सरकार ने पूर्व में ही यह निर्णय क्यों नहीं लिया। जब नगर निकाय के चयनित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल पूरा होने का समय आ गया तो राज्य सरकार ने आनन-फानन में यह घोषणा कर दी कि अब ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही नगर निकाय का चुनाव कराया जाएगा। मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने 06 अप्रैल 2023 को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सूचित किया था कि राज्य के कई नगर निकायों का कार्यकाल 28 अप्रैल 2023 को समाप्त हो रहा है, परंतु अब तक निकाय चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं कि गई है। ऐसी स्थिति में ससमय चुनाव होना प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः जब तक नगर निकायों के चुनाव की घोषणा नहीं हो जाती, टैब तक रांची समेत उन सभी नगर निकायों के कार्यकाल का समयावधि विस्तार किया जाए, जिनका कार्यकाल 28 अप्रैल 2023 को समाप्त हो रहा है। इसके बावजूद राज्य सरकार की यह दलील (ट्रिपल टेस्ट) नियम संगत नहीं है। राज्य सरकार की इस दलील से विभागीय भ्रष्टाचार की बू आ रही है। पूर्व में पंचायत चुनाव से पूर्व पंचायत के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल के विस्तार किया गया था। लिहाजा राज्य सरकार को नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल को भी चुनाव तक विस्तार दिया जाना चाहिए, ताकि जन आकांक्षाओं के अनुरूप जनप्रतिनिधि शहरी विकास का कार्य करा सकें। जनता और जनप्रतिनिधि के बीच आपसी समन्वय बना रहे। नगर निकायों में जनप्रतिनिधियों के नहीं रहने पर अफसरशाही हावी होगा। विभिन्न योजनाओं में अधिकारियों को लूट की छूट होगी। अतः राज्य सरकार से आग्रह है कि वैसे नगर निकाय, जिनके चयनित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल 28 अप्रैल को पूरा हो रहा है, उनके कार्यकाल का विस्तार किया जाए।

गोपाल राम गहमरी पर रेडियो खाँची 90.4 एफएम ने लेखक से की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय रांची के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खाँची 90.4 एफ एम के शो रूबरू में दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार सह लेखक संजय कृष्ण का साक्षात्कार आरजे वैभवी ने लिया। साक्षात्कार के दौरान संजय कृष्ण ने पत्रकारिता के क्षेत्र में आने का मुख्य कारण लेखनी तथा इतिहास में अपनी रूचि को बताया। उन्होंने पत्रकारिता की पढ़ाई वाराणसी के काशी विद्यापीठ से की है। संजय कृष्ण ने अपनी पहली पुस्तक गोपाल राम गहमरी पे लिखी है, साथ ही उन्होंने झारखण्ड के पर्व त्यौहार, अल्बर्ट एक्का तथा 50 क्रांतिकारी और भी कई पुस्तकें लिखी है। यह कार्यक्रम रेडियो खाँची के शो रूबरू में 29 अप्रैल 2023 को सुबह 11:10 बजे प्रसारित की जाएगी।

रांची में सुगम यातायात व्यवस्था करने के लिए डीसी ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ अलोक की अध्यक्षता में शहर में सुगम यातायात व्यवस्था हेतु बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग रांची, कार्यपालक अभियंता डोरंडा एवं हिनू क्षेत्र, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग शहरी, पुलिस उपाधीक्षक यातायत, रांची, महाप्रबंधक जुडको रांची, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी रांची सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में रांची शहर में सुगम यातायात व्यवस्था हेतु गठित टीम द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की गई।

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिनांक 01.04.2023 को आयोजित बैठक में 06 टीमों का गठन किया गया था। जिन्हें रांची शहर में विभिन्न चौक-चौराहो में यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे संरचनाओं या विद्युत/टेलीफोन के अनुपयोगी पोल, ट्रैफिक सिग्नल, पोस्ट होर्डिंग, ट्रैफिक बूथ, जर्जर यात्री शेड, साईकल/टेम्पो स्टैण्ड आदि को हटाने/व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के आलोक में सम्बंधित सभी टीमों से अब तक किये गए कार्यो की विवरणी उपलब्ध कराने को कहा गया।

बन्ना गुप्ता ने झारखंड को किया शर्मशार : रवि पीटर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के आपतिजनक वीडियो वायरल होने के बाद कई सामाजिक संगठन सड़क पर ऊतरकर बन्ना गुप्ता की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं। झारखंड उलगुलान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि पीटर के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग नामकुम चौक पर मंत्री बन्ना गुप्ता का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया।

मोर्चा के अध्यक्ष रवि पीटर ने कहा कि झारखंड उलगुलान तथा आंदोलनकारियों की धरती है जिसे मंत्री ने अपमान किया है । इसे झारखंडी समाज कभी माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग किया कि अविलंब मंत्री बन्ना गुप्ता को बर्खास्त करें, अन्यथा मोर्चा वृहत आंदोलन करेगी।

एक तरफ राज्य के युवा अपने आगे बढ़ाने के लिए सरकार से मांग लगातार कर रहे हैं वैसे समय में मंत्री बन्ना गुप्ता किसी दुसरे चीज को आगे बढ़ाने में लगे हैं।

महिला मोर्चा से मुन्नी देवी, सरिता देवी ,पायल कुमारी, रेखा देवी ,जलेश्वरी देवी, प्रियंका महतो, रश्मि गुप्ता, कालेश्वरी मुंडा ,ममता उरांव ,प्रियंका बड़ाईक, हरीश महतो ,सतीश बड़ाईक ,बिट्टू दास, रीमा यादव, कविता महतो, रामचरण यादव ,अजय मुंडा इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रांची : युवती की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

आरोपित को शक था कि युवती किसी और से फोन पर बात करती है। इसके बाद दोनों में विवाद हुआ और आरोपित ने युवती की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के कोइनारा गांव में हुई युवती की हत्या मामले में मुख्य आरोपित दीपक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लापुंग थाना क्षेत्र के कोइनारा गांव में रविवार की रात सुशांति कुमारी (20) पिता बुधवा उरांव की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी। युवती की प्रेम-प्रसंग में हत्या की गई थी। आरोपित को शक था कि युवती किसी और से फोन पर बात करती है। इसके बाद दोनों में विवाद हुआ और आरोपित ने युवती की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

बस सेवा के कर्मचारियों ने नगर आयुक्त से की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बुधवार 26 अप्रैल 2023 को जवाहरलाल नेहरू बस सेवा संघ के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रांची के नगर आयुक्त शशि रंजन से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा । जिसमें उन्होंने मांग किया कि जवाहरलाल नेहरू शहरी बस सेवा के कर्मचारी लगभग 10 वर्षो से कार्यरत है , उन्हें अभी तक पूर्ण कर्मचारी का दर्जा भी नहीं दिया गया है। इस दौरान बिचौलियों के द्वारा मनमाने ढंग से बस की परिचालन की जा रही है और ड्राइवर भाइयों को एक भी पैसा ठेकेदार और दलाल नहीं दे रहे हैं । कई चालकों को जबरदस्ती काम करने से रोकने का प्रयास भी किया जा रहा है। इन सब सवालों को लेकर जब नगर आयुक्त से बातचीत की गई तो, नगर आयुक्त शशि रंजन ने कहा कि मैं आपके ऊपर गंभीरता पूर्वक विचार करके आपके हित में जो भी बेहतर हो सकेगा वह करने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में जवाहरलाल नेहरू बस सेवा के संरक्षक इम्तियाज अहमद खान , बस सेवा संघ कर्मचारी सेवा संघ के अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ दीक्षित, कोषाध्यक्ष नीरज सिंह एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता और सीपीआई नेता अजय सिंह शामिल थे।

मिड डे मील घोटाले मामले में संजय तिवारी सहित तीन आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मिड डे मील में 100 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपित संजय कुमार तिवारी, अजय उरांव और राजू वर्मा के खिलाफ बुधवार को आरोप गठित किया गया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने संजय तिवारी सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। इस दौरान आरोपितों ने इसे गलत बताया। संजय तिवारी एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। इससे पहले 24 अप्रैल को संजय की डिस्चार्ज याचिका को सीबीआई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी, एसबीआई हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 3/2021 दर्ज कर केस को टेकओवर किया। मनी लॉन्ड्रिंग के तहत ईडी मामले की जांच कर रही है।

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 27 को



रांची : झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 अप्रैल को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक गुरुवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में होगी।

रांचीः सुसंती हत्या मामले का आरोपित गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के लापुंग में सुसंती कुमारी हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम भरत बिझिया है और वह गुमला के बसिया का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर हत्या करने में प्रयोग किया गया खून लगा पत्थर, लाल दुपट्टा बरामद किया गया है। साथ दो मोबाइल फोन भी मिले हैं।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गत 24 अप्रैल को युवती के पिता बुधवा उरांव ने थाना में आवेदन देते हुए बताया था कि आरोपित भरत ने उनकी पुत्री की दुपट्टा से गला दबाकर और फिर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी है। शव छुपाने की नियत से कोयनारा स्थित मसना के पास शव फेंक दिया गया है।

एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कई लोगों को मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की। टीम ने पूछताछ और दर्ज प्राथमिकी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल आरोपित भरत बिझिया को गुमला जिले से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया गया सामान बरामद कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि त्रिपुरा में काम करने के दौरान आरोपित और युवती का जान-पहचान हुई थी। उसी समय से इन दोनों के बीच बातचीत एवं मिलना-जुलना होता रहता था। इसी क्रम में 23 अप्रैल की रात युवती से मिलने के लिए आरोपित भरत आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपित ने सुसंती की हत्या कर दी।

प्रदीप बागची जैसे फर्जी रैयत की तलाश में जुटी ईडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। जमीन हेराफेरी करने और जमीन को अवैध तरीके से बेचने और खरीदने के मामले में अभी तक खबरों की माने तो ये सारा काम तत्कालीन उपायुक्त रांची रहते छवि रंजन के कार्यकाल हुआ है। ईडी ने छवि रंजन के आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की है। बुधवार सुबह को भी ईडी अवैध तरीके से जमीन बेचे जाने के मामले में छापेमारी करती रही। रांची, जमशेदपुर के करीब आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी की रेड किया गया। ठेकेदार बिपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित सत्येंदु अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402 में ईडी की टीम पहुंची तो बिपिन सिंह पूरे परिवार के साथ भाग गया। ईडी ने फ्लैट को सील कर दिया है।

ईडी की टीम ने खेलगांव स्थित गाड़ी गांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के यहां दबिश दी। जमीन घोटाले में मनी लॉड्रिंग की जांच कर रही ईडी बड़गाई अंचल

के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, मो सद्दाम और फर्जी रैयत प्रदीप बागची सहित कुल छह जमीन माफिया को रिमांड पर लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। बता दें कि प्रदीप बागची जैसे कई ऐसे फर्जी रैयत अभी भी हैं जो छिपे हुए हैं।

इन लोगों को जानने की जरूरत है, क्योंकि यह लोग खुद को बंगाली समुदाय से बताते हैं और कई जमीनों का रैयत बताकर उस जमीन पर हेराफेरी करते इस तरह के धंधे मैक्लुस्कीगंज में भी हो रहा है जो एक जांच का विषय है।

झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने महुआ माजी से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के संरक्षक सह राज्य सभ सांसद डॉक्टर महुआ मांजी से मुलाकात कर उसे 19 अप्रैल 2023 को झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ऑटो चालकों का वर्षों से लंबित 5 सूत्री मांग पत्र ज्ञापन दिया गया था, उसी विषय पर डॉक्टर महुआ माजी से भेंट करके अपनी मांगों से संबंधित समस्या निदान हेतु महासंघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा रखा गया ।

जिस पर डॉक्टर महुआ माजी ने महासंघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से बात कर जल्द से जल्द समस्या का निदान हेतु बात कर बताएंगे, ताकि महासंघ के प्रतिनिधि द्वारा बैठक कर समस्या का समाधान निकाला जा सके प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारी सदस्य आनंद वर्मा, रंजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, रांची जिला अध्यक्ष महेश सिंह, महानगर अध्यक्ष बादल थापा ,हटिया स्टेशन मार्ग अध्यक्ष आकाश ठाकुर उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर 29 अप्रैल को

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): इटकी में 35 वां वार्षिक एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 29 अप्रैल को इटकी स्थित मदीना मैरेज हॉल में किया जायेगा। शिविर में रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा व रामगढ़ जिला के हज़ कमिटी एवं प्राईवेट टूर आपरेटर के द्वारा जाने वाले सभी हज़-यात्रियों को आमंत्रित किया गया है। शिविर में हज से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर में महिला हज यात्रियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था अलग से की गयी है। इसके अलावा हज यात्रा पर जाने वालों के लिये फ्री मेडिकल एंड हेल्थ चेकअप का भी व्यवस्था की गयी है। शिविर सुबह 10 बजे से 4-00 बजे तक चलेगा। यह जानकारी बुधवार को हज़ प्रशिक्षण समन्वयक हाजी कैसर आलम ने दी।

सुंदर कुंज लॉज एवं मैरिज हॉल का शुभारंभ

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत बुधवार को सिल्ली बुंडू रोड के समीप सुंदर कुंज लॉज एवं मैरिज हॉल का शुभारंभ पूजा पाठ तथा हवन के साथ संपन्न हुआ। मैरिज हॉल को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मैरिज हॉल के संचालक सुशील कोईरी के द्वारा बताया गया कि यह हॉल सभी सुख सुविधाओं से परिपूर्ण है। यहां पर शादी या अन्य किसी भी प्रकार का समारोह करने पर किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि यह लॉज आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह हॉल इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर मानसिंह महतो, संतोष कोइरी, अनूप कोइरी, अमन कुमार, ललित कोईरी, नीलकंठ कोईरी, घनश्याम कोईरी समेत आसपास के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

हरातु शिव मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्वे पंचायत के हरातु गाँव के शिव मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव पूरे धूमधाम से संपन्न हुआ।

पहला दिन भब्य ढंग से कलश यात्रा गाजे बाजे, ढोल नगाड़ा एवम् शिव भगवान के जयकारे के साथ निकाली गई। दूसरे दिन देव वाहन पूजा एवम भजन कीर्तन, तिसरे दिन हवन के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में नूतन पाहन मुखिया सह अध्यक्ष, डॉक्टर मधुसुदं पाण्डे, ए के मिश्रा , दीपक पांडे, भोला नाथ ठाकुर, अरविंद महतो, मेनका ऊराव, विष्णु मुंडा, सिंधु महतो,दिनेश महतो, राजकिशोर महतो, निखिल महतो इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में जैलेंद्र कुमार भा ज पा के वरिष्ठ नेता, बादल कुमार, कामेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि, पुष्कर शर्मा, राम चरण पाहन, विश्वकर्मा महतो सैकडो व भक्त गण उपस्थित थे।

चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल विश्व गायत्री परिवार व प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वाधान में महादानी मैदान में चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गयी।

यज्ञ स्थल से यजमान डा रमेश प्रसाद गुप्ता सपत्नी की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान मां गायत्री के जयकारा लगाते हुए,एक बनेंगे, नेक बनेंगे,सभ्य बनेंगे, परिवार की शक्ति,नारी शक्ति, हम सुधरेंगे युग सुधरेग, जैसे जयघोषों साथ चल रहे थे। कलश यात्रा महाबीर चौक, जिला परिषद,बाजार टांड़, देवी मंडप चौक, सांई मंदिर रोड होते हुये डुकु तालाब पहुंची। जहां गायत्री परिवार के परमेश्वर साहू, फौजदार पांडेय और राजेश्वर सिंह ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमि, कलश और जल पूजन का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। इसके बाद जल कलश को अपने सिर पर लेकर यज्ञ स्थल पहुंचा। जहां विधि विधान से कलश स्थापना किया गया। कलश यात्रा में बीडीओ डा प्रवीण कुमार, अशोक पंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष वाणी कुमार राय, भीखा उरांव, विश्वनाथ गोप, शशी गोप, जगरनाथ भगत, मुकेश कुमार राव शामिल थे. वहीं महायज्ञ को सफल बनाने में विजय कुमार, लक्ष्मण मंडल, करुणानिधि, मनोज बड़ाईक, अंजू देवी, कमला देवी, चंपू देवी, केशव सहित गायत्री परिवार के लोग सामिल है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष विभा सिंह का निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ की बैठक

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की मांडर शाखा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदया श्रीमती विभा सिंह का निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ सदस्यता अभियान को लेकर आगमन हुआ।उनके साथ बैंक के मुख्य

कार्यपालक पदाधिकारी एवं मांडर शाखा के खाताधारी तथा विभिन्न प्रखंडों के बीसी भी उपस्थित हुए। शाखा प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा निदेशक मंडल के सदस्यों को बुके देकर स्वागत किया गया।शाखा प्रबंधक से अधिकारियों ने शाखा के सभी समस्याओं जैसे कर्मचारियों की कमी, माइक्रो एटीएम, मोबाइल बैकिंग,ग्राहकों की समस्या इत्यादि से अवगत कराया। अध्यक्ष महोदया द्वारा 6 महीने के अंदर सभी समस्याओं का निराकरण करने की बात कही गई।इस मौके पर राजेश तिवारी सेवानिवृत्त प्रबंधक मांडर शाखा सहायक उदेश्वर प्रसाद सिंह, मनीष कुमार दुबे, राजकुमार साहू, बैक के पूर्व कर्मचारी आदम अंसारी, बीसी साबिर अंसारी, हसन अंसारी सहित सभी बैंक मित्र उपस्थित थे।

केंद्र सरकार के विरोध में प्रर्दशन

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम डोरंडा स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा का संकल्प

लिया एवं प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू,रमेश उरांव,अभिषेक साहू,कुमुद रंजन, रंजीत महतो,लालजी प्रसाद ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी की सच्चाई और न्याय की लड़ाई में झारखण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ता और आम आदमी लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश के खिलाफ संविधान की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे,20 हजार करोड़ रुपए का हिसाब देना होगा,घर से तो निकाल दोगे साहिब लेकिन दिल से कैसे निकालोगे, राहुल जी सत्य की लड़ाई में पूरा देश आपके साथ है।हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया एवं साथ ही साथ संकल्प सभा का भी आयोजन किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहाकांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्यता,सदन के अंदर उन्हें बोलने की इजाजत नहीं मिलना और घर से बेदखल करना। इस बात का मजबूत संकेत है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र गंभीर खतरे के दौर से गुजर रहा है। राहुल गांधी लगातार विभिन्न मंचों पर मोदी अडानी के संबंधों पर सवाल उठा रहे हैं और 20 हजार करोड रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें उजागर कर रहे हैं। मोदी द्वारा अपने प्रिय मित्र अडानी की मदद करने के लिए सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ उनकी निडरता और अजेय लड़ाई से कांपते हुए और संसद में उनकी सांठगांठ को उजागर करने के डर से पूरी मोदी सरकार राहुल गांधी की आवाज को चुप कराने के लिए हर हथकंडे,षड्यंत्र एवं कुटिल उपायों का सहारा ले रही है हम इस गलत धारणा और अयोग्यता की कड़ी निंदा करते हैं और इस नेक लड़ाई में राहुल गांधी के साथ शरीर में बहता खून का एक एक कतरा और हर सांस रहने तक राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे। कांग्रेस नेता रमेश उरांव ने कहा राहुल गांधी की आवाज को दबाने की हर संभव कोशिश की जा रही है।विचारों की अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार हो रहे हैं।

गरिमा और हकीकत का ध्यान रख अपनी प्रतिभा को निखारें छात्र-छात्रा : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के करमचंद भगत महाविद्यालय में बुधवार को लगभग साढे 13 करोड़ 49 लाख 25 हज़ार 980 रूपये की लागत से बननेवाले आधुनिक भवन व महाविद्यालय के आधारभूत संरचना के विकास के शिलान्यास का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही और इस बदलते परिवेश का सीधा प्रभाव झारखण्ड पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से अपने क्षेत्र मांडर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, यहाँ विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्रा यदि सचेत नहीं रहे और बदलती हुई परिस्थितियों के अनुरूप अपने-आप

को ढाल नहीं पाये तो इसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ेगा। श्री तिर्की ने आगे कहा कि अपनी परंपरा, गरिमा और सच-झूठ के साथ ही हकीकत का पूरा-पूरा ध्यान रखते हुए सभी छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारना बहुत ज़्यादा जरूरी है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बंधु तिर्की के कार्यकाल और उनकी योजनाओं को जमीनी स्तर पर अमली जामा पहनाने के लिए पूरी तरीके से प्रयासरत हैं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि झारखण्ड के नव निर्माण की जिम्मेदारी केवल किसी एक वर्ग, समुदाय पर नहीं है और ना ही यह केवल नेताओं की जिम्मेदारी है बल्कि झारखण्ड के प्रत्येक नागरिक को अपने प्रदेश के नवनिर्माण में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देना चाहिये। मौके कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजा अजित कुमार, डॉ. दिवाकर मिंज, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, मजकुर आलम सिद्दीकी, के. डी. गुरु, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, पंचू मिंज,रईफुद्दीन मिरदाहा, मीर मुस्लिम, बुधराम लोहरा, सरोज कच्छप, रीना देवी, संजय कच्छप सहित कई लोग उपस्थित थे।

आजसू पार्टी हरातू पंचायत ग्राम कमेटी की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : 26 अप्रैल आजसू पार्टी का हरातू पंचायत में पंचायत प्रभारी जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी की अध्यक्षता में सभी गाँव प्रभारियों का बैठक किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा की खिजरी विधानसभा का विकास आजसू पार्टी ही कर सकती है क्योंकि यहाँ का जनता सड़क,बिजली,पानी समस्याओं से त्रस्त है और खिजरी का विधायक रूपया बनाने में मस्त है इसलिए गाँव टोला से महिला पुरूष को जागरूक कर खिजरी विधानसभा में बदलाव की जरूरत है। बैठक में ग्राम प्रभारी आसाराम

खलारी प्रखंड परिसर में धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : तेल के खेल में चल रहे खलारी थाना प्रभारी के विरुद्ध भरस्टाचार के खिलाफ आंदोलन और तेज हुआ. खलारी प्रखंड परिसर में लगातार दूसरे दिन धरना दे रही भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरोजनी देवी के सपोर्ट में राँची मेसरा से भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष सन्नू देवी एवं महिला सहयोगियों ने धरना स्थल पहुँचकर प्रोत्साहित किया. खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम के खिलाफ

डीजल गबन करने के मामले में चल रही.जांच को त्वरित पारदर्शिता कर लोगो के सामने पुलिस पदाधिकारी के द्वारा किये गए घोटाले लाया जाय. तथा उनपर उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई किया जाय. परन्तु जाँच व तेल का खेल को ठंडा बस्ता में डाला जा रहा है. इसी मामले को लेकर खलारी प्रखंड परिसर में दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा.

कोल इंडिया केंद्रीय कार्यसमिति का सदस्य बने गोल्डन प्रसाद यादव, एनके एरिया के लोगो ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : जनता मजदूर संघ के एनके एरिया अध्यक्ष गोल्टेन प्रसाद यादव को संघ के कोल इंडिया केंद्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है.संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के बाद गोल्टेन प्रसाद यादव दूसरे एसे नेता हैं जिन्हें केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है.इस मौके पर उन्होंने महामंत्री सिद्धार्थ गौतम और कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार

व्यक्त किया है.कहा कि सीसीएल में हमलोग सामुहिक सहयोग से मिशन 5000 हजार सदस्यों की संख्या के मुहिम पर काम कर रहे हैं ऐसे में संगठन द्वारा छोटे कार्यकर्ता को भरोसे का पद से सम्मानित करने से उत्साह बढ़ा है.मौके पर संघ के डीपी सिंह,अजय चौहान, अमिताभ चौहान, संतोष,टुप्पा महतो, रविंद्र उरांव,बिश्राम भगत, तपेश्वर कुमार, शंभू गंझू,गुल्फी देवी, कन्हाई गंझू,रतनवा लोहार,रजमनी देवी, हरजिंद्र कौर, ललीता देवी, सतनामी बाई, मीना देवी,मोहनी देवी आदि ने उन्हें बधाई दिया.

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk,
Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement very Short Notice

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/10/2023-24 Dated 25.04.2023

1-	Name of Work	Consultancy services for preparation of Detailed project report for 4-Lane configuration road for Muri – Rangamati –Rargaon road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs and elevated corridor, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid.
2-	Tentative Length of Work	50.00 KM
3	Work completion time	90 Days
4	Date and Time of Publishing of Tender on official website	27.04.2023, 05.00 PM
5-	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD)	04.05.2023, 12.30 PM
6-	Date and Timing of Bid opening	08.05.2023, 12.30 PM
7-	Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027
8-	Bid Submission Address	Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004
9-	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 295969 (Road)23-24*D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

उपरोक्त सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) थाना काण्ड सं0–337 / 17, दिनांक–14.07.2017 धारा–406 / 420 / 366, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी, पिता–रहमान मियॉ तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी, पे0–जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी दोनों पता–नेउरा, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू के विरूद्व माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी, जे0एम0 III न्यायालय राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri kumar Saurabh Tripathi J.M-III, Ranchi
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED s.Nagar (P)-**337/17 (S)**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

JAMIR @JAMIRRUDDIN ANSARI, S/O RAHMAN MIYAN R/O-NEURA, PS-CHAINPUR, DIST-PLAMU JHARKHAND,

शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)

3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

4. मोकाम।
U/S-406/420/366 IPC — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)

6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — 26--05-2023 ब–तारीख अ–हजुर(6) माह

नालिश–मजकुर

करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह सन
27.03.2023
s/d- Sri kumar Saurabh Tripathi
J.M-III, Ranchi

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी कहीं मिलते / दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक / **Court of Sri kumar Saurabh Tripathi J.M-III, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी, सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) राँची। – 9431706178

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.296011 Police(23-24):D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 06/2023-24/RWD/DALTONGANJ दिनांक :- 25.04.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की अवधि
			अंक में	अक्षर में	
1.	RWD/ DALTONGANJ/ 30/2022-23	एन0एच0–75 चियांकी रोड से बैगा टोला, चन्द्रिका सिंह के घर एवं दशगात्र मण्डप होते हुए अमरेश यादव के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.030 कि0मी0)	1,84,01,775.00	एक करोड़ चौरासी लाख एक हजार सात सौ पचहत्तर रू0 मात्र	12 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **08.05.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **17.05.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **डालटनगंज** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **18.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (18.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **19.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **डालटनगंज** के पक्ष में एवं **डालटनगंज** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 295977 Rural Work Department(23-24).D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 298/RI/2023-24/RWD/KODERMA दिनांक :- 25.04.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
			अंक में	अक्षर में		
1.	RWD/ KODERMA/ 10/SRPKG-01/2022-23	(i) हीरोडीह से सुगासांख भाया रेभनाडीह, कुशाहन तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.850 कि0मी0) (ii) बिरेन्द्र नगर से सुगासांख भाया पपरामो जोरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.600 कि0मी0) (iii) जयनगर थाना मोड़ से उच्च विद्यालय जयनगर पथ की विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.200 कि0मी0) (iv) तिलैया डैम पी0डब्लयू0डी पथ से तितरचांच पिंडरा भाया छोटकी धमराय तक विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.750 कि0मी0) (v) एन0एच0 से पथलगढ़ा पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.300 कि0मी0)	**13,45,61,000.00**	तेरह करोड़ पैंतालीस लाख इकसठ हजार रू0 मात्र	15 माह	द्वितीय
2.	RWD/ KODERMA/ 11/SRPKG-02/2022-23	(i) पुत्तो से पुरनाथाम भाया पुरनाजोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.000 कि0मी0) (ii) एन0एच0 से हरिणो भाया मदनगुण्डी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.000 कि0मी0) (iii) काराखूँट से गड़ियो होते हुए घोड़ाकरण आर0ई0ओ0 तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.000 कि0मी0) (iv) गहराई से इन्दरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.650 कि0मी0) (v) पी0डब्लू0डी0 पथ से कटैया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.500 कि0मी0)	**12,24,79,000.00**	बारह करोड़ चौबीस लाख उनासी हजार रू0 मात्र	15 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **02.05.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **10.05.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **कोडरमा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **11.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (11.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **12.05.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **कोडरमा** के पक्ष में एवं **कोडरमा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 295980 Rural Work Department(23-24).D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, गुरुवार, 27 अप्रैल 2023 | पेज 5

एमएंडएम का ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च

जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत में नंबर 1 पिकअप ब्रांड बोलेरो पिक-अप के निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने आज अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है। नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। इस संबंध में एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा कि मेक इन इंडिया' पहल के लिए गहराई से प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में हम ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं जो न केवल ग्राहक केंद्रित हैं बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वर्सेटाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच जमशेदपुर इकाई की 7वीं ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की पू. सिहभूंम इकाई की गोष्ठी संस्थापक नरेश नाज के संज्ञान में 24 अप्रैल 2023 ऑनलाइन आयोजित किया गया। यह जमशेदपुर इकाई की कार्यकारिणी के गठन के बाद की मासिक सातवीं गोष्ठी रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि डाक्टर सुरिंदर नीलम कौर उपस्थित थी। रामधारी सिंह दिनकर जंयती के अवसर पर इनकी रचना मंच पर सुशोभित रही।विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध मोना बग्गा एवं राँची से रेणू झा रेणू उपस्थित रही। जमशेदपुर इकाई की अध्यक्षा अंकिता सिन्हा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पूनम शर्मा स्नेहिल के बेहतरीन संचालन में कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में सविता सिंह, विंध्यवासिनी तिवारी बिन्नी, पूनम शर्मा स्नेहिल, निवेदिता गार्गी, खुशबू बनवाल सीपी काव्य आदि कवत्रियों की काव्य धारा का प्रवाह निरंतर गीत, गज़लों, क्षणिकाओं, मुक्त छंद, दोहे के रूप में पूरे 1.30 घंटे तक चलता रहा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संग मंत्री व विधायक गण नव दंपति को दिया आशीर्वाद

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): घाटशिला विधायक रामदास सोरेन के द्वितीय पुत्र रोबिन सोरेन के शादी समारोह में बुधवार को घोड़ाबंधा स्थित उनके आवास पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री मिथलेश ठाकुर, मंत्री जोबा मांझी, विधायक सविता महतो, विधायक समीर महंती, विधायक संजीव सरदार आदि पहुंचकर नव दंपत्ति को पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद दिए। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान काफी संख्या में उनके परिजन व लोग उपस्थित थे।

जमशेदपुर में ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ ने अपना पहला एक्सक्लुसिव शोरुम ग्रीनलैम स्टूडियो किया लॉन्च

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): डेकोरेटिव लैमिनेट्स और सरफेसिंग सॉल्यूशंस के अग्रणी निर्माता, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ ने हाल ही में जमशेदपुर में अपना पहला एक्सक्लुसिव ग्रीनलैम स्टूडियो बिंदल मॉल मैरीन ड्राइव, सोनारी में खोला है। 1300 वर्गफीट में फैले इस शोरूम में कंपनी के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला, जैसे ग्रीनलैम लैमिनेट्स, डेकोवुड विनीयर्स, ग्रीनलैम क्लैड्स, मिकासा फ्लोर, और ग्रीनलैम स्टर्डो उपलब्ध होंगे। ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ द्वारा हाई-क्वालिटी सरफेस सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए जाते हैं, जो आवासीय और कमर्शियल स्पेसेज़ का रूप बदलने और खूबसूरती बढ़ाने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। इस एक्सक्लुसिव शोरूम का उद्घाटन नलिन गोयल एंड एसोसिएट्स के मुख्य आर्किटेक्ट, नलिन गोयल ने आर्किटैक्ट्स और इंटीरियर डिज़ाईनर्स की मौजूदगी में किया। स्टोर लॉन्च के अवसर पर सतीश कुमार श्रीवास्तव, असिस्टैंट जनरल मैनेजर, ग्रीनलैम लैमिनेट एंड अलाईड सेल्स, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ ने कहा, 'हमें जमशेदपुर में अपने नए शोरूम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ की अगली बड़ी उपलब्धि है। हमारा नया शोरूम ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। वो हमारे उत्पादों को स्पर्श करके महसूस कर सकेंगे और हमारे जानकार स्टाफ की मदद से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकेंगे।

राशनकार्डधारियों से अपील, छूटे हुए सदस्यों के नाम इन्ट्री करा लें

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी पात्र गृहस्थ परिवारों (PHH) एवं अन्त्योदय परिवारों (AAY) राशनकार्डधारियों से अपील है कि जिनके राशनकार्ड में किसी सदस्य का आधार इन्ट्री नहीं है, वैसे छूटे हुए सदस्य आधार कार्ड के साथ अपने जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास जाकर ई-पॉश मशीन के माध्यम से आधार इन्ट्री करा लेंगे । जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री राजीव रंजन द्वारा जानकारी दी गई कि इस हेतु एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। यदि इस अवधि में आधार इन्ट्री नहीं कराया जाता है तो, कारण दर्शाते हुए ऐसे सदस्यों का नाम पोर्टल से हटाने की कार्रवाई की जायेगी। आधार सिडिंग के क्रम में किसी प्रकार की समस्या आने पर अपने प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/पणन पदाधिकारी से सम्पर्क कर सूचित करेंगे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का यह दायित्व है कि आधार सिडिंग हेतु छूटे हुए सदस्यों की सूची अपने-अपने दुकान में दृष्टिगोचर स्थान पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे ।

प्रखण्ड/नगर निकाय का नाम/प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का मोबाईल नं0- 1.बहरागोड़ा, 9431309542, 2. चाकुलिया एवं चाकुलिया न0पं0, 7717764771, 3. गुड़ाबान्दा, 9431309542, 4. धालभूमगढ़, 9304471566, 5. घाटशिला, 9304471566, 6. डुमरिया, 8210945865, 7. मुसाबनी, 8409486881, 8. पोटका, 7903228840, 9. पटमदा, 9304386961, 10. बोड़ाम, 9304386961, 11. जमशेदपुर अक्षेस, 8987587776, 12. गोलमुरी-सह-जुगसलाई, 9971289957, 8210355096, 13. मानगो अक्षेस, 7488582518, 14. जुगसलाई नगरपालिका, 9142787073.

जमशेदपुर अंडर-15 बना जेएसडब्ल्यू यूथ कप का चैंपियन, फाइनल में बेंगलुरु को 6-0 से हराया

अक्षय दास को मिला बेस्ट कोच अवॉर्ड और 6 गोल दागने वाले लॉमसांगजुआला बने टॉप स्कोरर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : कर्नाटक के बेल्लारी के जेएसडब्ल्यू विद्यानगर ग्राउंड में खेले गए फाइनल में आज जमशेदपुर एफसी की अंडर15 टीम ने बेंगलुरु एफसी को 6-0 से हराकर जेएसडब्ल्यू यूथ कप 2023 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम के मुख्य कोच अक्षय दास ने जमशेदपुर एफसी लाइनअप को उनकी पूरी ताकत के साथ मैदान पर उतारा। जेम्स चोंगलोई, रेयान सी और लॉमसंगजुआला सभी टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थे और इन सभी ने फाइनल में बेंगलुरू एफसी के खिलाफ शुरुआत की थी। पहला गोल मैच के 40वें मिनट में आया जब शगोलसेम राशिथोई मीठेई ने जगह बनाई और गोलकीपर के पास से एक शॉट दागकर अपनी टीम को

बढ़त दिलाई। मिडफील्डर और अटैकर्स बहुत खतरनाक दिख रहे थे और हाफ टाइम ब्रेक से ठीक पहले दूसरा गोल कर दिया। 48वें मिनट में फॉर्म में चल रहे जेम्स थोंगमिन चोंगलोई ने कीपर को छकाते हुए टीम को 2- 0 आगे कर दिया। लॉमसंगजुआला ने 61वें मिनट में शानदार फिनिश के साथ स्कोर 3-0 कर दिया. इसके बाद रेयान सी ने भी स्कोरिंग शीट में भी प्रवेश किया और पांच मिनट बाद ही स्कोर 4-0 कर दिया। खेल का फैसला पहले ही हो चुका था और विरोधी टीम हार मान चुकी थी. रेयान सी ने 72 वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया. जमशेदपुर के खिलाड़ियों ने एक और गोला किया. 94वें मिनट में लॉमसांगजुआला ने गोल करके टीम की ऐतिहासिक जीत दर्ज कर दी। निराश बेंगलुरू के खिलाड़ी अंतिम सीटी बजने का इंतजार कर रहे थे और जब मैन ऑफ स्टील के इस खिलाड़ी ने जमशेदपुर एफसी के पक्ष में स्कोर 6-0 कर दिया। अंडर13 की टीम के सेमीफाइनल में हार के बाद अंडर15 की टीम ने फाइनल जीत कर उनके गम को भुलाने की कोशिश की। जमशेदपुर एफसी की अंडर 15 टीम ने जेएसडब्ल्यू यूथ कप ट्रॉफी उठाई और जमशेदपुर और झारखंड के खेलप्रेमियों को गौरवान्वित किया। बेस्ट कोच का अवॉर्ड अक्षय दास और 6 गोल दागने वाले लॉमसांगजुआला को टॉप स्कोरर से सम्मानित किया गया।

नगर विकास व आवास विभाग द्वारा बनाई गई सड़क एक साल में ही तोड़ने लगी दम

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड दो व तीन में विगत वर्ष 2022 में 4 करोड़ 94 लाख 63 हजार 884 रुपए की लागत से बनी सड़क एक वर्ष बाद ही टूटना प्रारम्भ हो गया है। गौरतलब है कि वार्ड दो के केंदुगाछ से वार्ड तीन के सापड़ा मुख्य मार्ग तक के इस सड़क के चौड़ीकरण तथा मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास विगत वर्ष 25 मार्च%2022 को नगर निगम के मेयर विनोद श्रीवास्तव तथा उप मेयर अमित सिंह द्वारा किया गया था। किन्तु, सड़क निर्माण में बरती गई अनियमितता के कारण एक वर्ष बाद ही इसकी मजबूती की झलक दिखाई देने लगी है। कई जगहों पर सड़क टूटनी प्रारम्भ हो गई है तथा कई जगहों पर या तो दरारें आनी शुरू हो गई या सड़कों में गड्ढे बनने शुरू हो गए हैं। इससे लोगों में रोष व्याप्त है तथा सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के दौरान नगर निगम के किसी पदाधिकारी या जन प्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता की जांच नहीं की गई जिसके परिणामस्वरूप एक साल बाद ही सड़क टूटनी शुरू हो गई है।

जिले के 5 पीडीएस दुकानों का लाइसेंस रद्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जिले की उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले भर के जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण जिला स्तर के पदाधिकारियों, बीडीओ, सीओ, कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा पिछले 11 मार्च को किया गया था । जन वितरण प्रणाली की दुकान के संबंध में आवंटित राशन सामग्री की मात्रा के अनुसार लाभुकों के बीच वितरण नहीं करने की शिकायत मिल रही थी तथा विभाग द्वारा जारी आदेश का अनुपालन कई पीडीएस दुकानदारों द्वारा नहीं किया जा रहा था। इन शिकायतों के जांचोपरांत 5 दुकानदारों का लाइसेंस रद्ध करने की कार्रवाई की गई है । रद्द किए गए जनवितरण प्रणाली विक्रेंताओं में गुड़ाबांदा प्रखंड के भीम बास्के, अनुज्ञप्ति संख्या 02/2001, पोटका में महिला विकास समिति, अनुज्ञप्ति संख्या 03/201, बोड़ाम प्रखंड में दुबराजपुर महिला समूह, अनुज्ञप्ति संख्या 09/2009, मुसाबनी के अरशद आलम, अनुज्ञप्ति संख्या 13(॥)/2017 तथा जमशेदपुर अक्षेस में पीडीएस डीलर रामरतन साहू, अनुज्ञप्ति संख्या 178॥/2007 शामिल हैं ।

रांची में आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल हुए पू. सिंहभूम जिला के कांग्रेस जन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर/रांची : झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में राँची के मोहराबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में पार्टी के नेताओं ने उपवास रखा। जमशेदपुर से प्रातः 8 बजे उपायुक्त कार्यालय के समक्ष से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागण के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसजनों का काफिला राँची के लिए रवाना हुआ। राँची में

आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर का जोरदार उपस्थिति जिला कांग्रेस ने दर्ज कराया। प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में शामिल होने वाले पदाधिकारी एवं नेताओं में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, एल बी सिंह, भारतयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, गुरदीप सिंह, मनोज झा, शशी सिन्हा, संजय तिवारी, रवि दुबे, जीसी महंती, कैलाश रजक, प्रभात ठाकुर, अखिलेश सिंह, लव कुमार निराला, मो अख्तर, राकेश जयसवाल, संजीव झा, जीतू सिंह, दिनेश पोद्दार, जितेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, अगस्तिन विल्सन, अशोक सिंह क्रांतिकारी, मो अख्तर, हन्ने, अविनाश सिंह, नलनी सिन्हा, ज्योति मिश्रा, एडवोकेट संजय प्रसाद, भरत सिंह, आशीष ठाकुर, चंदन यादव, रानी राव, दिबेश राज, रंजीत झा, सलीम खान, सन्नी सिंह, जसवंत सिंह जस्सी सहित सैकडों कांग्रेसजन शामिल हुए।

पेयजलापूर्ति योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

जिले के खराब पड़े एक हजार चापाकल जल्द दुरस्त का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष मे उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में बुधवार को पेयजलापूर्ति को लेकर एक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु किए जा रहे कार्य एवं संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की सर्वप्रथम समीक्षा की। इसी क्रम उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सम्बन्धित अभियंताओं के साथ समन्वय स्थापित कर जिन गांवों में चालू स्थिति में एक भी चापाकल नहीं हैं, उन्हें चिन्हित करें। साथ ही यथाशीघ्र उनकी मरम्मती करवाएं।

उपायुक्त ने कहा जिले में 1000 चापाकल रॉटेन राइजर पाइप लाइन के कारण खराब पड़े है। जिनके मरम्मती हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर चापाकल मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु टैंकर के माध्यम जलापूर्ति किए जा रहे हैं, जो पर्याप्त मात्रा में नहीं है। संबंधित विभागीय पदाधिकारी ऐसे क्षेत्र को चिन्हित कर पेयजल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में खराब चापानलों की मरम्मत हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के देख रेख में टीम बनाई गई है। यह टीम निर्धारित तिथि अनुसार पंचायतों का भ्रमण कर खराब पड़े चापाकल की मरम्मती सुनिश्चित करेंगे। गर्मी एवं भीषण धूप में किसी भी परिवार को पेयजल की समस्या का सामना ना करना पड़े यह सुनिश्चित करने का उन्होंने निर्देश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, सभी नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, पेयजल स्वच्छता विभाग सरायकेला-आदित्यपुर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य रुकवा कर मांगा 20 हजार रंगदारी, थाना में शिकायत दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : आदित्यपुर थाना अंतर्गत नगर निगम के वार्ड संख्या एक स्थित सापड़ा गांव में प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य रुकवा कर 20 हजार रुपए रंगदारी मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत उक्त गांव निवासी भुक्तभोगी मकडू मंडल द्वारा उसी गांव के युवक जोगेंद्र उर्फ जग्गू मंडल के खिलाफ आदित्यपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वह अत्यंत गरीब है और झोपड़ी में रह रहा है। इस कारण सरकार से उसे उसकी पत्नी के नाम पर अपनी जमीन पर पीएम आवास बनाने हेतु सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है जिससे वह निर्माण कार्य कर रहा है।

बताया गया है कि आवास निर्माण कराने से पूर्व छत की ढलाई से पहले जोगेंद्र मंडल उर्फ जग्गू नामक व्यक्ति द्वारा उसके काम मे अड़ंगा लगाते हुए उससे रंगदारी की मांग की गई है। लिखित शिकायत के माध्यम से बताया गया है कि रंगदारी मांगने वाले व्यक्ति ने पैसे नहीं देने पर नगर निगम से भी मिलने वाले पैसे को रुकवाने की बात कही गई। फिलहाल लिखित शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मां तुझे सलाम के प्रयास से खासमहल प्राथमिक विद्यालय में हुआ जल मीनार का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मां तुझे सलाम संस्था के प्रयास से खासमहल प्राथमिक विद्यालय में आज सोलर जल मीनार का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में जमशेदपुर प्रखंड की प्रमुख पानी सोरेन, मुखिया जोबा मांडी, पंचायत समिति सदस्य दासमती सुंडी, देवाशीष मांडी, रैना पूर्ति ,मनोज यादव, स्कूल की प्रधानाध्यापक ममता, शिक्षिका सरस्वती, बच्चे एवं मां तुझे सलाम संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान उपस्थित थे। यह योजना पंचायत समिति सदस्य के द्वारा 4,24,800 के राशि से जल मीनार का निर्माण किया जाएगा। स्कूल के बच्चे एवं शिक्षकों ने मां तुझे सलाम संस्था के अध्यक्ष को स्कूल में पानी की समस्या से

अवगत कराया था। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान ने संबंधित पदाधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन दिया था। इस कार्य के लिए स्कूल के बच्चे एवं शिक्षकों ने जमशेदपुर के प्रमुख पानी सोरेन ,मुखिया, पंचायत समिति एवं संस्था के अध्यक्ष का आभार प्रकट किया।

कुचाई में 16 प्रहर हरि संकिर्त्तन संपन्न, उमड़े श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड के अंतर्गत कंजाडीह,बालिजुडीह गांव में श्री श्री राधा गोविंद हरि संकीर्तन समिति के द्वारा पारंपरिक विधि विधान के तहत आयोजित दिन-रात्रि 16 प्रहर राधा गोविंदय अखंड जुगल नाम हरि संकीर्तन संपन हो गई। गंधाधिवास के साथ शुरू हुआ संकीर्तन महायज्ञ में कंजाडीह, बालजुडी सहित विभिन्न गांवो से सैकडों की संख्या में श्रद्वालु पहुचे। इस दौरान खरसावां विधानसभा के विधायक दशरथ गागराई ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की

खुशहाली की कामना की। संकीर्तन में मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई, बीएचपी जिला उपाध्यक्ष शीतल साहू दुर्गामणि आरोग्य नर्सिंग होम के स्थापक पंकज प्रधान शिक्षक दीनबंधु सिंह पात्र, मनोज कुराल, त्रिलोचन नायक,गोवर्धन नायक, गोपीनाथ नायक, जयंत कर, रजनीकांत सिंहदेव, खिरोद सिंहदेव कालीचरण जेना,रंजीत कुराल देव कुमार नायक तरणी कुराल कार्तिक जेना आदि उपस्थित थे।

शकुंतला हिन्दी साहित्य व सांस्कृतिक दर्पण के बैनर तले तुलसी भवन में कवि सम्मेलन 29 अप्रैल को

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : तुलसी भवन में शकुंतला हिन्दी साहित्य एवं सांस्कृतिक दर्पण के बैनर तले आगामी 29 अप्रैल को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे कर्नल आर पी सिंह अध्यक्ष, पूर्व सैनिक समाज कल्याण संघ सह झारखंड पेंशनर कल्याण महासंघ। भारत के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी द्वारा 1978 में सम्मानित और दो सेनाध्यक्षों द्वारा कोम्मेंडेशन कर्ड से भी सम्मानित,

जबकि उद्घाटनकर्ता भगवान सिंह प्रधान सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं मानगो गुरुद्वारा होंगे। विशिष्ट अतिथि में उषा सिंह सामाजिक एवम पर्यावरण सुरक्षा में सक्रिय, अरविंद कुमार राष्ट्रपति पदक प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक झारखंड पुलिस, विजय सिंह राणा अध्यक्षत यूपी संघ (मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल), गुरदीप सिंह पप्पू संरक्षक सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सह अध्यक्ष पैगाम ए अमन, प्रसेनजीत तिवारी मानद महासचिव तुलसी भवन जमशेदपुर, एजाज अहमद समाजसेवी जमशेदपुर होंगे।कविगण में कुमार संजय, नवीन अग्रवाल, सरोज झारखंडी। नीतू सिन्हा, मीना बंधन, रेणु झा रेणुका, अंकिता सिन्हा, पूनम शर्मा स्नेहदिल। रूबी लक्ष्मी सिंह, चंदन प्रजापति, हर्षित राजवीर अपनी-अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

जंगल के अंदर नाले के पास चल रही अवैध भट्टी को ईचागढ़ पुलिस ने किया ध्वस्त, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : जिला के उत्पाद व जिला के पुलिस इन दिनों अबैध शराब के खिलाफ काफी सख्त नजर आ रहे हैं। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के झाड़ूवा जंगल के सीतानाला में बुधवार को ईचागढ़ पुलिस द्वारा दो अवैध देसी महुआ शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं करीब पांच सौ किलो जावा महुआ को भी विनष्ट कर दिया गया। गुप्त सुचना पर ईचागढ़ पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी किया । छापेमारी के दौरान एक सुनसान जगह पर जंगल में अवैध शराब भट्टी चलाते हुए मिल गया। पुलिस को देखते ही

शराब माफिया मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने बताया कि जंगल के अंदर नाले के पास अवैध भट्टी को नष्ट कर दिया गया । उन्होंने कहा की भट्टी में प्रयुक्त हंडी ड्रम आदि को जप्त कर शराब भट्टी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

संपादकीय

पंजाब नहीं बनेगा 'खालिस्तान'

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह अब जेल में है। यही उसकी नियति थी। गिरफ्तारी से पहले 35 लगातार दिनों तक वह पंजाब के बाहर हरियाणा, उत्तराखंड, उप्र और दिल्ली के गुरुद्वारों में छिपता रहा, लेकिन उसका नेटवर्क, संगठन छिन्न-भिन्न हो रहा था। सभी खास साथी जेल के भीतर पहुंच चुके थे। अमृतपाल समेत अधिकतर साथियों को 'रासुका' में कैद किया गया है। 'देशद्रोह' और 'शांति भंग करने' आदि के कानून भी लगाए गए हैं। कमोबेश एक साल तक तो उनकी जमानत की सुनवाई तक नहीं होगी। इन कथित देशद्रोहियों की अंतिम परिणति क्या होगी, अभी से अनुमान मुश्किल है, लेकिन वे अपने जीवन के 'नरक' में पहुंच चुके हैं, यह तय है। अमृतपाल की धरपकड़ मोगा जिले के रोडे गांव के गुरुद्वारे के बाहर हुई। यह खालिस्तान आंदोलन के स्वयंभू रहे जरनैल सिंह भिंडरावाले का पुश्तैनी गांव है। यहीं अमृतपाल ने खुद को 'वारिस पंजाब दे' संगठन का प्रमुख घोषित कराया था और एक बड़े जन-समूह को संबोधित भी किया था। गिरफ्तारी से पहले भी अमृतपाल ने गुरुद्वारे में संगत को संबोधित किया था, लेकिन उसने खुद को 'योद्धा' के तौर पर पेश किया था। बहरहाल भिंडरावाले की 'छाया' होने की उसकी अरदास जरूर पूरी हुई, लेकिन गिरफ्तारी के दौरान उसके समर्थन में न तो एक आवाज गूंजी और न ही कोई समर्थक मौजूद रहा। अमृतपाल पूरी तरह अकेला था। उसने जो हथियारबंद जत्थे तैयार किए थे, पाकिस्तान से जो फंडिंग और हथियार हासिल किए थे और खालिस्तान के नाम पर जिस जन-समूह को जोडने की साजिशें रच रहा था, वे सभी गायब रहे। अमृतपाल खाली हाथ था। पंजाब बिल्कुल शांत रहा। किसी भी कोने से आंदोलन या विरोध का एक भी स्वर नहीं उभरा। पत्नी को लंदन जाने से रोक दिया गया। अब वह अमृतपाल के मां-बाप के साथ हैं। एजेंसियां इतनी जल्दी मुक्त नहीं करेंगी। बेहतर है कि खालिस्तान समर्थकों और खाडकुओं को असम की डिब्रूगढ़ जेल में कैद किया गया है, क्योंकि खालिस्तानी साजिशों के कुछ इनपुट खुफिया एजेंसियों को मिल रहे हैं। वे पंजाब को बिल्कुल शांत, स्थिर, खुशहाल देखने की पक्षधर हैं। अब आईबी, रॉ आदि खुफिया एजेंसियों की टीमें डिब्रूगढ़ जेल में ही अमृतपाल से पूछताछ करेंगी और उसके नापाक गठजोड़ और मंसूबों के खुलासे जानने की कोशिश करेंगी। दरअसल अमृतपाल दुबई में ट्रक ड्राइवर था। उसने 'वारिस पंजाब दे' के जरिए खालिस्तान का आंदोलन दोबारा उभारने का मुगालता पाल लिया था, लेकिन आज उसे एहसास हो गया होगा कि पंजाब हिंदुस्तान का अभिन्न हिस्सा है। सिख भारत के लिए मरने-मारने को तैयार हैं। इस देश में उसके रोजी-रोटी और बेटी के संबंध हैं, लिहाजा खालिस्तान की कोई गुंजाइश नहीं है। सिखों का ऐसा भद्दा और धोखेबाज का इतिहास नहीं रहा है। सिखों के प्रथम गुरु नानकदेव जी हमारे भक्तिकालीन संत शिरोमणि, कवि, विचारक कबीरदास के समकालीन थे। आज अमृतपाल के भीतर ही मोहभंग की स्थितियां पैदा हो रही होंगी कि आखिर उसने यह खंडित, अलगाववादी रास्ता क्यों चुना? अमृतपाल विदेशी चंदे और कट्टरपंथी सोच के नौजवानों के जरिए आनंदपुर खालसा फोर्स बनाने लगा था। भिंडरावाला दमदमी टकसाल का प्रमुख था, लिहाजा पंजाब के एक वर्ग में लोकप्रिय भी था, पर अमृतपाल की स्थिति और स्वीकार्यता ऐसी नहीं थी, लिहाजा बड़ी खामोशी के साथ उसे जेल तक भेजा जा सका है।

'देशद्रोह' और 'शांति भंग करने' आदि के कानून भी लगाए गए हैं। कमोबेश एक साल तक तो उनकी जमानत की सुनवाई तक नहीं होगी। इन कथित देशद्रोहियों की अंतिम परिणति क्या होगी, अभी से अनुमान मुश्किल है, लेकिन वे अपने जीवन के 'नरक' में पहुंच चुके हैं, यह तय है। अमृतपाल की धरपकड़ मोगा जिले के रोडे गांव के गुरुद्वारे के बाहर हुई। यह खालिस्तान आंदोलन के स्वयंभू रहे जरनैल सिंह भिंडरावाले का पुश्तैनी गांव है। यहीं अमृतपाल ने खुद को 'वारिस पंजाब दे' संगठन का प्रमुख घोषित कराया था और एक बड़े जन–समूह को संबोधित भी किया था। गिरफ्तारी से पहले भी अमृतपाल ने गुरुद्वारे में संगत को संबोधित किया था, लेकिन उसने खुद को 'योद्धा' के तौर पर पेश किया था। बहरहाल भिंडरावाले की 'छाया' होने की उसकी अरदास जरूर पूरी हुई, लेकिन गिरफ्तारी के दौरान उसके समर्थन में न तो एक आवाज गूंजी और न ही कोई समर्थक मौजूद रहा। उसने जो हथियारबंद जत्थे तैयार किए थे, पाकिस्तान से जो फंडिंग और हथियार हासिल किए थे और खालिस्तान के नाम पर जिस जन–समूह को जोडने की साजिशें रच रहा था, वे सभी गायब रहे।

अमृत कलश

महापुण्य उपकार है, महापाप अपकार

परोपकार -पर उपकार का अर्थ है- 'दूसरों के हित के लिये।' परोपकार मानव का सबसे बड़ा धर्म है। स्वार्थ के दायरे से निकलकर व्यक्ति जब दूसरों की भलाई के विषय में सोचता है, दूसरों के लिये कार्य करता है। इसी को परोपकार कहते हैं। भगवान सबसे बड़ा परोपकारी है जिसने हमारे कल्याण के लिये संसार का निर्माण किया। प्रकृति का प्रत्येक अंश परोपकार की शिक्षा देता प्रतीत होता है। सूर्य और चांद हमें जीवन प्रकाश देते हैं। नदियाँ अपने जल से हमारी प्यास बुझाती हैं। गाय भैंस हमारे लिये दूध देती हैं। बादल धरती के लिये झूम कर बरसता है। फूल अपनी सुगन्ध से दूसरों का जीवन सुगन्धित करते हैं। परोपकार दैवी गुण है। इंसान स्वभाव से परोपकारी है। किन्तु स्वार्थ और संकीर्ण सोच ने आज सम्पूर्ण मानव जाति को अपने में ही केन्द्रित कर दिया है। मानव अपने और अपनों के चक्कर में उलझ कर आत्मकेन्द्रित हो गया है। उसकी उन्नति रुक गयी है। अगर व्यक्ति अपने साथ साथ दूसरों के विषय में भी सोचे तो दुनिया की सभी बुराइयाँ, लालच, ईर्ष्या, स्वार्थ और वैर लुप्त हो जायें। महर्षि दधीचि ने राजा इन्द्र के कहने पर देवताओं की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी।

बोध कथा

भगवान बचायेगा

एक समय की बात है किसी गाँव में एक साधु रहता था, वह भगवान का बहुत बड़ा भक्त था और निरंतर एक पेड़ के नीचे बैठ कर तपस्या किया करता था। उसका भगवान पर अटूट विश्वास था और गाँव वाले भी उसकी इज्जत करते थे। एक बार गाँव में बहुत भीषण बाढ़ आ गई। चारो तरफ पानी ही पानी दिखाई देने लगा। सभी लोग अपनी जान बचाने के लिये ऊँचे स्थानों की तरफ बढ़ने लगे। जब लोगों ने देखा कि साधु महाराज अभी भी पेड़ के नीचे बैठे भगवान का नाम जप रहे हैं तो उन्हें यह जगह छोड़ने की सलाह दी। पर साधु ने कहा- तुम लोग अपनी जान बचाओ मुझे तो मेरा भगवान बचायेगा। धीरे-धीरे पानी का स्तर बढ़ता गया , और पानी साधु के कमर तक आ पहुंचा , इतने में वहां से एक नाव गुजरी। मल्लाह ने कहा, "हे साधू महाराज ! आप इस नाव पर सवार हो जाइए ।मैं आपको सुरक्षित स्थान तक पहुंचा दूंगा।" "नहीं, मुझे तुम्हारी मदद की आवश्यकता नहीं है , मुझे तो मेरा भगवान बचायेगा ।", साधु ने उत्तर दिया। नाव वाला चुप-चाप वहां से चला गया। कुछ देर बाद बाढ़ और प्रचंड हो गयी, साधु ने पेड़ पर चढ़ना उचित समझा और वहां बैठ कर ईश्वर को याद करने लगा। तभी अचानक उन्हें गड़गड़ाहट की आवाज़ सुनाई दी। एक हेलिकोप्टर उनकी मदद के लिये आ पहुंचा, बचाव दल ने एक रस्सी लटकाई और साधु को उसे जोर से पकड़ने का आग्रह किया। पर साधु फिर बोला, "मैं इसे नहीं पकड़ूंगा, मुझे तो मेरा भगवान बचायेगा।" उनकी हठ के आगे बचाव दल भी उन्हें लिये बगैर वहां से चला गया। कुछ ही देर में पेड़ बाढ़ की धारा में बह गया और साधु की मृत्यु हो गयी।

पिछले वर्ष 683.7 अरब डालर की तुलना में, इस वर्ष 767.0 अरब डालर रह सकते हैं

दो ट्रिलियन निर्यात की बड़ी छलांग

डा. अश्विनी महाजन

देश में अभी तक निर्यातों के ढुलमुल प्रदर्शन के चलते, कई विशेषज्ञ इस बड़े लक्ष्य के बारे में शंका व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन साथ ही साथ देश में विशेषज्ञों का एक बड़ा वर्ग इस लक्ष्य को असाध्य नहीं मान रहा। बल्कि कुछ लोगों का तो यह भी मानना है कि देश इससे कहीं ज्यादा प्राप्त कर सकता है। दोनों पक्षों के क्या तर्क हैं, इसे समझना होगा। आज से दस साल पहले 2012–13 में भारत के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात मात्र 452 .3 अरब डालर के ही थे। 2012–13 के बाद हमारे आयात तो द्रुत गति से बढ़ते गए, लेकिन निर्यातों के बढने की गति धीमी रही। 2021–22 में हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात हालांकि 683 .7 अरब डालर तक पहुंच गए थे, लेकिन आयात 766 अरब डालर पहुंच गए।

मार्च 31, 2023 को घोषित विदेश व्यापार नीति के अनुसार वर्ष 2030 तक 2000 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात शामिल हैं। देश में अभी तक निर्यातों के ढुलमुल प्रदर्शन के चलते, कई विशेषज्ञ इस बड़े लक्ष्य के बारे में शंका व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन साथ ही साथ देश में विशेषज्ञों का एक बड़ा वर्ग इस लक्ष्य को असाध्य नहीं मान रहा। बल्कि कुछ लोगों का तो यह भी मानना है कि देश इससे कहीं ज्यादा प्राप्त कर सकता है। दोनों पक्षों के क्या तर्क हैं, इसे समझना होगा। आज से दस साल पहले 2012-13 में भारत के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात मात्र 452.3 अरब डालर के ही थे। 2012-13 के बाद हमारे आयात तो द्रुत गति से बढ़ते गए, लेकिन निर्यातों के बढने की गति धीमी रही। 2021-22 में हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात हालांकि 683.7 अरब डालर तक पहुंच गए थे, लेकिन आयात 766 अरब डालर पहुंच गए। लेकिन हालांकि आयात इस वर्ष 882 अरब डालर तक पहुंच सकते हैं, लेकिन वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि निर्यात भी पिछले वर्ष 683.7 अरब डालर की तुलना में, इस वर्ष 767.0 अरब डालर रह सकते हैं। यह सही है कि पिछले 10 वर्षों में वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात बहुत तेजी से नहीं बढ़े। लेकिन पिछले साल वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात 11.3 प्रतिशत की दर से बढ़ गए। यानी कुछ समय पहले जो 2030 में निर्यातों का 1000 अरब डालर का लक्ष्य भी अभेद्य लग रहा था, 2023 में 2000 अरब डालर का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु देश को निर्यातों के बढने की गति को मात्र 14.81 प्रतिशत ही रखना होगा, जो कि पिछले वर्ष में निर्यातों की ग्रोथ से बहुत ज्यादा नहीं है। आज जब भारत समेत दुनिया के सभी मुल्क बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं, भारत में महंगाई की दर शेष दुनिया से अभी भी कम है। भारत लगातार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। बढ़ती ग्रोथ का असर जीएसटी की प्राप्तियों में दिखाई दे रहा है। हालांकि जीएसटी प्राप्तियों में बड़ा हिस्सा आयात शुल्कों का है, लेकिन मध्यवर्ती वस्तुओं के आयातों पर मूल्य संवद्र्धन भी जीएसटी में वृद्धि का कारण बन रहा है। यानी ग्रोथ हो या महंगाई पर अंकुश, सभी देश की बढ़ती निर्यात संभावनाओं की ओर इंगित कर रहे हैं। यह भी सही है कि दुनिया में चल रही मंदी और महंगाई के कारण घटती क्रय शक्ति के चलते निर्यातों में वृद्धि करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उसके बावजूद भारत के सेवाओं और वस्तुओं के निर्यातों में हो रही वृद्धि विशेष महत्व रखती है। देखना होगा कि भारत के निर्यातों में कहां ज्यादा वृद्धि हो रही है। खाद्य पदार्थों के निर्यात में वृद्धि का कुल निर्यातों में विशेष योगदान है। 2021-22 में 50 अरब डालर से अधिक खाद्य निर्यात किए गए। 2022-23 के आंकड़े आना अभी बाकी हैं, लेकिन अभी भी खाद्य निर्यातों में कुल निर्यातों में खासा योगदान बना हुआ है। निर्यातों में वृद्धि में प्रतिरक्षा निर्यातों का बड़ा योगदान दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि अभी तक भारत प्रतिरक्षा के क्षेत्र में आयातों पर ही अधिक निर्भर रहा है। लेकिन प्रतिरक्षा उद्योग में हुई प्रगति और विशेष तौर पर निजी क्षेत्र के प्रतिरक्षा उद्योग में बढ़ते योगदान के चलते देश न केवल प्रतिरक्षा में उपकरणों में आत्मनिर्भर हुआ है, बल्कि इस उद्योग का निर्यातों में भी योगदान बढ़ा है। एक ओर जहां देश अपनी प्रतिरक्षा जरूरतों का 70 प्रतिशत आयातों से प्राप्त करता था, अब मात्र 32 प्रतिशत उपकरणों के लिए ही आयातों पर निर्भर करता है और 68 प्रतिशत प्रतिरक्षा खरीद भारत से हो रही है। पिछले 6 वर्षों में प्रतिरक्षा निर्यातों में 10 गुणा से ज्यादा वृद्धि, भविष्य में इस क्षेत्र के निर्यातों की संभावना को इंगित करती है। गौरतलब है कि 2016-17 में प्रतिरक्षा निर्यात मात्र 1521 करोड़ रुपए के थे, जो 2022-23 में बढक़र 15920 करोड़ रुपए तक पहुंच चुके हैं। कहा जा सकता है कि भारत का प्रतिरक्षा उद्योग एक ओर विदेशी मुद्रा बचा रहा है और दूसरी ओर विदेशी मुद्रा कमा भी रहा है। बढ़ते विदेशी आर्डरों से प्रतिरक्षा उद्योग में काफी स्पंदन दिखाई दे रहा है। सेवा क्षेत्र में भारत का परचम पिछले 30 वर्षों से लहरा ही रहा है, लेकिन वर्तमान काल में उसका महत्व और बढ़ गया है। 5 वर्षों में ही हमारे सेवाओं के निर्यात 2016-17 में 164.2 अरब डालर से बढ़ते हुए 2021-22 तक 254.5 अरब डालर तक पहुंच गए थे। वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों में ये निर्यात 296.9 अरब डालर तक पहुंच चुके हैं और अनुमान है कि 2022-23 के पूर्ण वर्ष के लिए यह आंकड़ा 325 अरब डालर पार कर सकता है। खास बात यह है कि इन निर्यातों में आधे से ज्यादा हिस्सा सॉफ्टवेयर निर्यातों का है। इसके अलावा देश बड़ी मात्रा में बीपीओ, एलपीओ समेत कई प्रकार की व्यावसायिक सेवाओं का भी निर्यात कर रहा है। देश की सॉफ्टवेयर में प्रगति ने चीन समेत अन्य मुल्कों को भी पीछे छोड़ दिया है। दुनिया के कई मुल्क भारत से आयात करना चाहते भी थे तो भी वे पूर्व में डॉलरों के अभाव के चलते आयात नहीं कर पाते थे। लेकिन हाल ही में भारत सरकार ने एक पहल की और भारतीय रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र के माध्यम से आयात और निर्यात के लिए अंतरराष्ट्रीय भुगतान निपटारों को रुपयों में करने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके बाद दिसंबर में पहली बार रूस के साथ व्यापार का भुगतान रुपयों में करने की शुरुआत हो चुकी है। अभी तक भारत सरकार के प्रयासों से इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, जर्मनी, मलेशिया, इजराइल, रूस और युनाईटेड अरब अमीरात समेत 19 देशों के बैंकों को 'स्पेशल वोस्त्रो रूपी एकाउंट' खोलकर रुपयों में भुगतान निपटारे करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। ऐसा माना जा रहा है कि रुपयों में भुगतान होने के कारण जहां पहले आयात के लिए डॉलर, पाउंड, येन इत्यादि का उपयोग होता था, वे भुगतान रुपयों में होने लगेंगे। इन 19 मुल्कों के साथ अभी भी काफी बड़ी मात्रा में आयात और निर्यात होता है, रुपयों में भुगतान के चलते इन मुल्कों के पास भारतीय रुपए का स्टॉक बढ़ेगा और वे भारत से ज्यादा सामान आयात कर सकेंगे। पूर्व में भारतीय साजो-सामान दुनिया के दूसरे मुल्कों की तुलना में महंगा माना जाता था, उसका कारण था हमारी इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी।

भारतीय संगीत परंपरा एवं सुरों के राजन

भारतीय संगीत की इस महान घराना परम्परा को विभिन्न गायकों एवं वादकों ने अपनी कला साधना एवं तपस्या से भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा है। बीसवीं शताब्दी में कुछ ऐसे ही महान गायक हुए हैं जिनमें हम संगीत सम्राट तानसेन जैसे संगीतज्ञ का अक्स देखने की परिकल्पना करते हैं। इन गायकों में अब्दुल करीम खान, सवाई गंधर्व, गंगू बाई हंगल, फैयाज खान, अमीर खां साहब, डीवी पलुस्कर, केसरबाई केरकर, मोगुबाई कुर्डीकर, हीरा बाई बड़ोदकर, विनायक राव पटवर्धन, नारायण राव व्यास, पण्डित ओमकार नाथ ठाकुर, पण्डित दिलीप चन्द्र बेदी, कुमार गंधर्व, मल्लिकार्जुन मंसूर, पण्डित भीमसेन जोशी, पण्डित जसराज जैसे बेजोड़ गायक हुए हैं। इसी के साथ बाबा अलाउद्दीन खां, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, पण्डित रवि शंकर, उस्ताद विलायत खां, अल्ला रक्खा, अली अकबर खां, पण्डित शिव कुमार, हरि प्रसाद चौरसिया, जाकिर हुसैन तथा अमजद अली खां जैसे महान संगीतज्ञों ने भारतीय संगीत परम्परा को विश्व भर में अलोकित किया।

भारतीय शास्त्रीय संगीत की महान संगीत परम्परा में अनेकों श्रेष्ठ तथा धुरंधर संगीतज्ञों ने देश की कला एवं संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई है। भारतीय संगीत की इस महान घराना परम्परा को विभिन्न गायकों एवं वादकों ने अपनी कला साधना एवं तपस्या से भविष्य की पीढियों के लिए सुरक्षित रखा है। बीसवीं शताब्दी में कुछ ऐसे ही महान गायक हुए हैं जिनमें हम संगीत सम्राट तानसेन जैसे संगीतज्ञ का अक्स देखने की परिकल्पना करते हैं। इन गायकों में अब्दुल करीम खान, सवाई गंधर्व, गंगू बाई हंगल, फैयाज खान, अमीर खां साहब, डीवी पलुस्कर, केसरबाई केरकर, मोगुबाई कुर्डीकर, हीरा बाई बड़ोदकर, विनायक राव पटवर्धन, नारायण राव व्यास, पण्डित ओमकार नाथ ठाकुर, पण्डित दिलीप चन्द्र बेदी, कुमार गंधर्व, मल्लिकार्जुन मंसूर, पण्डित भीमसेन जोशी, पण्डित जसराज जैसे बेजोड़ गायक हुए हैं। इसी के साथ बाबा अलाउद्दीन खां, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, पण्डित रवि शंकर, उस्ताद विलायत खां, अल्ला रक्खा, अली अकबर खां, पण्डित शिव कुमार, हरि प्रसाद चौरसिया, जाकिर हुसैन तथा अमजद अली खां जैसे महान संगीतज्ञों ने भारतीय संगीत परम्परा को विश्व भर में अलोकित किया। इसी कड़ी में बनारस घराने के बेजोड़, विख्यात एवं अद्वितीय गायक पंडित राजन मिश्रा थे, जिनका निधन दो वर्ष पूर्व 25 अप्रैल, 2021 को रविवार के दिन हुआ। संगीत के बनारस घराने को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले शास्त्रीय गायन के पुरोधा पंडित राजन मिश्रा के देहांत की खबर सुनकर पूरे देश के शास्त्रीय संगीत प्रेमी स्तब्ध रह गए। पंडित राजन मिश्रा हृदय की खराबी, उस पर वे कोरोना वायरस संक्रमण से हार गए। नाद ब्रह्म का यह महान साधक, संगीतज्ञ एवं सरस्वती पुत्र सदा-सदा के लिए संगीत जगत से विदा होकर ब्रह्म लोक में लीन हो गया। इसके साथ ही राजन-साजन मिश्रा नाम से शास्त्रीय संगीत की विश्व विख्यात जोड़ी टूट गई। लगभग 400 वर्षों की बनारस घराने में शास्त्रीय संगीत की पारिवारिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाले इन दोनों भाइयों को बहुत ही आदर एवं सम्मान की दृष्टि से देखा जाता रहा है। पंडित राजन को उनके दादा पंडित बड़े राम जी मिश्रा तथा पिता पंडित हनुमान मिश्रा से संगीत शिक्षा मिली थी। पंडित राजन का विवाह पंडित दामोदर की पुत्री श्रीमती बीना से हुआ। वर्तमान में राजन मिश्रा के पुत्र रितेश मिश्रा एवं रजनीश मिश्रा भी शास्त्रीय संगीत गायक के रूप में अपने आप को प्रतिष्ठित एवं स्थापित कर चुके हैं। पंडित राजन मिश्रा के गायन का अंदाज, भाव-भंगिमाएं, स्वर लगाव, लयकारी, बहलावे, स्पाट तान, गमक, मींड, तार सप्तक में स्वर प्रयोग, रागदारी, ताल प्रयोग, बंदिशों को प्रस्तुत करने का तरीका, क्या कहने, संगीत प्रेमियों को हृदय से छू लेता था। पंडित राजन मिश्रा को अपने घराने की परम्परा तथा संगीतज्ञों पर बहुत ही गर्व था। अपने संगीत के कार्यक्रमों में वे बनारस घराने की अनेकों रागों में तथा विभिन्न तालों में निबद्ध रचनाओं को बड़े ही शौक से सुनाते थे। यह जोड़ी मंच पर बैठी इस तरह प्रतीत होती थी मानो गंधर्व लोक से कोई देव, ऋषि या फिर गंधर्व गायक युगल गायन की वर्षा कर रहा हो। धोती-कुर्ते के आकर्षक परिधान में ठहरी और गहरी बातचीत, विद्वान एवं विशाल व्यक्तित्व, संगीत और ज्ञान का अथाह सागर, संगीत सागर के मनन, चिंतन एवं मंथन में निरंतर डूबे हुए एक आदर्श उदाहरणीय एवं अनुकरणीय संगीतज्ञ की जोड़ी ने एक सच्चे संगीतज्ञ को परिभाषित किया है। पंडित राजन मिश्रा ज्ञान, शास्त्र और संगीत के ठहरे हुए समुद्र थे। धीर-गंभीर, शांत व्यक्तित्व के स्वामी पंडित राजन अपने जोड़ीदार पंडित साजन मिश्रा के लिए बड़े भाई के साथ-साथ एक गुरु, पिता तुल्य व्यक्तित्व एवं मार्गदर्शक थे। अपनी प्रस्तुतियों में अनेकों बार साजन मिश्रा मंच पर बैठे हुए अपने बड़े भाई पंडित राजन का गायन सुनते रहते तथा सीखते रहते तथा अपने आप को एक शिष्य की तरह देखते। सन 1951 में जन्मे राजन मिश्रा को विरासत से ही बनारस घराने की विशाल संगीत परंपरा प्राप्त हुई। इस संगीतज्ञ जोड़ी ने वर्ष 1978 में श्रीलंका में अपना पहला संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने जर्मनी, फ्रांस, रूस, स्विटजरलैंड, ऑस्ट्रिया, अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, सिंगापुर, कतर, बांग्लादेश और दुनिया के कई महानगरों में अपनी शास्त्रीय गायकी से संगीत प्रेमियों को रिझाया। खयाल गायन के साथ-साथ पंडित राजन तराना, टप्पा, ठुमरी तथा भजन गायकी में भी बेमिसाल थे। आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा टीवी के लगभग सभी कार्यक्रमों में इस गायक युगल का गायन होता रहता था। प्रत्येक प्रस्तुति के पश्चात श्रोताओं की इनसे भजनों की फरमाइश जरूर रहती। पंडित राजन मिश्रा को राग अहीर भैरव, बिलासखानी, तोड़ी, भैरव, भैरवी, गुजरी तोड़ी, वृंदावनी सारंग, पूरिया, मारवा, श्री, दरबारी कान्हड़ा, मालकौंस आदि अनेक रागों पर पूर्ण अधिकार था। 'अब कृपा करो श्री राम दुख से हमें उबारो', 'जय-जय दुर्गे माता भवानी', 'साधो ऐसा ही गुरु भावे', 'चलो मन वृंदावन की ओर', 'अब तो शाम नाम लौ लागी', 'धन्य भाग सेवा का अवसर पाया', 'जगत में झूठी देखी प्रीत' जैसे भजनों को संगीत जगत कभी नहीं भूल सकेगा। शास्त्रीय संगीत गायन में खयाल, टप्पा तथा भजन की अनेकों एल्बम संगीत जगत को दी। भारत में लगभग हर शहर में उन्होंने शास्त्रीय संगीत के श्रोताओं को अपनी प्रस्तुतियों से रिझाया। वे करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करते थे। पंडित राजन-साजन मिश्रा को सन 1971 में प्रधानमंत्री द्वारा संस्कृति पुरस्कार, 1995 में राष्ट्रीय सम्मान, 1998 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, वर्ष 2007 में पदम विभूषण तथा 2011-12 में तानसेन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। पंडित राजन मिश्रा का संगीत जगत से असमय विदा हो जाना शास्त्रीय संगीत प्रेमियों के लिए बहुत बड़ा आघात है। पंडित राजन मिश्रा जैसा उत्कृष्ट कलाकार तथा बेहतरीन इनसान मिलना आसान नहीं है। बहुत ही दुःख की बात है कि दुनिया का यह विद्वान शास्त्रीय संगीत गायक, खूबसूरत चेहरा एवं बेहतरीन इनसान आज हमारे बीच में नहीं है। संगीत जगत में इस सूर्य का डूबना बहुत ही दुखद है। संगीत में उनका योगदान अतुलनीय है। पंडित राजन मिश्रा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे सदियों तक संगीत प्रेमियों के हृदय में अमर रहेंगे।

देश दुनीया से

सबकी प्राथमिकता में हों गांव

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के रीवा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश को अनेक सौगात तो दी हीं, उसके साथ ही ग्राम विकास के प्रति अपनी चिंताएं एवं प्रतिबद्धता भी प्रकट की। प्रधानमंत्री मोदी ने यह ठीक ही कहा कि हमारी शुरुआती सरकारों ने विकास की नीतियों में गाँवों को प्राथमिकता में नहीं रखा। उन्होंने शहर केंद्रित विकास की योजनाएं बनायीं, जिसके कारण भारत की समृद्धि के आधार गाँव पिछड़ते चले गए और आखिर में ग्रामवासी भी शहरों की ओर पलायन के लिए मजबूर हुए। महात्मा गांधी भारत को भली प्रकार समझते थे। भारत के संबंध में अपनी समझ को और अधिक गहरा बनाने के लिए उन्होंने संपूर्ण भारत में प्रवास किया। भारत को समीप से देखने के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि "भारत गाँवों में बसता है"। गाँव का विकास महात्मा गांधी के चिंतन में शामिल था। असल में स्वतंत्रता के बाद बनी सरकार ने ग्राम विकास को दरकिनार करके महात्मा गांधी के विचार को ही अनदेखा करने का काम किया। हिन्द स्वराज्य में महात्मा गांधी ने जिन बातों को कहा था, उन पर चलने का काम हमारी पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया। यही कारण है कि अब तक गाँव मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के लिए तरसते रहे। भारत में जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपानीत गठबंधन की सरकार बनी, तब पहली बार प्रत्येक गाँव तक पक्की सड़क पहुँची। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने अपने नाम से नहीं अपितु 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' नाम से इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरूआत की। इसी तरह जब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तब स्वतंत्रता के वर्षों बाद प्रत्येक गाँव तक बिजली एवं नलजल की सुविधा पहुँची। इससे यह बात साफ होती है कि भाजपा सरकारों की प्राथमिकता में ग्राम विकास होता है। गाँव, खेती-किसानी और किसानों की खुशहाली के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध हैं। मध्यप्रदेश में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के हितों को देखते हुए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गईं। कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए शिवराज सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड जैसी अभूतपूर्व योजना शुरू की, जिसमें किसानों को ब्याज मुक्त ऋण मिल जाता है। इसके साथ ही जब प्रधानमंत्री मोदी ने छोटे किसानों के हाथ मजबूत करने के लिए किसान सम्मान निधि की शुरुआत की, तब मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने उसमें अपनी ओर से चार हजार की राशि और जोड़कर किसान हितैषी निर्णय लिया। ये योजनाएं बानगी भर हैं कि भाजपा सरकारों ने ग्राम विकास को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। इसके अतिरिक्त भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गांवों में प्रत्येक घर में शौचालय का निर्माण, जिनके पास आवास नहीं थे, उन्हें घर की सौगात, फसल बीमा योजना, पंचायतों का निर्माण इत्यादि उल्लेखनीय काम हुए हैं। सभी सरकारों को यह समझना होगा कि आज भी देश की बहुत बड़ी जनसंख्या गांवों में रहती है, देश की अर्थव्यवस्था में गांवों का सबसे बड़ा हिस्सा है, इसलिए सही मायनों में भारत को मजबूत बनाना है तब अपने इन गांवों का सशक्त बनाने के लिए नीतियां बनानी होंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह ठीक ही कहा कि हमारी शुरुआती सरकारों ने विकास की नीतियों में गाँवों को प्राथमिकता में नहीं रखा। उन्होंने शहर केंद्रित विकास की योजनाएं बनायीं, जिसके कारण भारत की समृद्धि के आधार गाँव पिछड़ते चले गए और आखिर में ग्रामवासी भी शहरों की ओर पलायन के लिए मजबूर हुए। महात्मा गांधी भारत को भली प्रकार समझते थे। भारत के संबंध में अपनी समझ को और अधिक गहरा बनाने के लिए उन्होंने संपूर्ण भारत में प्रवास किया। भारत को समीप से देखने के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि "भारत गाँवों में बसता है"। गाँव का विकास महात्मा गांधी के चिंतन में शामिल था। असल में स्वतंत्रता के बाद बनी सरकार ने ग्राम विकास को दरकिनार करके महात्मा गांधी के विचार को ही अनदेखा करने का काम किया। यही कारण है कि अब तक गाँव मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के लिए तरसते रहे। भारत में जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपानीत गठबंधन की सरकार बनी, तब पहली बार प्रत्येक गाँव तक पक्की सड़क पहुँची।

नागरिक बोध

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बढ़ने लगी राजनैतिक दलों की धड़कने

चुनाव सिर पर आते ही राजनीतिक दलों की धड़कने बढ़ने लग गई है। सबको परिणाम का इंतजार रहता है। भाजपा के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा लिंगयत समय से आते है। दक्षिण के कर्नाटक में राजनैतिक उथलपुथल लिंगायत और वोक्कालिगा समाज पर निर्भर करती है। विकास का मुखौटा लगाए कांग्रेस की विचारधारा आधुनिक समाज की सोच से परे है। कर्नाटक में विकास की गाथा लिखने वाली और कानुन व्यवस्था को दुरुस्त करने वाले दलो को हाशिये में धकेलने के लिए पॉलिटिक्स खेली जाती है। लिंगायत समाज के वरिष्ठ और कर्नाटक के चार बार मुख्यमंत्री रहे बीएस येड्डियूरप्पा लिंगायत समाज से है। बीएस येदियुरप्पा का बड़ा जनाधार है इस बार कर्नाटक में चुनौती है। भारतीय राजनीति के क्षत्रपों की एक नही चलती है। जब कानून व्यवस्था डांवाडोल होती है। कर्नाटक में छोटी बड़ी करीब 12 दल चुनावी मैदान में है। इस बार केजरीवाल ने 212 उमीदवारों को टिकट आवंटित की है। छोटे छोटे दल अहम भूमिका निभाते आ रहे है। पच्चीसों वोट की हार जीत सुनिश्चित करने में खास भूमिका रहती है। निर्दलीयों की गणित अलग होती है। आईएमआईएम के नेता ओवैसी तीन सीटों पर अपना भाग्य आजमाने उम्मीदवारों को मैदान में उतारे है। तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर उठना चाहियें। भाजपा सबका साथ सबका विकास से आगे बढ़ती जा रही है। कर्नाटक की हार जीत निर्णायक होगी। कांग्रेस की राजनैतिक गणित सबसे अलग है। राहुल गांधी ने लिंगयत समाज के आराध्य देव बासबन्ना की जन्म जयंती पर पहुंचे। भाजपा की कोर वोटर कही जाने वाली समाज को साधने के प्रयास किया गया है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कर पार्टी के डैमेज कंट्रोल की तरफ विशेष झुकाव रहा है। लेकिन राहुल के इस रवैये से लिंगयत समाज कांग्रेस के किन मुद्दों पर मतदान करती है। यह तो समय आने पर खबर पड़ेगी। भाजपा और कांग्रेस दो मुख्यपार्टी के बीच टक्कर है। लेकिन नई नवेली आम आदमी पार्टी के पर आने लगे है। रास्ट्रीय पार्टी बनने के बाद केजरीवाल अपना आपा खो चुके है। पानी बिजली पर सरकार बनाने के सपने देखने वाले आप संयोजक केजरीवाल के दो नेता जेल में है हर राज्य में प्रत्यशियों को खड़ाकर वोट का विभाजन करने निकले अरविंद केजरीवाल की कर्नाटक में राह आसान नही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने वाले के पास कोई विजन नही होता है। भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए जगदीश शेट्टार लिंगायत समाज के कार्यक्रम में शरीक हुए। भाजपा में रहकर भाजपा के बेंनर तले चुनाव जीतकर शासन करने वालो को पार्टी का व्यवहार ठीक नही लगता है। जिस तरह एक मिनट में पार्टी छोड़कर दलबदल भावना से कांग्रेस में शामिल हुए है। मतदाता भी दलबदलू के साथ नही रहते है। घर के न घाट के वाली कहावत याद आती है। समाज को साधने निकले नेताओ को पार्टी से ऊपर जनता है और उनके विकास की रुपरेखा तैयार करनी होगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, गुरूवार, 27 अप्रैल 2023 | पेज 7

संक्षिप्त खबरे

मच्छरदानी का वितरण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : महुआडांड़ मुख्य पथ महुआडांड़ एंव डालटनगंज से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित तिसिया गाँव में मंगलवार को स्वास्थ्य कैप का आयोजन किया गया। जिससे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड़ द्वारा स्वास्थ्य कैप लगाकर कर लोगों का इलाज किया गया जहाँ कैप में मलेरिया, डायरिया, कोरोना से बचाव, कोरोना का टीका के साथ रूटीन इपुनाइथेशन आरटी कार्य किया गया। जिसमें 50 लोगों का मलेरिया जांच कर दवा दिया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच मछरदानी वितरण किया गया। धातृ एंव गभवती माताओं की जांच करते नवजात शिशुओं को आरटी टीका दिया गया। मौके पर सुमन एक्का, भुषण गिध्द, उतम शशि सहित एएनएम, एमपीडब्लयू, सहिया द्वारा लोगों का इलाज किया गया।

डीसी अबू इमरान ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पत्थलगडा में प्रखण्ड समन्वय समिति की किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : डीसी अबु इमरान ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पत्थलगडा पहुंच प्रखण्ड समन्वय समिति की बैठक किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्य, लाभुकों को मिलने वाले योजनाओं का लाभ, प्रखण्ड कार्यालय में कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, मनरेगा के तहत संचालित कार्य समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम कार्यालय के सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों की जानकारी लेते हुए प्रखण्ड सह अंचल भवन की स्थिति की विस्तृत जानकारी, मनरेगा के तहत चल रहे कार्य व लंबित कार्यों की जानकारी समेत आवास की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि वैसे आवास जो लंबित है और अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है उसे जल्द से जल्द

पूर्ण करायें और वैसे मामले जिसपर जानबुझ कर लापरवाही बरती जा रही है वैसे मामलों को संज्ञान में लेते हुए संलिप्त के उपर नियमानुसार कार्रवाई की जाय।जनता दरबार में पत्थलगडा क्षेत्र के लाभुकों से आवास हेतु प्राप्त आवेदन के विरूद्ध अभी तक निष्पादित आवेदनों के आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पत्थलगडा ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर योग्य लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी योग्य लाभुकों को योजना का पूर्ण लाभ मिले।आपदा में हुए क्षति के विरूद्ध दिए गए मुआवजे राशि से लाभान्वित लाभुकों की जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि आपदा के तहत किसी भी प्रकार का मामाल लंबित है तो उसे जल्द से जल्द जिला को भेजें ताकि उस दिशा में नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को निर्देशित किया गया कि जिले भर में खराब पड़े चापानल को शीघ्र मरम्मति कराना सुनिश्चित किया जाय जिससे आमलोगों को पेयजल की समस्या से जुझना न पड़े।नरेगा, जॉब कार्ड, आधार सत्यापन, मुर्गी सेड, बकरी सेड, कुप निर्माण, ट्रेंच कटींग, आम बागवानी, बागवानी, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना समेत वित्तिय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 के कई लंबित व पूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।पशुपालन विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पशुओं का टीकाकरण तथा समाजिक सुरक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनओं की समीक्षा के क्रम में समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा द्वारा जानकारी दिया गया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत पत्थलगडा प्रखण्ड से 61 आवेदन प्राप्त हुए थें जिसमें से 53 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अन्तर्गत लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। अंचल की समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई कि म्यूटेशन के अन्तर्गत पत्थलगडा में 77 मामले लंबित है जिसमे 10 म्यूटेशन 30 दिनों के अंदर प्राप्त हैं। इस संदर्भ में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में 90 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन का कार्य लंबित न रहें इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके उपरांत परिशोधन पोर्टल, पत्थलगडा के राजस्व संग्रहण एवं जीएम लैंड सर्वे की भी समीक्षा की गई। पत्थलगडा प्रखण्ड क्षेत्र में डीएमएफटी मद एवं 15वें वित्तिय अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया लंबित योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण करें। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों को निर्देशित किया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाना अनिवार्य है अतः इसमें कोई भी कोताही न बरती जाए।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज एक गिरफ्तार, जेल

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव निवासी यूनुस अंसारी पिता हनीफ मियां के लिखित आवेदन के अनुसार अभियुक्त रियाज अंसारी 35 वर्ष पिता दिलावर मियां को गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताते चलें कि दोनों के बीच भूमि संबंधित आपसी विवाद कर मारपीट किया था। मामला गिद्धौर थाना कांड संख्या 32/23 है।

चतरा में भामाशाह जयंती समारोह 28 अप्रैल को

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतीय तेली साहू महासभा द्वारा भामाशाह जयंती 28 अप्रैल को साहू धर्मशाला धर्मशाला में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत सुबह 9:00 बजे न्यू पेट्रोल पंप से भामाशाह की मूर्ति के साथ नगर भ्रमण करते हुए 11:00 बजे साहू धर्मशाला लिपदा में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेली साहू महासभा चतरा जिला के सभी प्रखंडों के सभी चायतों से पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने नेतृत्व मैं हजारों हजार की संख्या में चतरा पहुंचेंगे। और साहू धर्मशाला लिब्रा में भामाशाह मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। इसके बाद विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रदेश के समाज के सभी नेतागण उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, विधायक ढुल्लू महतो, विधायक अंबा प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय तेली साहू महासभा, रिपुसूदन साहू अखिल भारतीय तेली साहू महासभा पूर्व राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष, अरुण साहू, प्रदेश अध्यक्ष तेली साहू समाज, उमेश रंजन साहू, शालिनी गुप्ता, सभी जिला के जिला अध्यक्ष लोगों का आगमन होगा।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संघ ने निकाली रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संघ के बैनर तले बुधवार को बालूमाथ में एक भव्य रैली निकाली गई। रैली बालूमाथ के जोगियाडीह से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय शहीद चौक थाना चौक छठ तालाब होते हुए टमटम टोला पहुंची रैली में शामिल लोगों ने तिरंगा लेकर मजदूर एकता जिंदाबाद ददई दुबे जिंदाबाद समेत कई नारे लगा रहे थे ।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे कहा कि लातेहार जिला में खनिज संपदा का प्रचुर भंडार पड़ा हुआ है। और यहां पर लोग मशीन से कार्य कर प्रत्येक दिन करोड़ों रुपए का खनिज संपदा बाहर ले जा रहे हैं। और यहां के मजदूर बेरोजगार होकर बाहर के राज्यों में पलायन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अब मजदूर संगठित हो गया है यहां के मजदूरों को अधिकार और रोजगार से जोड़ना यह संगठन का मुख्य प्राथमिकता है। वही जिलाध्यक्ष शीतल साव ने कहा कि मजदूरों को संगठित करने एवं इसे रोजगार से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संगठन के बैनर तले ससाहिक बैठक की जाएगी। एवं मजदूरों को हक अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बालूमाथ दिवाकर नगर में कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया इस रैली में अजय गुप्ता, आरती देवी, किरण देवी मोहन, गंझु, तालकेश्वर यादव, रीना देवी रीता देवी, कांति देवी, संगीता देवी, ममता पांडे, उर्मिला देवी, प्रवीण कुमार समेत भारी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

कन्वेयर कॉरीडोर निर्माण को लेकर सर्वे कराने पहुंचे अधिकारियों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

➲वन अनापत्ति को ग्रामीणों ने बताया फर्जी, उच्चस्तरीय जांच की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : मगध कोल परियोजना से फर्जीवाड़े के मामले में अब बु आने लगी है। प्रबंधन हमेशा कोई मामले में सुर्खियों में रहती है। प्रबंधन किसी भी कार्य मे नियम कानून को ताक पर रखकर कोई भी काम करने पर आतुर हो जाती है। वही एक ऐसा ही मामला प्रकाशन में आया है। प्रभावित मासीलौंग में अपर समाहर्ता पवन मंडल, एसडीओ सुधीर दास एवं सीओ विजय दास ने दौरा किया। जहां एनटीपीसी में कोयले की ढुलाई के लिए कन्वेयर कॉरीडोर निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित कार्य स्थल निरीक्षण के दौरान मासीलौंग के ग्रामीणों ने काफी बवाल काटा। ग्रामीणों ने पूर्व में हीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जारी अनापत्ति को पूरी तरह से फर्जी बताते हुए जानकारी होने से इंकार

कर चुके हैं। वहीं अधिकारियों द्वारा निरीक्षण व निर्माण कार्य की भनक लगते हीं ग्रामीण भड़क गए जिससे सर्वे कार्य कराने के लिए पहुंचे प्रशासनिक व परियोजना के अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा। आपको बता दें, राजस्व शाखा चतरा की ओर से पत्रांक 550 दिनांक 25/06/2019 को वन अनापत्ति स्वीकृत किया गया था जिसमें संलग्नक ग्रामसभा की प्रति में मृतकों की मौजूदगी व निरक्षरों का हस्ताक्षर शामिल है। ऐसे में परियोजना के हित में नियमों-कानूनों को ताक में रखकर प्रशासनिक उच्चाधिकारियों की संलिप्तता से की गई गड़बड़ी को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि इस फर्जीवाड़े में लाखों - करोडों रुपए का संबंधित अधिकारियों ने लेन देन कर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है।

मनरेगा में जेसीबी चलाकर निशान मिटाने के लिए लगाया जाता है मजदूर

प्रतापुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड में इन दिनो मनरेगा योजना में घोर अनिमियता बरती जा रही है। बुधवार को उपप्रमुख प्रतिनिधी हजारी प्रसाद ने प्रखंड के सिजुआ पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित योजनाओ का जांच किया। इस दौरान पाया गया कि मनरेगा योजना के तहत तलाब व डोभा में जेसीबी मशीन के कार्य कराया गया है तथा जेसीबी मशीन के ट्रेस मिटाने के लिए धीरे-धीरे मजदूरो से कार्य कराकर उसके मजदूरो से कार्य दिखाने के काम किया जा रहा है कई योजनाओ में डिमांड किया गया तथा स्थल पर कोई मजदूर नही लगाया गया था। मजदूरो का फर्जी डिमांड किया जा रहा है. हजारी प्रसाद ने आगे बताया कि मनरेगा योजना में तालाब व डोभा मे जेसीबी कार्य एवं फर्जी डिमांड को लेकर कई बार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को अवगत कराया गया था लेकिन किसी प्रकार की सुधार नही किया जा रहा है उन्होने नें फर्जी डिमांड को लेकर उपायुक्त से टीम गठन कर निष्पक्ष जांच की मांग किया है। इसको लेकर उपप्रमुख प्रतिनीधि हजारी प्रसाद ने बताया कि इलकी शिकायत को लेकर उन्होने उपायुक्त अबू इमरान से मोबाईल पर संपर्क करना चाहा लेकिन उपायुक्त ने मोबाईल रिसिव नही किया।

लोकोश ऐप के तहत समूह से जुड़े महिलाओं को दिया जा रहा है दो दिवसीय प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड परिसर के अंतर्गत पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार 26 अप्रैल से लोकोस ऐप में समूह से जुड़े महिलाओं को जोड़ने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण महिलाओं को करवाया जा रहा है। बताते चलें कि प्रशिक्षण में समूह से जुड़े पुस्तक संचालक, समूह के अध्यक्ष, सचिव, सक्रिय महिला, राजीविका किसान सखी जैसे कैडर परीक्षण ले रही है। प्रशिक्षक सेजल कुमारी कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा करवाया जा रहा है। जिसमें बताया जा रहा है कि प्रखंड के सभी गांव में जुड़े समूह के सदस्य का पूरे डिटेल्स लोकोस एप के तहत ऑनलाइन करना है।ताकि समूह से जुड़े सभी महिलाएं ऑनलाइन में दिख सके। और उन्हें सरकार के द्वारा लाभ दिया जा सके। मौके पर उपस्थित अजय कुमार सिन्हा सुनीता देवी अरुण कुमार प्रशिक्षण ले रही महिला गायत्री देवी, गुड़िया देवी, चंचला देवी, शीला देवी एवं अनेकों दिया उपस्थित थीं।

पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त अबू इमरान की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के कई विकास योजनाओं का मनरेगा, पीएम आवास योजना राजस्व मामला पी एच डी, विभाग द्वारा हरघर नल जल योजना, बिजली विभाग द्वारा पुराने मीटर को नए मीटर लगाने को लेकर व अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें पंचायत स्तर के सभी कर्मी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक ,पंचायत कोडिनेटर, बी एफ टी व लोगों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। वही बरवाडी पंचायत में चल रहे बागवानी, डोभा, टीसीबी व अन्य ओजनाओ का निरक्षण किया गया। इस निरीक्षण में कोई अनियमता नही पाई गई इस दौरान जिला से सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

सेन्सेटाइजेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय सेन्सेटाइजेशन प्रोगाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायती राज के अन्तर्गत उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अपने अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु शपथ दिलाया गया तथा उन्हें सेंसेटाईज किया गया। साथ ही साथ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों से अपने - अपने पंचायतों को टीबी मुक्त करने में अपनी ओर से पूर्णरूपेण सहयोग करने की अपील की गई। यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो जानकारी देते हुये कहा कि जिले को टीबी मुक्त बनाने को लेकर पंचायत को उपहार स्वरूप प्रथम , द्वितीय व तृतीय वर्ष उपहार स्वरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का गोल्डेन रंग तथा सिल्वर रंग एवं कांस्य रंग की प्रतिमा देने की बात कही गई है।

शादीशुदा महिला से दुष्कर्म

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में चाकू की नोक पर शादीशुदा महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना बीते 18 अप्रैल दिन मंगलवार की दोपहर बताई जाती है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित महिला ने बताई कि उसके घर के सभी सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। वही पति भी काम करने के लिए गांव से बाहर गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर नवागढ़ निवासी टीपू सुल्तान ने जबरन घर में प्रवेश किया और चाकू की नोक पर जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका एक अन्य अज्ञात साथी ने भी इस घटनाक्रम की अश्लील वीडियो बना ली और इसका खुलासा करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने बताया कि हम लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन जब इस मामले को लेकर आवाज उठाना चाहा तो मेरे परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके कारण परिवार का कोई भी सदस्य घर से बाहर नहीं निकल रहे थे। परंतु कुछ लोगों का सहयोग मिलने के बाद थाने में पहुंचकर आवेदन दिया और उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उक्त पीड़ित महिला का आपत्तिजनक वीडियो भी वायरल किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है दोषी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दुष्कर्म का अरोपी गिरफ्तार, जेल

महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम बराही के राजमुकुट बेक पिता ज्ञान बेक को नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत व पुअनी जानो कुमार के नेतृत्व छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि राजमुकुट बेक दुष्कर्म का आरोपी था। जो कि 13 साल से फरार था। गुप्त सुचना के आधार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखण्ड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर्माही, जबरा, भाट चतरा, मकरा, बेसरा, व शिबला, तथा आंगनबाड़ी केंद्र जबरा कुसमाहा, मकरा व भाटचतरा का राष्ट्रीय मानवाधिकार के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सर्व प्रथम राजकीय मध्य विद्यालय कर्माही गए जहां शिक्षक मुक्तेश्वर कुमार पाण्डेय बरामदे के बाहर कुर्सी लगाकर सोए हुए थे. इसके पश्चात् उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में पानी और शौचालय की सुविधा नहीं पाया साथ ही छात्र छात्राओं ने बताया कि पढाई भी नियमित रूप से नहीं हो रहा है जिससे छात्रों के भविष्य पर असर पड़ रहा है वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को भी हटाने की मांग की गई । इधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा मे प्रधानाध्यापक उनुपस्थित मिले। विद्यालय मे उपस्थित शिक्षको ने उनके संबंध में भी एक्सीडेंट होने की बात कही. विद्यालय मे पानी की समस्या के कारण पेयजल सहित शौचालय का उपयोग नहीं किया जाता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा में विद्यालय भवन जर्जर स्थिति मे है साथ ही रसोई घर में दरवाजा खिड़की भी नहीं है जिससे जानवर प्रवेश कर जाते हैं । शिक्षक संजय सिंह ने बताया कि विद्यालय फंड में एक लाख अड़सठ हजार रुपए पड़ा हुआ है।अगर वरीय अधिकारी इसका अनुमति देंगे तो इस राशि का उपयोग कर दरवाजा खिड़की लगाया जा सकता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरा का भी निरीक्षण किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय शिबला में 1से 5 तक के विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाया जाता है जबकि शिक्षक की संख्या 9 है और विद्यार्थियों की संख्या कुल 186 है ।इन विद्यालय में ज्यादातर कंबाईन कक्षा लीं जा रही थी। जिससे नराजगी जताई। आंगनबाड़ी केंद्र जबरा का निरीक्षण किया गया जहाँ बंद पाया गया. केंद्र भवन मे सीमेंट, छड़ और अनाज रखे पाया गया। इस केंद्र में पुर्व सेविका विमला देवी एक कमरा में निवास करती हैं इस संबंध में उन्होंने कहा कि बीडीओ ने उन्हें आंगनवाड़ी केंद्र भवन का कमरा दे दिया है। ठीक इसके पश्चात भाटचतरा आंगनबाड़ी केंद्र भी निरिक्षण किया जहाँ बच्चे उपस्थित नहीं थे वहीं केंद्र बन्द पाया गया साथ ही बताया की आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा हुआ था। आंगनबाड़ी सेविका देवंती देवी व सहायिका भी नहीं थे। उक्त सम्बन्ध मे सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को लिखित सूचना देकर सुधार करवाने की बात कही. मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप राम,महिला जिला अध्यक्ष सीमा कुमारी मौजूद थे।

डुम्बरडीह गांव के लोग आज भी पीते हैं चुआड़ी का पानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड : आजादी के 75 साल पूरे हो चुके हैं और देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, इन सबके बावजूद छत्तीसगढ़ सीमा से प्रखंड के ओरसा पंचायत का डुम्बरडीह गांव में सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नही उपलब्ध करा पायी है। इस गांव में जाने हेतु उबड़-खाबड़ रास्ते है। जहां न चिकित्सा सुविधा उपल्ब्ध और न ही पेयजल की व्यवस्था।यहां के ग्रामीण आज भी विकास के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने कभी भी मजबूती से सुविधाओं की मांग नहीं की तो जनप्रतिनिधियों और प्राशासनिक अधिकारियों ने भी इस गांव के विकास पर ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। प्रखंड मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर और छत्तीसगढ़ सीमा से लगभग दस

किलोमीटर दूरी पर अवस्थित डुम्बरडीह गांव में आदिवासी जाति के करीब पचास घर है। जहां करीब 400 – 500 लोग निवास करते हैं। जिन्हें आज भी पीने के लिए नाला और चुआड़ी का दूषित पानी पीना पड़ता हैं ग्रामीण इस गांव में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण यहां के लोग गंदे नाले और चुआड़ी का पानी पीने को विवश हैं। वही बरसात के दिनों में गंदे नाले का पानी पीने हमेशा गांव में महामारी होने का खतरा बना हुआ है।पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने से पानी जनित बीमारियों के लोग शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की मांग की है।

जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं बच्चे, प्रशासन बेखबर

महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत के मेढ़ारी गांव स्थित राजकीय विद्यालय में सातवीं और आठवीं के बच्चे जमीन में बैठकर पढ़ाई करते हैं। इस संबंध में विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका ने बताया कि कई बार लिखित आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक विद्यालय में बेंच और डेस्क की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। विद्यालय में कुल 55 बच्चे नामांकित है जिन्हें प्रतिदिन 2 शिक्षक पढ़ाने आते हैं। विद्यालय के आठवीं कक्षा की छात्रा ने बताया कि डेस्क बेंच के बिना पढ़ाई लिखाई करने में काफी दिक्कत होती है, पूरा दिन जमीन पर बैठना काफी कष्टदायक है, जाड़े के दिनों में तो ठंडे फर्श पर और भी परेशानी होती है। इस संबंध में पास के गांव में विद्यालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने बताया की इस संबंध में मुझे सूचना मिली है, बेंच डेस्क जल्दी ही विद्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, गुरूवार, 27 अप्रैल 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

उपायुक्त ने दिया मुआवजे में बढ़ी हुई राशि भुगतान का आदेश

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के द्वारा केरेडारी में कोयला उत्खनन कार्य में विसंगतियों के विरोध में शिष्टमंडल के द्वारा 25 अप्रैल को उपायुक्त को 9 सूत्री मांग दी गई थी। जिस पर उपायुक्त ने पहल करते हुए उनकी एक मांग जिसमे जो ग्रामीण मुआवजा ले चुके थे, उन्हे बढ़ी राशि के भुगतान को लेकर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।जिसको लेकर शिष्टमंडल में शामिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, सुरजीत नागवाला, वासुदेव प्रजापति, परमेश्वर कुमार ,अजय कुमार ,अशोक कुमार, नारायण कुमार, संजीत कुमार ,पवन कुमार, चंद्रजीत वर्मा, विजय वर्मा, अमरजीत कुमार ,लोकेश कुमार,मनोज कुमार सहित क्षेत्र के तमाम रैयत और विस्थापितों ने इस बाबत उपायुक्त को धन्यवाद दिया है। साथ ही साथ इसे अपनी जारी लड़ाई की एक बड़ी जीत करार दिया है।

अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 बालू लदे ट्रैक्टरों को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया है जिसके उपरांत वाहन को जब्त एवं संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा कार्यालय में बैठक संपन्न

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बुधवार को हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमे आगामी रविवार को होने प्रसारित वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के सौवें भाग का प्रसारण पूरे रामगढ़ विधानसभा में प्रमुखता से सुनने पर जोर दिया गया।इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं मंच संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया । सर्वप्रथम मंचासीन पदाधिकारियों ने महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण का नमन किया तत्पश्चात बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश में हो रहे विकास,अविष्कार और सुदूरवर्ती ग्रामीण द्वारा कृषि में अनोखा प्रयोग जैसी जानकारियों से पूरे देश को परिचित करवाने का जो शृंखला चलाया है वो आज पूरे विश्व में लोकप्रिय हो चुका है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सुझाव मांगते हुए कहा की आगामी रविवार को इस कार्यक्रम का सौवां प्रसारण होना है अतः पार्टी द्वारा पूरे विधानसभा क्षेत्र के सौ बूथ को चिन्हित कर कार्यक्रम को वृहत पैमाने में सुनने हेतु आस पास के तीन बूथ को एक साथ मिलाकर वहां भरी संख्या में कार्यक्रम को सुनना है। साथ हीं इस सौवें भाग को कार्यकर्ताओं के साथ साथ बूथ के आस पास निवास करने वाले महिला पुरुष मतदाताओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है जो इस कार्यक्रम को सुन कर लाभ उठा सकें।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री छोटन सिंह ने दिया एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,प्रो.संजय सिंह,अखिलेश सिंह,बलराम महतो,मंत्री खुशीलाल महतो,राजेंद्र कुशवाहा,संजीव कुमार बावला,वसूध तिवारी,महेंद्र प्रजापति,दिलीप सिंह,राजीव पामदत्त,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा,आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू,राकेश पांडा,उमेश प्रसाद,कुमेल उराव,नीरज झा,अवितेश सिंह,सैय्यद किरमानी,योगेश दांगी,विजय जयसवाल,संजय शाह,गणेश स्वर्णकार,अशोक कुमार,बबलू साव,सतीश मोहन मिश्रा,महेंद्र सिंह,राजाराम प्रजापति,नरेश कुमार,ललन सिंह,राजेंद्र महतो,हरिनारायण कुशवाहा इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

उपायुक्त ने किया सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, नगर परिषद कोषाध्यक्ष मुरलीधर कोठारी, जिला महामंत्री भाजपा रंजन फौजी, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष आर.पी.आई. गोविंद वेदिया, जे.डी. यू. से ज्योतिन्दू सहित अन्य उपस्थित थे।

वायु प्रदूषण और दुर्घटना की संभावना लगातार हो रही तीव्र

सिरका : नईसराय- अरगड्डा मुख्य सड़क के हेसला झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के समक्ष बीते 48 घंटों से कोयला स्पंच लेकर आए भारी वाहनों की कतार लगी हुई हैं। इससे सड़क से गुजरने वाले यात्रियों, वाहन चालकों, राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। सड़क पर प्रदूषण और दुर्घटना की संभावना बनी हुई हैं। फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा ट्रकों को खाली करने की रफ्तार धीमी हैं।

रामगढ़ चट्टी बाजार स्थित दुकान गुडलक टेलर्स में लगी भीषण आग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ के चट्टी बाजार स्थित गुडलक ट्रेलर्स दुकान में लगी भयानक आग। जानकारी के अनुसार सुबह 5ः30 बजे रामगढ़ चट्टी बाजार स्थित गुडलक ट्रेलर्स में आग लग गई । यह आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किससे लगी इस बात की अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है मौके पर अग्निशमन दस्ता पहुंचकर आग पर काबू पाया एवं लेकिन इस दौरान दुकान में जितना भी समान जलकर राख में तब्दील हो गया था । दुकान में रखा छः पीस सिलाई मशीन, सारा कपड़ा एवं दुकान में रखा सारा मटेरियल जल के राख हो गया । दुकान के मालिक अमरजीत कुमार दत्ता ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपए का सामग्री जलकर राख हो चुका है।

सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने को लेकर आजसू पार्टी की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : आजसू पार्टी प्रखंड कमिटी की बैठक बड़कागांव गुरूचट्टी आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकरी अध्यक्ष फीरोज आलम एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो की आगामी 30 अप्रैल को राजधानी रांची में सामाजिक न्याय मार्च का आयोजन किया जाना है। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के कार्यकर्ताओं की वृहत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा राज्य में अराजकता का माहौल है जिससे आमजनता त्रस्त है। युवा रोजगार की प्रतीक्षा में है, महिलाएं असुरक्षित हैं, दिन प्रतिदिन अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण राज्य की जनता अब इस सरकार और सरकार में शामिल दलों से त्रस्त हो चुकी है। इस मामले में आजसू चुप नहीं बैठेगी। आजसू पार्टी ने आम जनता के हित के लिए आंदोलन हेतु कमर कस लिया है। आगामी 30 अप्रैल को आजसू पार्टी राज्यधानी रांची में सामाजिक न्याय मार्च कर आम जनता की आवाज बुलंद करेगी। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से आम झारखंडी जनता का अब किसी प्रकार का कोई आशा नहीं रह गया है और आने वाले चुनाव में जनता इसका कड़ा जवाब देगा।

जिप सदस्य कि उपस्थित में मृतक के आश्रित को सौंपा गया 2.75 लाख का चेक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : राष्ट्रीय राजमार्ग 02 सिक्स लाईन चौडीकरण का निर्माण कार्य करवा रही राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में कार्यरत इलेक्ट्रिशियन डोमन साव की 10 दिन पूर्व सूर्यकुण्ड पेट्रोल पम्प स्थित सडक़ के किनारे कंपनी के ही वाहन के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त होने से मृत्यु हो गई थी।मृतक के आश्रित बसंती देवी को आज कम्पनी के द्वारा 2.75 लाख की चेक द्वारा सहायता राशि दी गई। कम्पनी के पदाधिकारी कान्हू ने बताया कि जल्द ही वाहन बीमा एवं अन्य से भी आश्रित को मुआवजा दिया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा (दक्षिणी) प्रेरणा प्रिया,शिक्षक इद्रजीत प्रसाद,समाजसेवी सी के पाण्डेय,संजय कुमार, कम्पनी के पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना को लेकर बसपा की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बुधवार को बड़कागांव विधानसभा के अंतर्गत केरेडारी प्रखंड ग्राम गरी कला में बहुजन समाजवादी पार्टी की एक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक की अध्यक्षता कृष्णा राम ने की। बैठक की मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष शीला देवी समेत काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस बैठक में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना पर चर्चा की गई।बैठक में सभी ग्राम वासियों की सहमति बनी की गरी कला चौक स्थित सरकारी जमीन जो खाली पड़ा है उसपर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी।बैठक समाप्ति के बाद ग्रामवासी केरेडारी वीडियो तथा केरेडारी थाना प्रभारी से भेंट कर इस बाबत लिखित आवेदन दिया। बैठक में सिंटू बिहारी,संतोष राम, नीतीश कुमार ,रवि तालम, निशा भारती, सर्बिया देवी, रमुनि देवी, बीना देवी, फुलवा देवी, देवंती देवी, अंजू देवी, सुनीता देवी, देवाशीष गुप्ता, हीरालाल राव, बाबूलाल राम एवं रोशन कुमार सहित काफी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित हुए।

सीसीएल ने पेलोडर चला तीन अवैध कोयला खनन मुहानो को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : थाना गिददी क्षेत्र के अरगड्डा काजू बागान में बुधवार को अवैध कोयला खनन के तीन मुहानों पर वन विभाग कुजू की अगुवाई में सीसीएल पेलोडर द्वारा मिट्टी डालकर डोजरिंग अभियान चलाया गया। इससे पूर्व कोयला खनन में लगे तस्कर उक्त स्थल से निकल चुंके थे। डोजरिंग का सीसीएल अरगड्डा सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी ने निरीक्षण कर अवैध मुहानों को ध्वस्त करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए। इधर वन विभाग के वनरक्षी पवन देव राम ने बताया कि वन विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। किसी भी हांल में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। वहीं डोजरिंग के दौरान वन विभाग, सीसीएल सुरक्षा व माइनिंग दल को अवैध खनन के एक मुहान को लकड़ी प्लाईबोड, पत्तों से ढक कर रखने, एक में पानी भरे होने और एक कोयला खनन गढ्ढा बनाने का पता चला, जिसे पेलोडर द्वारा डोजरिंग कर ध्वस्त कर दिया गया। बताया जाता है कि अरगड्डा काजू बागान स्थल पर करीब तीन सालो से अवैध कोयला खनन का धंधा पनप रहा था। जिसे तस्कर सांठगांठ कर चला रहे थे।

इस पर वन विभाग कुजू और सीसीएल अरगड्डा-सिरका की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर बंद करवाया। मौके पर सीसीएल अरगड्डा सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, सुरक्षा अरगड्डा क्षेत्र इंस्पेक्टर राजू राम, वन विभाग वनरक्षी पवन देव राम, पवन कुमार अग्रवाल, एस. कुमार, नितेश मुंडा, माइनिंग ओवरमैन संतोष कुमार सिंह, अमीर दास, प्रहरी सिरका आतिश, ऑपरेटर कंचन राय, जगनारायण बेदिया, होमगार्ड रिंकू समेत कई जवान उपस्थित थे।

गैड़ा सूफी इस्माइल शाह के 16 वें उर्स पर कव्वाली का आयोजन

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम गैड़ा में हजरत सूफी इस्माईल शाह के 16वें सालाना उर्स के अवसर पर कव्वाली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रामनारायण सिंह,विशिष्ठ अतिथि बिष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद् सदस्य शेख तैयब,प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में कव्वाल मो0 तस्लीम आरिफ एवं शाहीन सबा भारती के द्वारा आदमी,आदमी,आदमी से मोहब्बत करे यही दिल का अरमान है,अल्लाह ये है तेरा कमाल मौला ये है तेरा कमाल जैसे देशभक्ति सूफी एवम गजलों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा नेता गौरव पटेल,1932 खतियान आंदोलनकारी रिजवान अंसारी प्रमुख प्रतिनिधि मो0 बेलालअंसारी,शेख कयूम,ताज अंसारी,शेख मोकिम,शेख शाहिद, इसराफील अंसारी,हकीम अंसारी,बेलाल अंसारी, रफीक मालिक,कलंदर हुसैन,रामचंद्र पासवान,आनंद हलचल,जलील अंसारी रवि पांडेय, कयूम अंसारी, रामदेव प्रसाद,जमील अंसारी, पिंटू खान,शेख वसीम,मनौवर आलम,शेख सोहेल,शेख एहसान, मुजाहिद रिजवी,इदरीस खान समेत हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद थे ।

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के लेक्चर हॉल में उप विकास आयुक्त-सह-प्रशासक,प्रेरणा दीक्षित,शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग की अध्यक्षता में सभी चिकित्सकों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ0 बिनोद कुमार, अधीक्षक, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के द्वारा सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त, हजारीबाग प्रेरणा दीक्षित के द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से चिकित्सकों को जेनेरिक दवाईयां लिखने एवं रोस्टर ड्यूटी के अनुसार कार्य करने की बात कही गई। चिकित्सा से संबंधित वेब सिरीज ''न्यू एम्सटर्डम'' एवं ''सर्जन्स कट'' की क्लीपिंग के माध्यम से चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर एम्स, देवघर के निदेशक डॉ0 सौरभ वार्ष्णेय एवं अतिथि वक्ता के तौर पर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद के मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 यू0के0 ओझा ने स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य शिक्षा आदि विषयों पर वक्तव्य दिया। हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 शंकर निवास के द्वारा ''न्यूनतम संसाधनों में अधिकतम परिणाम'' विषय पर बातचीत करते हुए चिकित्सकों को बताया गया कि वर्तमान स्थिति में किस प्रकार मरीजों को बेहतर सेवा दें। उल्लेखनीय है कि डॉ0 शंकर निवास के द्वारा हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घुटने का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। डॉ0 एस0के0 सिंह, प्रिंसिपल, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एवं अतिथि वक्ताओं को मोमेंटो भेंट करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।

तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष ने किया प्रेस वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : चरमराई बिजली व पानी की समस्या को लेकर बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने प्रेस वार्ता किया। मौके पर महिला नेत्री मैडम साबी देवी मौजूद थी। पत्रकारों के बीच अरुण साहू ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा जा रहा है, कि लगभग जगह बिजली व पानी की समस्या को लेकर आम जनता हमारे पास बात रख रहे हैं। जिसको लेकर मैं काफी चिंतित हूं, मैं सोच रहा हूं कि इतने सालों से पूर्व व वर्तमान विधायक ने बरही विधानसभा के जनता लिए क्या किया, मूलभूत सुविधाओं को भी पूरा नहीं कर पाए। वहीं उन्होंने कहा कि यदि बरही में बिजली व पानी की समस्या जल्द खत्म नहीं किया गया, तो तिलेश्वर साहू सेना के सदस्य जल्द ही इस संबंध में आंदोलन का रुख लेंगे। वहीं उन्होंने बरही की जनता से एक बार अपना कीमती वोट देकर सेवा करने का मौका देने का विनती किया। उन्होंने कहा कि कभी भी बिजली व पानी की समस्या से बरही की जनता को झेलना नहीं पड़ेगा। वही इस दौरान पदमा प्रखंड के पिंडारकोन पंचायत की जनता बिजली की समस्या को लेकर बरही हाउस पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 4 महीना से गौरियठा गांव में 25 केवी का ट्रांसफार्मर व पिछले 5 दिन पहले शिव मंदिर के पास लगा 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने के कारण काफी समस्याओं का सामना हम लोग कर रहे हैं, बिजली विभाग के पदाधिकारियों के पास गए भी लेकिन विभाग पूरी तरह से सुस्त है, कोई सुध लेने वाला नहीं है। इस संबंध में अरुण साहू ने तुरंत विभाग के पदाधिकारियों से बात किया और ट्रांसफार्मर लगवाने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि यदि जल्द ट्रांसफार्मर नहीं लगा तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

जमात ए इस्लामी हिंद रामगढ़ की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ में जमात ए इस्लामी हिंद रामगढ़ की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण जमात ए इस्लामी हिंद के स्थानीय अध्यक्ष असद बारी ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में इंद्रजीत सिंह कालरा, आदित्य नाथ त्रिपाठी, मोहम्मद फिरोज़ और बलराम सिंह ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय भाषण ज़ियाउल हक़, सचिव अलमानार एजुकेशनल फाउंडेशन, झारखंड ने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया जिस तरह से हर धर्म में त्योहार है उसी तरह से इस्लाम में त्योहार के रूप में ईद है। एक महीना के प्रशिक्षण से गुजरने पर इनाम के तौर पर ईद है, साथ ही खुशी मानने का तरीक़ा जो इस्लाम ने बताया है वो ईश्वर के आगे सजदह करना है यानी ईद के दिन दो रिकात नमाज जो पढ़ी जाती है वो शुकराना की नमाज है।कार्यक्रम का असल उद्देश्य आपसी भाईचारा और सदभावना को कायम रखना है।कार्यक्रम का संचालन हाशिम राही ने किया। कार्यक्रम में संजय जायसवाल, आरिफ कुरैशी, इकबाल सिंह, रंजीत साहनी, डॉक्टर फैय्याज, मेराजुद्दीन, अरमान ज़मीर, अनवर आलम, मोहम्मद रियाज आदि उपस्थित हुए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

तालाटांड़ में मेन रोड से भुइंया टोली तक पथ निर्माण जल्द होगा : अंबा प्रसाद

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): पतरातू प्रखंड क्षेत्र के तालाटांड़ मेन रोड से भुईयां टोली तक लगभग 2 किलोमीटर पथ का निर्माण यथाशीघ्र शुरू होगा। उक्त सड़क के निर्माण के लिए विधायक अंबा प्रसाद की पहल एवं अनुशंसा पर लगभग दो करोड़ 19 लाख की लागत आएगी। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है।सिर्फ एग्रीमेंट शेष बचा है जो आगामी दिनों में पूर्ण हो जाएगा एवं सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा।विगत दिनों ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र भेजकर विधायक अंबा ने सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए बताया था कि उक्त सड़क काफी जर्जर है एवं ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे दुर्घटना होती है और लोग घायल हो जाते हैं इसलिए प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कराया जाए। सड़क निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, असगर अली,अंजन प्रसाद,राजू पांडे, प्रदीप साहू समेत कई लोगों ने हर्ष जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

अरगड्डा झोपड़ी में रामभक्त हनुमान हवन एक दिवसीय यज्ञ कल होगी आयोजित

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर परिषद वार्ड 13 के अरगड्डा झोपड़ी में कल गुरुवार को श्री श्री हनुमान हवन एक दिवसीय यज्ञ का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा। भक्तों के द्वारा यज्ञ मंडप व मंदिर रंग रोगन की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। आगामी 28 अप्रैल को भव्य भंडारा होगा। सभी भक्त महिला, पुरुष, नौजवान भक्तजन प्रभु श्री राम के परम भक्त बजरंगबली के गुणगान से अपने जीवन को कृतार्थ बनाएंगे। इसकी जानकारी हनुमान यज्ञ समिति के नारायण भुईयां, राजेंद्र नायक, रतनलाल ऋषि, छोटेलाल भुईयां ने बुधवार को एक साथ दिया।

झारखंड मिलेट कॉन्क्लेव का आयोजन बिरसा कॉलेज में

खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता): खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय भारत सरकार एवं पीएचडीसीसीआई, द्वारा 27 व 28 अप्रैल 2023 को बिरसा कॉलेज बहुउद्देशीय भवन में दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में नवाचार, विपणन क्षमता और स्वाद पर विशेषज्ञ चर्चा सत्र भी आयोजित होगा।इस कार्यक्रम का उद्घाटन अनिता प्रवीण, सचिव, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उपायुक्त, शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तार में चर्चा की, साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान कुल 30 स्टॉल लगाए जायेंगे, इसमें विभिन्न विभाग एवं संस्थानों की प्रदर्शनी व मिलेट्स की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उपायुक्त ने सभी कार्यों के बेहतर संचालन को लेकर वोलेंटेयर्स की प्रतिनियुक्ति की, उन्होंने कहा कि हर स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करें। आगे उपायुक्त ने कहा कि मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन के आयोजन से प्रगतिशील किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत कृषि गतिविधियों से जोड़ने का बेहतर प्रयास है। इस माध्यम से उन्हें नई चीजों को जानने के अवसर मिलेंगे, साथ ही उन्हें चर्चा के लिए एक मंच मिल सकेगा।

दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो को मंत्री बनाया जाए : संजय महतो

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया और पत्रकारों को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि दिवंगत मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार जगरनाथ महतो एक आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ, और जनप्रिय नेता थे. उनका झारखंड राज्य के निर्माण में अहम योगदान रहा है. वे झारखंड आंदोलन में क ई बार जेल जा चुके हैं. तथा झारखंड आंदोलन में उनपर क ई प्राथमिकी दर्ज भी हुआ था. उनका जीवन हमेशा ही गरीबों के सहयोग एवं भलाई में बीता. उनका जीवन हमेशा संघर्षशील रहा. वे अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठते रहे इसलिए झारखंड के लोग उन्हें प्यार से टाइगर दा के नाम से पुकारते थे. जगरनाथ महतो झारखंड के बेवाक आवाज थे,जगरनाथ महतो झारखंडी भावना के सदैव पक्षधर थे इसलिए मंत्री रहते हुए भी वे हमेशा ही 1932 खतियान लागू करने की मांग करते थे। झारखंड कैबिनेट में भी 1932 खतियान के आधार पर स्थानीयता लागू कराने की मंजूरी दिलाने में जगरनाथ महतो का अहम योगदान रहा है।

मारवाड़ी युवा मंच के नए कमेटी ने किया शपथ ग्रहण, 11 अस्थाई अमृतधारा का हुआ उद्घाटन

जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच एवं समृद्धि शाखा की ओर से समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित की गई। टावर चौक स्थित भागवाना टावर के थर्ड फ्लोर में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ सुदर्शन गुटगुटिया ने दीप प्रज्वलित कर किया, साथ ही इस मौके पर 11 अस्थाई अमृतधारा का भी उद्घाटन किया गया है। दीप प्रज्वलन के बाद गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।वहीं वित्तीय वर्ष 2022- 23 में किए गए कार्यों की उपलब्धि को गिनाया गया।मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष चंदन परशुरामका ने अपने कार्यकाल की प्रस्तुति कार्यक्रम के दौरान भी बताया गया ।

गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

विधायक, रामगढ़ सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन
विगत डेढ़ वर्षों में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा समाज कल्याण के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से किए गए हैं विभिन्न विकास कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुधवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने संयुक्त रूप से मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर माननीय विधायक सुनीता चौधरी, उपायुक्त माधवी मिश्रा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्यों अन्य जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा बच्चों के बीच पठन सामग्रियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी ने डीएमएफटी के तहत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू होने पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यों की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ना केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि रामगढ़ जिले के विकास में भी इससे गति आएगी।इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने कहा की रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। लेकिन लगभग 50त्न आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन अस्थाई भवनों अथवा किराए के भवनों में हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी के माध्यम से जिले में योजनाबद्ध तरीके से आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज डीएमएफटी के तहत नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में किया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि शेष निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का भी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है एवं अधिकारियों को जल्द से जल्द मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है। विगत लगभग डेढ़ वर्षों में समाज कल्याण के क्षेत्र में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा किए गए विकास कार्यों से संबंधित जानकारियां, कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का कराया जा रहा है निर्माण, आधुनिक तरीके से होगी बच्चों के जीवन की शुरुआत, 28 वर्षों के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराए जाएंगे बर्तन , समाज कल्याण विभाग से समन्वय कर आंगनवाड़ी केंद्रों के लगभग 44690 बच्चों को उपलब्ध कराए गए गर्म पोशाक, बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर प्राथमिकता के आधार विभिन्न चरणों में कराया जा रहा है आंगनवाड़ी केंद्रों के चारदीवारी का कार्य, कुपोषण को दूर करने में स्पूलुना चिक्की निभयाएगी अहम भूमिका, कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए हैं ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस, कुपोषण पर होगा कड़ा प्रहार जिले में संचालित होगा अत्याधुनिक एमटीसी वाहन ,बच्चों को जीवन के शुरुआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत बुधवार से केंद्र का संचालन शुरू हो गया वहीं शेष मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए उपलब्ध होगा। आंगनबाड़ी केंद्र वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाओं से युक्त होंगे। बच्चों व महिलाओं के विकास एवं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में जिला प्रशासन की पहल से 28 वर्षों के बाद विभिन्न बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की आवश्यकता को उपायुक्त के संज्ञान में लाने के उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से केंद्रों में बर्तन उपलब्ध कराने हेतु डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक के दौरान स्वीकृति दी गई है जिसके तहत आगे की कार्रवाई पूरी कर बच्चों व महिलाओं को इससे लाभान्वित करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को ठंड के मौसम में हो रही परेशानियों पर संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग प्रखंडों में कुल 44690 बच्चों को चिन्हित कर उन्हें गर्म पोशाक उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।कुपोषण को दूर करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सही तरीके से हो और संचालन के लिए सही उपकरणों की आवश्यकता के मद्देनजर उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में आवश्यकता अनुसार स्टेडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर, इन्फेंट वेट स्केल उपलब्ध कराए गए और इसी का परिणाम है कि वर्तमान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सैम व मैम बच्चों के पहचान कार्यों में गति आई है। कुपोषण को जड़ से खत्म करने एवं इस पर कड़ा प्रहार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विशेष योजना बनाई गई है जिसके तहत जिले में एक अत्याधुनिक एमटीसी वाहन संचालित होगा। खास बात यह होगी कि यह वाहन चिकित्सक दल सहित अन्य सुविधाओं से युक्त होगा एवं जिस भी क्षेत्र में वाहन जाएगा वहां लगभग 15 दिनों तक शिविर आयोजित कर कुपोषित बच्चों की पहचान करेगा एवं उन्हें पोषाहार व दवाइयां उपलब्ध कराने का कार्य करेगा। न्यास परिषद से अनुमोदन के उपरांत उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा इस योजना को धरातल पर उतारने की दिशा में तीव्र गति से हो रहे कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है।कुपोषण को खत्म करने की दिशा में स्पिरिलुना चिक्की के महत्व को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन रामगढ़ के द्वारा जिले के प्रत्येक योग्य बच्चे तक इसे पहुंचाने हेतु विशेष कार्य किया गया है। डीएमएफटी के तहत न्यास परिषद से इस संबंध में आंगनबाड़ी केंद्रों एवं कुपोषित बच्चों के लिए इसका अनुमोदन दिया गया है। शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 205 वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमें चारदिवारी नहीं है ।

पीवीयूएनएल के सौजन्य से सांकुल नव प्राथमिक विद्यालय में दो कंप्यूटर सेट मिला

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : सामुदायिक विकास योजना अंतर्गत पीवीयूएनएल के सौजन्य से पंचायत सांकुल के नव प्राथमिक विद्यालय ऊपर टोला स्कूल में दो कंप्यूटर सेट बच्चों के उज्जवल भविष्य और बेहतर शिक्षा के लिए वितरण किये गए। स्कूल में दो कंप्यूटर सेट लगने से बच्चे काफी उत्साहित नजर आएं। मौके पर पीवीयूएनएल सीएसआर विभाग के अधिकारी संतोष कुमार सिंह,राजेश डुंगडुंग,निशांत सैनी,कुणाल राज के द्वारा पंचायत मुखिया सुमन भारती प्रधानाचार्य छोटन राम पं.स.स.अंजू कुमारी के सुपुर्द किया गया। तथा संतोष कुमार सिंह ने बच्चों को कंप्यूटर की बारीकियों को सिखाते हुए कहा की बच्चों के उज्जवल भविष्य बेहतर शिक्षा के लिए पीवीयूएनएल हर संभव प्रयास और मदद करेगी। स्कूल में दो कंप्यूटर सेट मिलने पर पंचायत मुखिया सुमन भारती पं.स.स.अंजू कुमारी स्वयंसेवक परमानंद राजीव,प्रधानाचार्य छोटन राम स्कूल शिक्षक अनिल राम,दिलीप सिंह,एवं स्कूल के बच्चों द्वारा पीवीयूएनएल अधिकारियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। मौके पर पंचायत मुखिया सुमन भारती ने कहा की पंचायत में पीवीयूएनएल के सौजन्य से बहुत सारे विकास के कार्य हो रहे हैं ।

आयशा नगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आई.यू.सी.डी. मेडिकल उपकरण लगाने की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गुरुवार को आयशा नगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में झारखंड सरकार एवं पी.एस.आई इंडिया के द्वारा महिलाओं के लिए आई.यू.सी.डी मेडिकल उपकरण लगाने के कैंप का आयोजन आयशा पंचायत के देखरेख में की गई। मौके पर 7 महिलाओं को आई.यू.सी.डी उपकरण लगाया गया। आई.यू.सी.डी एक मेडिकल उपकरण है जिसे लगाने के बाद एक बच्चे से दूसरे बच्चे के पैदाइश के बीच एक निश्चित दूरी बनाई जा सकती है। यह बिल्कुल सेफ है इसे कभी भी लगाया जा सकता है और जब चाहे निकाला भी जा सकता, इस उपकरण को लगाने या निकालने में बमुश्किल 10 से 15 मिनट का समय लगता है, आज से आयशा नगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आई.यू.सी.डी लगाने की शुरुआत की गई है अब यह सुविधा लोगों को रेगुलर मिलती रहेगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल,कोडरमा

शुद्धि- पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई शुद्धि – पत्र जिसका पी0आर0 संख्या – 295461 Building (23-24):D था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है,, जिसका परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि 02.5.2023 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 04.5.2023 निर्धारित की जाती है।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी। कार्यपालक अभियंता
PR 296008 (Building)23-24*D भवन प्रमण्डल,कोडरमा

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह
पता:- झण्डा मैदान के बगल में स्थित पुराना जेल परिसर, गिरिडीह। पिन-815301
website: www.giridih.nic.in

अति अल्पकालीन निविदा वर्ष 2023-24
निविदा संख्या- 02/2023-24 तिथि- 25/04/2023

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) एवं अन्य के अंतर्गत पूर्व वर्ष की भाँति Formulated Spawn Feed **गिरिडीह जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को मैस फीड एवं फ्लोटिंग फिश फीड आपूर्ति** के लिए उसके क्रय करने हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0	'शीर्षक	विवरण
1	कार्य का नाम	गिरिडीह जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को मैस फीड एवं फ्लोटिंग फिश फीड की आपूर्ति
2	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम	जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह।
3	कार्य की अवधि	2023-24
4	निविदा वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि	25/04/2023
5	निविदा की कुल राशि	लगभग रू0/- 6,00,000.00
6	अग्रधन राशि	रू0/- 75,000.00
7	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	04/05/2023 के अपराह्न 12:30 बजे
8	निविदा निस्तारण की तिथि एवं समय	04/05/2023 के अपराह्न 01:00 बजे
9	निविदा आमंत्रित करने एवं खोलने का स्थान	डी0आर0डी0ए0 सभा कक्ष, नया समाहरणालय, पपरवाटाँड, गिरिडीह।
10	संपर्क संख्या	मो0- 7979947030 ई-मेल-dfogiridih00@gmail.com

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह के सूचना पट्ट एवं www.giridih.nic.in पर किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।
नोटः- निविदा निस्तारण की तिथि में आंशिक परिवर्तन किया गया है। शेष सभी निविदा की शर्तें यथावत रहेगी। जिला मत्स्य पदाधिकारी -सह-
PR 295954 (Fish)23-24*D मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गिरिडीह

राँची समाहरणालय, राँची
(समाज कल्याण शाखा)
(जिला बाल संरक्षण इकाई)

आवश्यक सूचना
PR-278916

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राँची जिले में संचालित सम्प्रेक्षण गृह डुमरदगा, राँची में समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) के अनुसार चिन्हित पदों के विरूद्व भंडारपाल -सह-लेखापाल के रिक्त पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जो अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जि०बा०सं०पदा०, राँची | जि०स०क०पदा०, राँची | उप विकास आयुक्त, राँची | उपायुक्त, राँची
PR 295988 Ranchi(23-24)#D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(जिला समाज कल्याण शाखा)

इच्छा की अभियुक्ति

वित्तीय वर्ष 2023-24 में गुमला जिलें में कामकाजी महिलाओं के लिए **"सखी निवास"** एवं **नशामुक्त भारत अभियान** अन्तर्गत District De-Addiction Center (DDACs) के संचालन हेतु विभागीय संकल्प ज्ञापांक- 1972, दिनांक- 30.08.2022 के आलोक में प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयंसेवी संस्थान योजना का प्रस्ताव विभागीय संकल्प ज्ञापांक- 1972, दिनांक- 30.08.2022 एवं विभागीय परिपत्र के आलोक में संलग्न विहित प्रपत्र में भरकर सभी मांगी गई सूचना के साथ अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में दिनांक 03.05.2023 पूर्वाहन 11:30 बजे तक जमा करेंगे तथा दिनांक- 03.05.2023 अपराहन - 3:30 बजे जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव खोला जायेगा, जिसमें स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि को भाग लेना अनिवार्य होगा।

नोटः - योजना का विस्तृत जानकारी के लिए Nic Portal- gumla.nic.in पर उपलब्ध है, अथवा कार्यालय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला में किसी भी कार्यदिवस पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

PR 296031 Women, Child Development & Social Security(23-24).D
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला

कार्यालय, जिला परिषद, राँची

निविदा आमंत्रण सूचना
पत्रांक-204/जि0प0
दिनांक-25.04.2023

जिला परिषद, राँची कार्यालय हेतु दो वाहन क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द लिफाफा में दर आमंत्रित की जानी है। वाहन का प्रकार निम्नवत है :-

क्र०सं०	वाहन का नाम	मॉडल	अभ्युक्ति
01	BOLERO	B6, BS6	

1. उपर्युक्त वाहन का दर प्रति एक अदद के अनुसार अंकित करना है।
2. वाहन के साथ संबंधित वाहन में किन-किन सुविधाओं की उपलब्धता होगी इस संबंध में विस्तृत विवरणी उपलब्ध करायेगें।
3. वाहन का दर के साथ अन्य सभी विक्री कर की विवरणी अंकित करेगें।
4. निविदा निष्पादन के पश्चात कार्यादेश की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर वाहन की आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
5. निविदा जिला परिषद कार्यालय, राँची में जमा करने की अंतिम तिथि 29.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक होगी।
6. निविदा खोलने की तिथि 02.05.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से प्रारम्भ होगी जिसमें संबंधित निविदादाता को ससमय निर्धारित स्थान पर उपलब्ध रहना होगा।
7. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद कार्यालय, राँची।
8. निविदा के साथ अपने कम्पनी/फर्म से संबंधित कागजात की प्रति अवश्य डालेगें।
9. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं संशोधित करने का अधिकार जिला परिषद कार्यालय को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त
-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद राँची
PR296016 (District)23-24*D

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email-mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com

आवश्यक-सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की मास्टर वरीयता सूची के आधार पर ग्रेड-4 में प्रोन्नति हेतु विज्ञान एवं कला/भाषा का औपबंधिक वरीयता सूची पर आपत्ति आमंत्रण से संबंधित आवश्यक सूचना।

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की मास्टर वरीयता सूची के आधार पर ग्रेड-4 में प्रोन्नति हेतु विज्ञान एवं कला/भाषा का औपबंधिक वरीयता सूची जिले के अधिकारिक बेवसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित करते हुए सम्बन्धित शिक्षकों से सम्बन्धित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की माँग की जाती है। सभी सम्बन्धित शिक्षक इस सम्बन्ध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित जिला कार्यालय को दिनांक 27.04.2023 से 26.05.2023 तक हार्ड कॉपी में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

शिक्षक/शिक्षिकाओं से साक्ष्य सहित दावा/आपत्ति प्राप्त एवं संधारित करने हेतु श्री रविकांत कोनगाड़ी, प्रतिनियुक्त लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा को नामित किया जाता है।

त्रुटि सुधार के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम	पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड	प्रकाशित सूची में क्र0सं0	जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या	त्रुटि का विवरण	साक्ष्य का विवरण	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7

शिक्षक का हस्ताक्षर
PR 296026 Lohardaga(23-24)#D जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, गुरुवार, 27 अप्रैल 2023 | पेज 10

श्री श्री 1008 श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मद भागवत महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत

तिसरी/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : 9 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री

राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मद भागवत महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर तिसरी प्रखंड अंतर्गत जमामो माता मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 3100 महिलाओं व युवतियां ने भाग लिया। वहीं कलश यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा जयकारे लगाए गए। कलश यात्रा जमामो माता मंदिर से शतीडीह होते हुए नावाडीह स्थित नदी तट पर पहुंचा, जहां आचार्य सुबोध कुमार के नेतृत्व में सभी कलशों में पूजा के उपरांत पवित्र जल भरवाया गया। इस दौरान मुख्य यज्ञमान नागेंद्र राय व प्रकाश राय मौजूद रहे। कलश में जल भरने के पश्चात कलश यात्रा नावाडीह, पपीलो होते हुए वापस जामामो मंदिर पहुंचा, जहां यज्ञ आचार्यों के नेतृत्व में कलश स्थापित कराया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा तपती धूप में 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा की गई, वहीं श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जय श्री राम, राधे राधे, जय जमामो माता आदि नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बता दें कलश यात्रा के साथ श्री श्री 108 श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मद भागवत महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हो गई है। आज से 9 दिनों तक सुश्री कृष्णप्रिया महाराज जी की सानिध्य में भक्तिमय प्रवचन करेंगे। वहीं 3 मई को यज्ञ कार्यक्रमों की समाप्ति के पश्चात 4 मई को हवन आहुति व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही उक्त संध्या को भोजपुरी कलाकार गोलू राज व अक्षरा सिंह द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी। कलश यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी निरंजन राय के द्वारा किया गया।

ब्राह्मण कल्याण मंच ने प्रतिभाशाली भैया बहन को किया सम्मानित

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : ब्राह्मण कल्याण मंच एवं गिरिडीह

लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि ने सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह विद्यालय प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह के अध्यक्षता में प्रतिभाशाली भैया-बहन को सम्मानित किया। जिन्होंने विद्या भारती ने अखिल भारतीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर वंदना कुमारी ने विद्यालय का नाम रौशन किया। भैया ऐसिक चंद्रा एवं बहन अर्श वत्स को भी सम्मानित किया। जिन्होंने। युविका 2023 में चयनित होकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) में युवा वैज्ञानिक के रूप में प्रशिक्षण लेने के लिए अपने आपको योग्य साबित किया। यह दोनों भैया-बहन न केवल इस विद्यालय के लिए बल्कि पूरे बाघमारा-कोयलांचल एवं झारखंड प्रदेश के लिए एक आदर्श के रूप में प्रतिस्थापित हुए हैं ।

सड़क दुर्घटना से व्यक्ति घायल

पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग बलारडीह मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहादत अंसारी ओटो पर सवार होकर गोविंदपुर से जामताड़ा चिरुड़ीह अपने घर जा रहे थे। तभी घटनास्थल पर ऑटो अनियंत्रित हो गई। और व्यक्ति मुख्य सड़क के किनारे गिर पड़ा। घायल व्यक्ति को समाजसेवी इंतखाब अंसारी ने मदद की और प्रथमिक इलाज रघुनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में कराया। इसके बाद घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेजा गया।

मृतक के प्रति सहानुभूति जताना पड़ा भारी

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : राम कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट

लिमिटेड के अंतर्गत काम करने वाले गिरिडीह जिले के 81 मजदूरों को कंपनी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया जिसके कारण उनके सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई इस संबंध में बिरनी प्रखंड सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव ने बताया की विगत 21 अप्रैल को जिला साहिबगंज अंतर्गत निर्माणाधीन नेशनल हाइवे संख्या 80 पर ग्राम सुकसेना स्थित कंपनी के प्लांट के अंदर कार्य करने के दौरान बिरनी प्रखंड के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो निवासी लगभग 30 वर्षीय सुमंत कुमार वर्मा पिता बासुदेव वर्मा का हाईवा की चपेट में आने से निधन हो गया था जिस पर दुख व्यक्त करते हुए उक्त मजदूरों ने मृतक के परिजनों के साथ मिलकर कंपनी से उचित मुआवजा की मांग किया था, परिणामस्वरूप कैम्प के अंदर लाश के 36 घंटे पड़े रहने के बाद बमुश्किल से कंपनी ने छः लाख का मुआबजा मृतक के आश्रितों को दिया। यह कार्य बिल्कुल सौहार्द व प्रेम से अनुनय विनय पर किया गया। जिससे आक्रोशित हो कर कंपनी के इंचार्ज कुणाल गुप्ता ने मृतक के शव का कैम्प से निकलने के बाद कंपनी के इंचार्ज द्वारा 81 ड्राइवर एवम मजदूर जो जिला गिरिडीह से संबंध रखते थे,उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया और उन्हें घर भेज दिया गया। इस पर सांसद प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि यह स्तब्ध होने योग्य कृत्य है मुगल,अंग्रेज व जमींदारी काल के तर्ज पर कंपनी के इस कृत्य को भुलाया नहीं जा सकता है। अतः उन 81 ड्राइवर या कर्मी जिन्हें बेवजह मात्र मृतक के सहानुभूति के लिए कैम्प से अस्पताल तक खड़ा रहने के एवज में इन्हें अपनी रोजी-रोटी से बेदखल किया गया है, इससे उनसबों का पूरा परिवार व क्षेत्र प्रभावित हुआ है। स्थानीय प्रशासन इन मजदूरों के हितों के लिए आवश्यक कदम उठाए।

सर्वजन पेंशन योजना का भरपूर लाभ उठावें योग्य लाभुक

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव

कुमार के निर्देशानुसार पश्चिमी टुंडी के मछियारा पंचायत भवन में आज बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जानकारी देते हुए टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने सभी योग्य लाभुकों बताया कि सुदूर देहातों में निवास करने वाले इस योजना का भरपूर लाभ उठावें यह शिविर खासकर वृद्धों, असहायों, दिव्यांगों जैसे लोगों के लिए आयोजित किया गया है इस शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखीं जा रही है एवं बड़े पैमाने पर लाभुकों द्वारा रूचि ली जा रही है।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।

जनता दरबार में गोपीनाथपुर पंचायत से आए शिकायतकर्ता ने मुखिया, मुखिया पति, पंचायत सचिव एवं पंचायत समिति के खिलाफ उपायुक्त को एक आवेदन दिया।

आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि इन सभी के मिलीभगत से अवैध तरीके से इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास, विधवा आवास बनाया जा रहा है जो कि जांच का विषय है। उन्होंने गोपीनाथपुर

पंचायत में हो रहे अवैध कार्य की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

जनता दरबार में धनबाद के हीरापुर क्षेत्र से आए रेखा कुमारी ने नगर निगम द्वारा लगाए गए होल्डिंग टैक्स एवं अतिरिक्त टैक्स की विसंगति के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने पर आवेदन के माध्यम से बताया कि जिस अपार्टमेंट में वो रहते हैं उस अपार्टमेंट में 15 फ्लैट हैं इसमें से अधिकांश को होल्डिंग टैक्स के साथ अतिरिक्त टैक्स नहीं लगता है। लेकिन उन्हें होल्डिंग टैक्स ज्यादा और अलग से 50प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स भी लगाया जाता है। जिसकी शिकायत नगर आयुक्त में लिखित रूप से की गई है। बावजूद इसके अब तक कोई सुधार नहीं हो पाया है। उपायुक्त ने इस मामले को नगर आयुक्त को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ी, एसएनएमएमसीएच में भर्ती

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहर के बहु चर्चित पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत सोमवार को धनबाद मंडल कारा में बिगड़ गई। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जेल सूत्रों की मानें तो झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के सीने में अचानक से तेज दर्द उठा। जिसके बाद जेल अस्पताल के डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एसएनएमएमसीएच भेज दिया। जहां भारी सुरक्षा के बीच पूर्व विधायक संजीव सिंह का इलाज चल रहा है। संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर उनकी पत्नी भाजपा नेत्री रागिनी सिंह अपने समर्थकों के साथ एसएनएमएमसीएच पहुंची है। वही संजीव सिंह के समर्थक भी भारी संख्या में अस्पताल परिसर में मौजूद है। मालूम हो कि पूर्व विधायक संजीव सिंह पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के हत्या मामले में जेल में बंद है।

प्रस्तावित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का नामकरण शहीद संदीप सिंह रखा जाए : मीना हेंब्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : टुंडी प्रखंड के क्षेत्र संख्या 4 के जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम ने आज बुधवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह के समक्ष लिखित आवेदन देकर मांग किया की टुंडी प्रखंड अंतर्गत जाताखूंटी पंचायत के कर्मांटांड में प्रस्तावित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का नामकरण शहीद संदीप सिंह रखा जाए।

बताया जाता है कि संदीप सिंह बी एस एफ में कार्य करने के दौरान शहीद हो गए थे।

सभी ग्रामीणों के द्वारा जिला परिषद सदस्या को लगातार इस और ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा था उसी के आलोक में आज की जिला परिषद बैठक में आवाज़ बुलंद की गयी एवं झारखंड के राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया।

जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने परांचीडीह में किया तालाब का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : प्रखंड के मलुवाटांड पंचायत अन्तर्गत परांचीडीह गांव में बुधवार को 15 वीं वित आयोग अनुदान मद से गछकोरीया आहार निर्माण का शिलान्यास जिप अध्यक्ष मुनिया देवी द्वारा किया गया यह तालाब कुल राशि 23 लाख 72 हजार एक सौ रूपया है। इस दौरान मुनिया देवी ने कही कि तालाब निर्माण से परांचीडीह गांव के किसानो को काफी सहूलियत होगी । इससे पहले यहा के किसान वर्षा पर निर्भर थे और सिर्फ धान की ही खेती कर पाते थे अब किसानों को वर्षा पर आधारित नहीं रहना पडेगा धान के अलावा भी फसल लगा पाएंगे। तालाब के निर्माण से निःसंदेह जल सरंक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा । कहा की उक्त तालाब के निर्माण से 14 एकड़ से अधिक भूमि पर सिंचाई किया जा सकेगा जो कि यहा के किसानो के लिए वरदान साबित होगा । इस तालाब के निर्माण से ग्रामीणों मे काफी उत्साह था। कार्यक्रम में युवा समाज सेवी

मनीष कुमार वर्मा, कुरहो बिन्दो मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, मलुवाटांड मुखिया पोदीना देवी, शंकर साव , महेन्द्र वर्मा , उर्मिला देवी ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। मौके पर मलुवाटांड उप मुखिया नीतेश यादव, मलुवाटांड मुखिया प्रतिनिधि संजय वर्मा, संवेदक सुधीर कुमार यादव, प्रदीप यादव, संभु वर्मा, दीनदयाल महतो, अशोक पांडेय, रोहन महतो, घोघन महतो सहित सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे ।

पेपर बोर्ड लॉक बिछाने के कार्य का हुआ शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 12 स्थित तालाब के चारों और पेपर बोर्ड लॉक बिछाने हेतु भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने कई बार चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्ल् बाउरी से आग्रह किया था। जिसके बाद आज दिनांक 26/04/2023 को समय 11:00 बजे नारियल फोड़कर तथा मिठाइयां बांटकर शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिरकुंडा नगर परिषद के लोकप्रिय चेयरमैन डब्लू बाऊरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद, शशि तिवारी, कृष्णा सिंह वरुण डे, बुलाटी डे, पप्पू सिंह, बूलन बाउरी, छोटन श्रीवास्तव, सकलदेव सिंह, धर्मदेव सिंह, राजीव झा इत्यादि उपस्थिति थे। जिसके बाद वार्ड संख्या 12 के जनता एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों में काफी खुशी की लहर व्याप्त है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वां संस्करण सुनने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वाँ संस्करण जो कि 30 अप्रैल 2023 दिन रविवार प्रातः 11 बजे को होना है। उसके भव्य प्रसारण को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के श्रम कल्याण केंद्र के समीप एक प्रेस वार्ता रखी गई। इस प्रेस वार्ता कार्यक्रम में भाजपा के धनबाद जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने मीडिया को बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात जो कि 3 अक्टूबर 2014 से शुरू हुई और 30 अप्रैल 2023 को इस कार्यक्रम का 100 वाँ संस्करण है। इस

कार्यक्रम के साथ जुड़ने के लिए क्षेत्र की जनता से आग्रह हैं कि वो मन की बात कार्यक्रम के साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित हैं। वही इस कार्यक्रम में धनबाद जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के साथ साथ चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, भाजपा चिरकुंडा मंडल महामंत्री जगरनाथ सिंह, अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि धीरज कुमार सिंह, रिंटू पाठक, वार्ड पार्षद अभिषेक दास, पप्पू सिंह के साथ साथ चिरकुंडा मंडल भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री विकास उपाध्याय, अरमान नजीर, गौरव, मून विलियम, बापी सेनगुप्ता, इरफान अहमद आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने ट्रक सहित अवैध कोयला किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बाघमारा : बीसीसीएल के मधुबन कोलियरी ऑफिस के समीप जंगलों में चल रहे अवैध कोयला डिपो में एसडीएम ने छापामारी कर दो ट्रक सहित काफी मात्रा में कोयला जप्त किया है । एसडीएम ने अग्रिम कारवाई के लिए खरखारी पुलिस को निर्देश दिया था । कोयला तस्कर दिन के उजाले में दो ट्रकों में अवैध कोयले की लोडिंग कर रहा था। ज्ञात हो कि मधुबन के कई इलाकों में अवैध कोयला का कारोबार फल फूल रहा है।

संचालित अवैध आरामिल पर चला वन विभाग का बुलडोजर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया : वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशों पर अवैध आरामिलो के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे सघन छापामारी एवं जप्ती अभियान के क्रम में सरिया प्रखंड के पोटमा में अवैध रूप से संचालित आरामिल पर छापामारी एवं जप्ती की कारवाई की गई। आरामिल के विरुद्ध की गई छापामारी में अवैध रूप से स्थापित आरामिल, आरा हाथी, प्लेटफार्म को जे.सी.बी. से समूल उखाड़कर नेस्तनाबूद कर दिया गया और स्थल पर संग्रहित वन पदार्थों (लकड़ियों) एवं उपस्करों (डीजल इंजन, आरा हाथी, विभिन्न प्रजाति के बोट्टा एवं चिरान) जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपये से अधिक है, को जप्त करते हुए ट्रेक्टरों द्वारा वन प्रक्षेत्र कार्यालय, बगोदर(सरिया) परिसर में लाकर रखा गया है। अवैध आरामिलो के खिलाफ की गई छापामारी एवं जप्ती में आरामिल संचालक संतोष मिस्त्री उर्फ पप्पू शर्मा पिता सुखदेव शर्मा , मनोज शर्मा पिता

किशुन मिस्त्री पो0- सबलपुर ग्राम - पोटमा , थाना - सरिया द्य 2- अज्ञात पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 एवं बिहार काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1990 की धारा 9, 10, 14 के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है। अवैध आरामिल के विरुद्ध आज हुई छापामारी एवं जप्ती का नेतृत्व सुरेश राम, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर के द्वारा किया गया। इस क्रम में अवैध आरामिलो के खिलाफ लगातार की जा रही छापामारी एवं जप्ती को लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि अवैध आरामिलो के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार चलते रहेगा और जहाँ भी अवैध आरमिलो के संचालन की सूचना प्राप्त होगी, वहाँ बुलडोजर से इसे ध्वस्त करते हुए विधि-सम्मत कारवाई सुनिश्चत की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निर्देशानुसार चोरी-छिपे चल रहे दर्जनों अवैध आरामिलो पर छापामारी कर आरामिल संयंत्र को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है एवं अवैध रूप से संग्रहित विभिन्न प्रजाति के लकड़ियों को जप्त किया गया है। इस क्रम में दोषियों के खिलाफ वन मुकदमा भी दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि वन सम्पदा को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायगा। इस हेतु उनके द्वारा ग्रामीणों से वन क्षेत्रों में चोरी-छिपे आरामिलो के संचालन, अवैध पातन, खनन, परिवहन के बावत सीधे सूचना देने के लिए अपील भी किया गया है।

पटना और हावड़ा के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : पश्चिम बंगाल में होने वाले ''पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा ''(West Bengal Joint Entrance E&amination) WBJEE" परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना और हावड़ा के बीच गाड़ी संख्या 03252/03251 पटना-हावड़ा-पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा । यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन पटना से हावड़ा के लिए दिनांक 29.04.2023 (शनिवार) को तथा हावड़ा से पटना के लिए दिनांक 30.04.2023 (रविवार) को चलेगी ।

गाड़ी संख्या 03252 पटना-हावड़ा परीक्षा स्पेशल ट्रेन 29.04.2023 (शनिवार) को पटना से 14.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.45 बजे हावड़ा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03251 हावड़ा-पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन 30.04.2023 (रविवार) को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर तथा अगले दिन सोमवार को 10.00 बजे पटना पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन बख्तियारपुर, मोकामा, लक्खीसराय, किउल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चितरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंडेल स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, स्लीपर क्लास के 14, साधारण श्रेणी के 02 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे ।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

विधायक राज सिन्हा ने डॉ. विकास व डॉ सुष्मिता को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : असर्फी हॉस्पिटल एवं धनबाद डेंटल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बाबूडीह स्थित जिला स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमे 400 से अधिक लोगों के आँखों एवं दाँतों की बिल्कुल मुफ्त मे इलाज हुई। शिविर का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया। वहीं इस मौके पर विधायक राज सिन्हा के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत दंत चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार और डॉक्टर सुष्मिता कुमारी को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट

प्रदर्शन एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए तथा जिला स्कूल धनबाद मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन करने हेतु श्रेष्ठता का प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर असर्फी अस्पताल के सीईओ हरेंद्र सिंह, स्कूल की प्राचार्या डॉ स्मृति सिन्हा, डॉक्टर विकास कुमार, डॉ सुस्मिता कुमारी, नंद किशोर सिंह, वीरेंद्र सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा सहित सभी शिक्षक गण, छात्र-छात्राएं, पारा मेडिकल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, गुरूवार, 27 अप्रैल 2023 | पेज 11

फोटोग्राफी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने रवि, खत्री सचिव पवन कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा इकाई का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन स्थानीय रंगोली स्टूडियो में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में जिले के सभी वीडियो ग्राफर एवं फोटोग्राफरों ने भाग लिया। एसोसिएशन के वर्तमान कमेटी का कार्यकाल 2 वर्ष पूरा होने के कारण कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। नई कमेटी का गठन के लिए मतदाता पर्ची का प्रयोग करते हुए प्रजातांत्रिक ढंग से मतदान कराया गया। जिसमें अध्यक्ष रवि खत्री ,उपाध्यक्ष सरोज कुमार,सचिव पवन कुमार, सह सचिव अजीत महतो, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार एवं कार्यकारिणी के लिए जीवन महतो, कुलदीप यादव, विजय कुमार, रामकुमार प्रसाद, नागेंद्र प्रजापति और दीपक गुप्ता को चुना गया। इस पूरे चुनाव प्रक्रिया के लिए 3 सदस्यीय टीम प्रवीण कुमार, राकेश कुमार, जीवन मेहता को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया। पूर्व अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने कमेटी के नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि एक बेहतर संस्था बनाने के लिए सदस्यों की भागीदारी आवश्यक है इसीलिए सभी सदस्य संस्था के हर कार्य में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी निभाए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि खत्री ने कहा कि मैं संस्था के हर कार्य में साथ था और रहूंगा मैं वादा करता हूं की पूरी निष्ठा के साथ संस्था का कार्य करूंगा इसके लिए सारे सदस्यों का सहयोग जरूरी है। नवनिर्वाचित सचिव पवन कुमार ने कहा कि आने वाले समय में संस्था फोटोग्राफी के अलावे सामाजिक कार्य भी करेगी। वरिष्ठ सदस्य विनोद सोनी ने कहा कि अब हमारा संगठन पूरे झारखंड में 9 जिलों से बढ़कर 18 जिले में हो गया है जिसमें हमारा संगठन सबसे पुराना है फोटोग्राफी वर्कशॉप के लिए अब हम पूरे भारत से किसी भी मेंटर को बुलाने में सक्षम है। इसीलिए सदस्य अपनी समस्या रखें सभी समस्याओं का समाधान निश्चित होगा। इस अधिवेशन के मौके पर कुंदन कुमार, भावेश कुमार, नागेंद्र प्रजापति, बसंत महतो, अजय वर्मा, त्रिलोकी प्रजापति, प्रीतम कुमार, हेमंत अग्रवाल, विजय कुमार, नंद बिहारी, सरोज कुमार, विनोद सोनी, दीपक गुप्ता, रमेश वर्मा, पवन कुमार, ज्योतिष कुमार,अजीत महतो, रवि खत्री, अजय कुमार, कुलदीप यादव, दीपक गुप्ता, अमर ठाकुर, चंदन कुमार, अजय वर्मा, अशोक कुमार, ज्ञान प्रकाश एवं राकेश कुमार, प्रवीण कुमार आदि

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रयास से कुजाम माइंस का परिचालन हुआ शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक बैठक राज्यसभा सांसद सह एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के आवास में एक बैठक संपन्न हुई। जिस बैठक में यह निर्णय लिया गया की कुजाम बॉक्साइट माइन्स में पिछले 22 तारीख से जो अनिश्चितकालीन बंदी की गई थी,कंपनी से वार्ता के बाद इसको वापस लिया गया और कुजाम माइंस में आज से गाड़ियों का परिचालन शुरू कर दिया गया। जबकि चिरोडीह माइंस के संबंध में निर्णय नहीं होने के कारण चिरोड़ीह माइंस फिलहाल बंद रहेगी। आज की बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, रहमत अंसारी, मोहम्मद गुड्डू, बरज सिंह, राजेश शर्मा, जत्रु मुंडा, एन कुजूर, रामाशीष साहनी, संजीव शर्मा, खुर्शीद अंसारी, शकील अंसारी, जगदेव उरांव, इनामुल अंसारी, तारकेश्वर महतो, शंकर महतो सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता एवं कुजाम एवं चिरोडीह माइंस के ग्रामीण महिला एवं पुरुष एवं हिंडाल्को कंपनी के पदाधिकारी गण भी शामिल थे।

झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य स्तरीय पदाधिकारी ने शिक्षा का लिया जायजा

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य स्तरीय पदाधिकारी ने सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में संचालित बीआरसी मॉडल रिसोर्स केंद्र का निरीक्षण कर शिक्षा संबंधित जायजा लिया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में संचालित बीआरसी मॉडल केंद्र का निरीक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना के स्टेट प्रोग्राम पदाधिकारी अनुपा तिर्की एवं यूनिसेफ सहकर्मी सुप्रिया बनर्जी द्वारा करते हुए शिक्षा को बढ़ावा एवं सरकारी सुविधा बच्चों की बीच मुहैया का लिया जायजा इसके अलावे सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालय में कार्यों की समीक्षा दिनांक 25 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को निरीक्षण कर लिया जाएगा। इसी दरमियान बुधवार को राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा सहित विभिन्न विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वली मूलभूत सुविधा की जानकारी लिया गया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान पाई गई गतिविधि को प्रखंड स्तरीय शिक्षा सहकर्मी के साथ समीक्षा की गई। प्रखंड के सभी विद्यालयों में पुस्तकालय को जीवंत रूपी देने का सुझाव दिया गया। सभी बच्चों को आधार कार्ड बनवाना एवं बैंक खाता खुलवाना सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। ई विद्या वाहिनी में शिक्षक व बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने में हो रहे समस्या को प्रखंड शिक्षा सहकर्मी द्वारा रखा गया और इसे जल्द से जल्द ठीक करने को लेकर आग्रह किया गया।

प्रखंड प्रमुख व मुखिया के सहयोग से टूटे पुल की हुई मरम्मती

प्रभात मंत्र संवाददाता

ठेठईटाँगर : लोगों के कहने पर एवं अपने कहे मुताबिक प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं फूलचंद मिंज(मुखिया के पति) के द्वारा बांसपाहार जाने वाले मार्ग पर जो पुल क्षतिग्रस्त हो चुका था उसे ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर श्रमदान कर पुल की मरम्मत की ,चुंकि पिछला बैठक में ग्रामीणों ने इस बात को रखा था और प्रखंड प्रमुख ने आश्वासन दिया था कि श्रमदान एवं जो भी मटेरियल लगेगा उसे मुहैया कराएंगे उसी वादे के मुताबिक काम शुरू हो चुका है और बहुत जल्द दुरुस्त हो जाएगा एवं आवाजाही में किसी को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी । ग्रामीणों ने इसके लिए प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं फूलचंद मिंज को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। साथ ही आभार व्यक्त किया और कहा आप लोगों के सहयोग से मरम्मत किया गया जो की बहुत जल्द पुल टूटने के कगार पर था जिसकी लाइफ अब बढ़ गई है, इसके लिए आप लोग धन्यवाद के पात्र हैं यह कह कर उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने लोगों से कहा कि हर काम के लिए प्रशासन पर निर्भर नहीं रह सकते हैं, इसलिए हमें भी कुछ कामों को अपने स्तर से करने की आवश्यकता है तब जाकर हमारा समाज हमारा गांव हमारा प्रखंड विकास की गति प्राप्त करेगा, क्योंकि हमें सोच बदलना है हम समाज के लिए सोचेंगे कल के दिन समाज हमें ही वापस देगा इसलिए हमें हमारा सोच को बदलना है और इसी तरह से मिलकर हमें हर काम को करना है ताकि छोटी-छोटी समस्या के लिए बहुत दिन तक इंतजार करना ना पड़े, मेरी प्राथमिकता रहती है कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए, जिससे कि जिस उद्देश्य से ग्रामीणों ने हमें चुना है उसका उन्हें सही लाभ सही समय पर मिलना चाहिए इसके लिए मैं तत्पर हूं और आगे भी रहूंगा। मौके पर ठेठईटाँगर मुखिया के पति फूलचंद मिंज, प्रिंस कुमार, विनय केरकेट्टा एवं बांसपाहार के ग्रामीण उपस्थित थे।

बिजली बिल ब्याज माफी योजना शिविर के माध्यम से विभाग को ढ़ाई लाख की हुई वसूली

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत सेन्हा प्रखंड परिसर बिजली कार्यालय में शिविर का आयोजन कर उपभोगता को दिया गया लाभ विभाग को ढाई लाख बकाया बिल हुआ वसूली। सेन्हा प्रखंड परिसर स्थित बिजली विभाग कार्यालय में बुधवार को शिविर का आयोजन कर बिजली उपभोगता को बिजली बिल ब्याज राशि माफी योजना का लाभ दिया गया। ब्याज माफी योजना के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बिजली उपभोगता का कतार लग हुआ था। वहीं इस योजना के माध्यम से बिजली विभाग के राजस्व में काफी बढ़ोतरी हो रहा है। ब्याज माफी योजना के तहत बताया गया कि यह कार्यक्रम का लाभ बिजली आपूर्ति प्रमंडल लोहरदगा कार्यलय में संपर्क कर उठा सकते है। प्रखंड स्तर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही बताया गया कि विभाग के आदेशनुसार आगे भी शिविर आयोजन हो सकता है। जानकारी देते हुए कहा गया कि ब्याज माफी योजना का लाभ वैसे बिजली उपभोगता को दिया जाएगा जो अपना बकाया बिजली बिल लंबे समय से जमा नही किया हो और इसके लिए समय निधारित किया गया जिसके अंतर्गत ही लाभ दिया जाएगा बताते हुए कहा कि दिसम्बर माह 2022 तक के ब्याज राशि ही माफ किया जाएगा। आयोजित शिविर में ओटीएफ एवं जेनरल बिजली उपभोगता से 2 लाख 50 हजार बकाया बिजली बिल जमा लिया गया। इस प्रकार बिजली विभाग को शिविर आयोजन से राजस्व संग्रह में योजना काफी सार्थक साबित हो रहा है। मौके पर बिजली किर्मी पप्पू कुमार,मनान अंसारी भोला साहू सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था किया जा रहा दुरुस्त

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): लोकसभा में लगातार क्षेत्रीय सांसद श्री सुदर्शन भगत के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर केंद्र सरकार से कार्य कराया जा रहा है। अभी कुछ दिनों पहले ही भारत सरकार के द्वारा ही आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच उपकेंद्र भवन जो पंचायतों में हैं उसे मरम्मत एवं अपग्रेडिंग का कार्य किया गया। अब सांसद के प्रयास से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक (सी सी बी) की सुविधा बहाल होगी। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गुमला और लोहरदगा जिले में लंबे समय से सदर अस्पताल में क्रिटिकल मरीज बड़ी दुर्घटना के शिकार हुए लोगों की बेहतर इलाज जिले की अस्पताल में नहीं हो पा रहा था। लगभग मरीजों को राजधानी के अस्पतालों में भेज दिया जाता था। कई तो दूरी तय करने के दौरान अपनों को गंवा बैठे हैं। आज की सबसे बड़ी समस्या को खत्म करने का प्रयास किया है। केंद्र सरकार ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए राँची जिले में 25809.69 लाख गुमला में 14571.79 लाख लोहरदगा में 8158.73 लाख लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 48540.22 लाख रुपये भारत सरकार द्वारा भेजे गए हैं। यह सब माननीय लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत जी के अथक प्रयासों से संभव हो सका है। इससे असंख्य लोग लाभान्वित होंगे। लोगों के आर्थिक व समय एवं उचित उपचार ससमय मिल सकेगा ।सभी मरीज रेफर नहीं होंगें। और ज्ञात हो कि पूर्व में भी सांसद के द्वारा दोनों जिलों के सदर अस्पतालों में कई उपकरणों को लगाया गया है। इस जनकल्याण कार्य के लिए भाजपा जिला संगठन की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व क्षेत्रीय सांसद को बधाई व आभार प्रकट किया।

आलोक साहू ने उपायुक्त से करंज बांध का जीर्णोद्धार कराने का किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू बुधवार को लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से उनके कार्यालय में मुलाकात कर किस्को प्रखंड के ग्राम चरहू के ग्रामीणों का हस्ताक्षर वाला एक ज्ञापन उनको सौपकर चरहू ग्राम में स्थित करंज बांध का जीर्णोद्धार कराने का किया गया मांग। श्री साहू ने बताया कि विगत 4 वर्ष पूर्व ग्राम चरहू में स्थित करंज बांध ध्वस्त हो गया था जिसके कारण बांध के समीप काफी किसानों का खेत बर्बाद हो गया था तथा लगभग 100 एकड़ जमीन का सिंचाई से भी किसान वंचित हो गए। किसान हित में करंज बांध का जीर्णोद्धार एवं गार्डवाल निर्माण कराया जाए। श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त को बताया कि लोहरदगा में बाईपास सड़क निर्माण का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री के द्वारा किया जा चुका है लेकिन अभी तक जमीन मालिकों का जमीन मुआवजा नहीं मिला है जिसके कारण जमीन मालिक काफी परेशान है। उपायुक्त ने श्री साहू को बताया कि वित्तीय वर्ष की राशि अभी प्राप्त नहीं हुआ है राशि आने के उपरांत करंज बांध का जीर्णोद्धार कराने का आश्वासन दिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि लोहरदगा बाईपास सड़क के जमीन अधिग्रहण का कार्य का प्रक्रिया अंतिम चरण में है फिर गजट प्रकाशित होगा उसके उपरांत जल्द ही जमीन मालिकों का मुआवजा का भुगतान करने का प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगा।

बंशीधर महोत्सव को लेकर बैठक, 28 अप्रैल को होगा नगर पंचायत अतिक्रमण मुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की प्रस्तावित तिथि 3 एवं 4 मई को किया गया है। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ आलोक कुमार ने की। बैठक में बंशीधर महोत्सव के दिन पूरे शहर को झालर बत्ती व दीए से जगमगाने व रौशन करने का निर्णय लिया गया।इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों के राय लिए गए। उपस्थित लोगों ने महोत्सव कार्यक्रम में बृजवासी ब्रदर्स, सुप्रसिद्ध कलाकार भरत शर्मा या गोपाल राय को बुलाने का अनुरोध किया। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार ने बताया कि दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आगामी 3 एवं 4 मई को होने जा रहा है। महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव के लिए चयनित इवेंट मैनेजमेंट टीम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना है। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग जरूरी है। एसडीओ ने कहा कि महोत्सव को लेकर 28 अप्रैल को पूरे शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा।

वाहन जांच के दौरान परिवहन विभाग ने 35 हजार वसूला जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : परिवहन विभाग के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप चलाया गया वाहन जांच अभियान त्रुटि पाए जाने पर वसूली की गई फाइन। सेन्हा थाना के समीप बुधवार को परिवहन विभाग के निर्देश पर कार्यरत कर्मियों एवं पुलिस बल के सहयोग से दो पहिया वाहन जांच अभियान सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला नेशनल मुख्य पथ पर चलाया गया। वाहन जांच के दौरान बाइक चालक का हेलमेट लाइसेंस सहित वाहन संबंधित कागजात की जांच की गई। जांच के क्रम बाइक चालक को बिना हेलमेट या लाइसेंस के पकड़े जाने पर 12 बाइक चालक से 35 हजार जुर्माना राशि वसूली की गई। साथ ही उन सभी चालको को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि बिना कागजात या हेलमेट के बाइक चलाने पर परिवहन नियम संगत सख्त से सख्त कारवाई किया जाएगा। वहीं 4 बाइक को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वाहन जांच के दौरान अमृत गिरी, अमरेश भर्ती सहित सेन्हा थाना के सुरक्षा बल शामिल थे।

राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल के सदस्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना का किया निरीक्षण

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल के सदस्य जितेंद्र कुमार देव, संयुक्त सचिव ग्रा0वि0वि0, मुकेश कुमार प्रशाखा पदाधिकारी, ग्रा0वि0वि0 और मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी, कुमार सौरभ के द्वारा प्रखण्ड किस्को के पंचायत नवाडीह एवं बगडू में मनरेगा के सिंचाई कूप, डोभा का निरीक्षण तथा अभिलेख का जांच किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास का निरीक्षण के साथ जलछजन द्वारा निर्मित अमृत सरोवर योजनाओं का निरीक्षण एवं दस्तावेज का जांच किया गया। निरीक्षण के क्रम में सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ पंचायत स्तरीय कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर आयोजित बैठक में डीपीआरओ ने कहा,

मीडियाकर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति है सरकार की संवेदना

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में आज दिनांक 26.04.2023 को झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना, 2021 की जानकारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई। पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस/मीडिया को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। मीडियाकर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की गहरी संवेदना है। सरकार इस प्रतिबद्धता के तहत झारखण्ड राज्य में अपनी सेवा देने वाले पत्रकारों के लिए झारखण्ड राज्य राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया गया है। वर्तमान में योजना का लाभ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को दिया जा रहा है। इसके लिए मीडियाकर्मी के पास न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। साथ ही, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम स्नातक होना आवश्यक है जिनकी उम्र 21-60 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना में पांच लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा/दुर्घटना बीमा का कवर दिया जा रहा है जिसकी प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार और 20 प्रतिशत अंशदान मीडियाकर्मी का है। यह स्वास्थ्य बीमा एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक वर्ष इसका रिन्युअल कराना होगा। स्वास्थ्य बीमा का लाभ बीमाधारक मीडियाकर्मी के साथ उसकी पत्नी या पति और उसके दो बच्चों एवं निर्भर संतान को मिलेगा। आश्रित बच्चों की उम्र 21 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही,वे अविवाहित हों। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए राज्य के हेल्पलाइन नम्बर 0651-2282458/ 2281522 पर संपर्क किया जा सकता है। आज की बैठक में तकनीकी सहयोग एपीआरओ आशीष कुमार द्वारा दिया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों में मीडियाकर्मी व जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मिगण उपस्थित थे।

हॉकी सिमडेगा द्वारा सुदूरवर्ती इलाकों के स्कूलों में कराया जा रहा है अनेकों प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में अच्छे अंक लाने वालों को इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की किताब देकर किया जा रहा है सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : हॉकी की नर्सरी सिमडेगा जिला के चार दर्जन से अधिक महिला एवम पुरुष हॉकी खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया है । वही सैकड़ों खिलाड़ियों ने राज्य का, हजारों खिलाड़ियों जिला का प्रतिनिधित्व किया है। यहाँ के लोगों में हॉकी कूट कूट भरी है ,फिर भी अभी भी जिला के कई इलाकों में हॉकी या खेल के प्रति रुझान कम है और अब भी सामाजिक कुरीतियों से घिरे हुए है,रोजगार के लिए पलायन को महत्व देते है।वैसे इलाको में खेल और शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए हॉकी सिमडेगा उस इलाके के विद्यालय प्रबंधनों और स्थानीय लोगों के सहयोग से स्कूली बच्चों के बीच खेल और शिक्षा का महत्व पर भाषण, निबंध, क्विज इत्यादि कराकर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के बीच पुरुस्कार स्वरूप इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की किताबे देकर सम्मानित कर रहा है।जिसके तहत जिला मुख्यालय से कोसो दूर जन्हा के कई युवतियां रोजगार की खोज में बाहर चली गई है वैसे पिछड़ा, घनघोर जंगल और पहाड़ों के बीच बसे आर सी प्राथमिक विद्यालय जोरोबाड़ी में हॉकी सिमड़ेगा के पदाधिकारी पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर एवम ग्रामीणों के सहयोग से संविधान के रचियता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती मनाई गई (यह कार्यक्रम 14अप्रैल को ही होनी थी परंतु उस दिन बंदी हो गया था इसलिए इसे अब मनाया गया) और स्कूली बच्चों के बीच हिंदी और अंग्रेजी भाषण, क्विज, चित्रांकन, नृत्य कराया गया। तथा स्कूली बच्चों के द्वारा स्थानीय मुंडारी गाना के माध्यम से शिक्षा और अशिक्षा में क्या अंतर है उसे नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया है।हिंदी भाषण प्रतियोगिता में पुष्पिका रोष आईद, असनिल गुड़िया और ममता जोजो क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए वही इंग्लिश भाषण में असनिल गुड़िया, पुष्पिका रोष आईद और सलोनी जोजो, क्विज प्रतियोगिता में असनिल गुड़िया,प्रीति जोजो और आकाश जोजो तथा चित्रांकन प्रतियोगिता में निराली टोपनो,पुष्पिका रोष आईद और प्रदीप गुड़िया क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।इन सभी लोगों को हॉकी सिमडेगा की ओर से पुरुस्कार स्वरूप इंगलिश स्पीकिंग कोर्स की किताबे देकर सम्मानित किया गया। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने खेल और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को जागृत करते हुए कहा कि सिमडेगा जैसे आकांक्षी जिला जहां रोजगार के लिए सिर्फ कृषि और वन उत्पाद ही है तो इस क्षेत्र में हम शिक्षा और खेल के माध्यम से अपने जिला को एक नई ऊंचाई दे सकते हैं। उन्होंने खेल के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि हम खेल के माध्यम से उच्च ऊंचाई को छू सकते हैं जो हर किसी के बस की बात नहीं है आज आप लोगों के गांव की तरह ही बड़कीछापर से जन्म ली है सलीमा टेटे जिस तरह आप लोगों के गांव की कई युवतियां रोजगार की खोज में पलायन कर जाते हैं उसी तरह उनकी बड़ी बहन लोग भी महानगरों में काम करने गई थी लेकिन सलीमा टेटे ने हॉकी को चुना और उन्होंने हॉकी खेलते हुए आज इस मुकाम तक पहुंची है जहां झारखंड के शायद ही कोई खिलाड़ी पहुंच पाए हैं आज सलीमा टेटे एक गरीब और पिछड़े घर में पैदा लेकर एशिया की नए उभरते हुए खिलाड़ी का खिताब प्राप्त की है जिस घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर थी वहां से उसने हॉकी खेलते हुए आज एशिया की ब्रांड एंबेसडर है उसके खेल की सराहना भारत के प्रधानमंत्री जी भी कर रहे हैं उसे खेल के माध्यम से अच्छी नौकरी मिली है।

चलते चलते एक नजर

एक दिवसीय उपवास कार्यकर्म रखा गया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)। मोराबादी स्थित बापू वाटिका में सत्याग्रह और एक दिवसीय उपवास कार्यकर्म रखा गया, जो प्रदेष अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सम्पन हुआ। इस मौके पर प्रदेष कार्यकर्ता जिले के कार्यकर्ता और प्रखंड के कार्यकर्ता मजूद थे। इस मौके पर रातु प्रखंड अध्यक्ष सुदीप उरांव ने बताया, आज जो देश की स्थिति है उससे आज हर आम जन परेसन है। केंद्र सरकार जन मुद्दों को उठाने से उनकी सदस्यता को खत्म कर देती है । आज यह सत्यग्रह पूरे देश में दरसाता हैं। आज हर युवा हर आम जान राहुल गांधी के हाथ से हाथ मिला कर खड़ा है । इसका जवाब आने वाले चुनाव में मिलेगा। जिसका भय अब भाजपा में दिख रहा है। इस मौके पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा प्रखंड अध्यक्ष सुदीप उरांव, मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू , अजय मुंडा, प्रिंस सिंह दीपक पोद्दार और तमाम सम्मानित सदस्य आदि मौजूद थे।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक हुआ करार

नई दिल्ल : नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने के मकसद से बुधवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। महत्वाकांक्षी नशा मुक्त भारत अभियान वर्तमान में देश के 372 जिलों में चल रहा है। डॉ बीआर आम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर भी मौजूद थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने युवाओं, महिलाओं, छात्रों के बीच नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश को फैलाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नशीली दवाओं की मांग के खतरे को रोकने के लिए भारत सरकार ड्रग डिमांड रिडक्शन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना लागू कर रही है। मंत्री ने कहा कि यह एक व्यापक योजना है, जिसके तहत राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासनों को निवारक शिक्षा और जागरूकता सृजन, क्षमता निर्माण, कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और पूर्व नशा करने वालों की आजीविका सहायता के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय ने महत्वाकांक्षी नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया है। इसके तहत 372 चिन्हित जिलों में अभियान गतिविधियों का नेतृत्व करने के लिए 8,000 मास्टर स्वयंसेवकों को चयनित और प्रशिक्षित किया गया है। अबतक 3.13 करोड़ से अधिक युवाओं ने अभियान की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है और इसका प्रसार किया है।

फायरिंग मामले की टीएसपीसी ने ली जिम्मेदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जिले के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के चापाटोली में हुई फायरिंग मामले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) ने ली है। टीएसपीसी सबजोन कमेटी के अरविंद ने एक बयान जारी कर जमीन माफियाओं को चेतावनी दी है। अरविंद ने कहा है कि रिंग रोड के आसपास गरीब रैयत, जिनमें अधिकांश आदिवासी हैं, की जमीन अंचल थाना, भू-माफियाओं, गुंडों और दबंग व्यक्तियों की ओर से जाली कागजात बनाकर लूटी जा रही

प्रेस विज्ञप्ति

रिंग रोड के आस पास सम्पूर्ण रांची में गरीब रयत जिसमे अधिकांश या बहुत ज्यादा आदिवासी जमीनों का अंचल थाना एवं भूमाफियो गुन्डो दबंग व्यक्तीयों के द्वारा जमीनों को या तो जबरन या फिर जाली कागज बनाकर या गुन्डों भूमाफियों का सहारालेकर जमीन को लूटा जा रहा है जिसकी शिकायत आए दिन संगठन के पास मूल रयत के द्वारा बताया जा रहा है ।



संगठन का चेतावनी

जितने भी सरकारी कर्मचारी मूल्य रयतों के जमीन के लूट मे भूमाफियों का साथ दे रहे है TSPC संगठन उसे चिन्हित कर कठोर से कठोर सजा देगी

उमेडण्डा बुड़मू ठाकुरगाँव रातू कांके पिठोरिया चन्दवे ओरमांझी उरुगुटु मोहनपुर काठीटांड ITBP नगड़ी के आस पास भूमाफियों को कड़ा चेतावनी दिया जाता है कि तुमलोग झारखण्डी भोले भाले [illegible]

है। इसकी शिकायत लगातार संगठन के पास रैयतों की ओर से की जाती रही है। टीएसपीसी ने इन लोगों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही उमेडंडा, बुड़मू, ठाकुरगांव, रातू, कांके, पिठोरिया, चंदवे, ओरमांझी, उरगुट्टू, मोहनपुर, कांठी टांड, आईटीबीपी और नगड़ी के आसपास एससी, एसटी, ओबीसी की जमीन से भू-माफियाओं को दूर रहने की चेतावनी दी गयी है। बयान में उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी कर्मचारी रैयतों की जमीन लूट में शामिल हैं। भू-माफियाओं का साथ दे रहे है, टीएसपीसी संगठन उन्हें चिह्नित कर कठोर सजा देगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की रात दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने ठाकुरगांव चापाटोली में एक व्यक्ति के चहारदीवारी निर्माण कार्य को बंद करने की चेतावनी देते हुए हवाई फायरिंग की थी। इस मामले में बुधवार को टीएसपीसी ने बयान जारी कर फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। मामले को लेकर संभावित ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है।

सीएम ने विधायक रामदास के पुत्र और पुत्रवधू को दिया आशीर्वाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के पुत्र रॉबिन सोरेन के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव दंपती को खुशहाल जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मौके पर कई नेता मौजूद थे।

हमारे लिए सत्ता नहीं जनता सर्वोपरी : राजेश ठाकुर

प्रभता मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक दिवसीय जय भारत सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारे लिए सत्ता नहीं जनता सर्वोपरी है। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर भाजपा रोक लगा रही है। संविधान को तोड़ा जा रहा है। सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। केन्द्र सरकार सवालों से बचने के लिए सदन की प्रक्रिया को बाधित करती रही है। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वाली शक्तियों से हमारी लड़ाई चल रही है, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। हम इस सत्याग्रह के माध्यम से

राज्य के तीस इंस्पेक्टर, पांच मेजर और तीन सार्जेंट मेजर का तबादला

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी करते हुए राज्य कुछ जिले में पदस्थापित तीस इंस्पेक्टर, पांच मेजर और तीन सार्जेंट मेजर का तबादला कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को नोटिस जारी किया गया है। मुख्य रूप से पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें रांची, खूंटी, जमशेदपुर, सरायकेला, हजारीबाग, रामगढ़ , बोकारो, पाकुड़, जामताड़ा, लातेहार, चाईबासा और गिरिडीह जिला बल के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। 38 पुलिस पदाधिकारियों में 30 इंस्पेक्टर, 03 सार्जेंट मेजर और 05 मेजर शामिल हैं। डीआईजी कार्मिक के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिले के एसएसपी, एसपी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारी को अविलंब भौतिक रूप से विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।रांची जिला बल से राजीव रंजन लाल ,अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा ,सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद। खूंटी जिला बल से राजेश प्रसाद रजक, सुकांत त्रिपाठी, जयदेव टोप्पो. जमशेदपुर जिला बल से नित्यानंद महतो, अरविंद कुमार. सरायकेला जिला बल से कृष्ण मुरारी। हजारीबाग जिला बल से नीरज कुमार सिंह, गणेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह और ललित कुमार। कोडरमा जिला बल से अजय कुमार सिंह। रामगढ़ जिला बल से राजेश कुमार, विपिन कुमार और विद्या शंकर।

दुमका जिला बल से देवरत पोद्दार।

बोकारो जिला बल से जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, सुधीर सुरीन, विनोद कुमार गुप्ता, मोहम्मद रुस्तम , अजय प्रसाद। लातेहार जिला बल से अमित कुमार गुप्ता शामिल है।पाकुड जिला बल से सुरेन्द्र रविदास। जामताड़ा जिला बल से सुरेश प्रसाद। तीन सार्जेंट मेजर का तबादला हुआ है, जिनमें लातेहार जिला बल से सुशांत कुमार,

हजारीबाग जिला बल से अजीत कुमार चौबे और चाईबासा जिला बल से मंटू यादव शामिल हैं। इसके अलावा पांच मेजर का तबादला हुआ है, गिरिडीह जिला बल से सुदीप्त मंडल, कामेश्वर रजक, हजारीबाग जिला बल से दीपक टोप्पो, लातेहार जिला बल से संतोष कुमार और गौतम कुमार शामिल है।

देश के हर नागरिक को प्रेरणा देने का कार्यक्रम है मन की बात : अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मन की बात देश के हर नागरिक को प्रेरणा देने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में देश के लगभग सभी हिस्से और मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राष्ट्रीय कॉन्क्लेव ‑ मन की बातञ्च100 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के छोटे-छोटे प्रयासों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में साझा किया। इससे लोगों का उत्साह बढ़ा। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी को फिर से लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया।



उन्होंने आगे कहा कि निन्यानवे मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने इस कार्यक्रम में एक भी बात राजनीतिक की नहीं की। उनकी इस संवाद शैली का पूरा देश कायल है। आगे गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण से देश को मुक्त कराया। पहले पद्म पुरस्कारों पर राजनीति होती थी, लेकिन आज समाज में अच्छे काम करने वालों को यह पुरस्कार पारदर्शी तरीके से दिया जा रहा है। शाह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम 23 भाषाओं और 29 बोलियों सहित 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। कोरोना महामारी के खिलाफ दुनिया की सरकारों ने लड़ाई लड़ी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह लड़ाई देश की जनता के साथ मिलकर लड़ी, इसलिए हम जीत गए।

आगे उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में 700 लोग और 270 संगठनों के कार्यों को साझा किया। इससे लोगों में कुछ करने की उम्मीद जगी है। इस कार्यक्रम के जरिये कोरोना वारियर्स का मनोबल बढ़ाया। कुपोषण माह मनाने से लेकर विकलांग को दिव्यांग कहकर उन्हें आदर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्मारक डाक टिकट व सिक्के का भी विमोचन किया।

प्रधानमंत्री की मन की बात जन आंदोलन का अच्छा उदाहरणः आमिर

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री मन की बात के 100वीं कड़ी पर विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अभिनेता आमिर खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लोगों का भरोसा जीता है। वे एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने लोगों के मन को छुआ है। आमिर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हर महीने करोड़ों लोग जुड़ें हैं। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इसे जन आंदोलन में बदलने का अच्छा प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के चौथे सत्र में आह्वान से जन आंदोलन विषय पर चर्चा करते हुए आमिर खान ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से कई मुश्किल विषयों को भी सरल तरीके से पेश किया गया। उन्होंने रेडियो को इसके लिए चुना। इस सत्र का संचालन आरजे शरद ने किया। इस सत्र में डॉ. शशांक आर. जोशी, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट और मधुमेह विशेषज्ञ, दीपमाला पांडे, स्कूल प्रिंसिपल, और प्रो नजमा अख्तर, शिक्षाविद् भी शामिल थीं।

सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू 19 वर्ष पुराने मामले में बरी

अधिवक्ता प्रित्यांशु सिंह ने मामले में जयनाथ साहू की ओर से बहस की। जयनाथ साहू पर वन विभाग के अधिकारी ने वन संरक्षण अधिनियम के तहत अवैध सखुआ और सेमल की लकड़ी रखने के मामले में लापुंग थाना में कांड संख्या-11/ 2004 दर्ज करायी थी। जयनाथ साहू के घर से सखुआ और सेमल की लकड़ी बरामद की गयी थी।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सम्राट गिरोह का सरगना जयनाथ साहू को 19 वर्ष पुराने मामले में न्यायिक दंडाधिकारी शिवराज मिश्रा की अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया। इस मामले में दो गवाही दर्ज करायी गयी। अदालत ने कहा कि उन गवाहों का बयान पूर्व के बयान से मेल नहीं खाता। उसके बाद पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में जयनाथ को बरी कर दिया गया। अधिवक्ता प्रित्यांशु सिंह ने मामले में जयनाथ साहू की ओर से बहस की। जयनाथ साहू पर वन विभाग के अधिकारी ने वन संरक्षण अधिनियम के तहत अवैध सखुआ और सेमल की लकड़ी रखने के मामले में लापुंग थाना में कांड संख्या-11/ 2004 दर्ज करायी थी। जयनाथ साहू के घर से सखुआ और सेमल की लकड़ी बरामद की गयी थी। लकड़ी बरामदगी काशी साहू और पलटू साहू के सामने हुई थी, इसलिए उन्हें गवाह बनाया गया था। जयनाथ साहू पर हत्या, डकैती, लूट, रंगदारी सहित 20 से अधिक मामले रांची और खूंटी के विभिन्न थाना में दर्ज हैं। 20 मामले में से वह सात मामले में अब तक बरी हो चुका है।

न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का फीचर लाजवाब : आकर्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : महिंद्रा के अग्रणी डीलर आनंद मोटर्स में न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का लॉन्चिंग किया गया। नावाटोली स्थित शोरूम में आयोजित लॉन्चिंग समारोह में आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद, महिंद्रा फाइनेंस के राजेश पांडे, एचडीबी फाइनेंस के नवीन कुमार एवं चोलामंडलम फाइनेंस के अमित सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर आनंद मोटर्स के महाप्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव एवं सेल्स मैनेजर गणेश प्रसाद ने बताया कि न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स अनेक खूबियों से भरा है। उसके बेहतरीन फीचर दमदार लुक बेहतर माइलेज एवं ज्यादा माल ढोने की क्षमता ही इसकी अपनी पहचान है। यह गाड़ी 2 वेरिएंट्स में आती है। एचडी सीरीज और सिटी सीरीज में यह गाड़ियां उपलब्ध है। 100त्न ऋण की सुविधा इस गाड़ी पर फाइनेंस कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। लॉन्चिंग के अवसर पर 11 गाड़ियों की बुकिंग की गई एवं एक गाड़ी की डिलीवरी भी की गई। यह गाड़ी 2 टन में पासिंग है। साथ ही इसका डाला 10 फीट लंबा तथा 5.9 फीट चौड़ा चौड़ा है। इसका इंजन 80 बीएचपी पावर का है।इसमें आईमैक्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। जो ग्राहकों के लिए बहुत सुविधाजनक है। इस गाड़ी को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखा गया। एचडी सीरीज का शुरुआती मूल्य 9.47 लाख से है जबकि मैक्स सिटी का शुरुआती मूल्य 7.91 लाख है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनप्रीत सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर एचडीबी फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर अनूप पाठक,महिंद्रा फाइनेंस के रवि पाठक, आनंद मोटर्स वर्कशॉप मैनेजर अगस्त तिवारी ,सेल्स मैनेजर निखिल कुमार. आलोक राज, राजमणि विश्वकर्मा, एचआर मेनेजर कृति सिन्हा, स्वेता सिंह, अर्चना सिंह, आरती कुमारी, पूजा रानी आदि लोग मौजूद थे।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक इरफान अंसारी बरी

दुमका : आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को जामताड़ा कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने बरी कर दिया। बरी का आदेश एमपी-एमएल विशेष अदालत एसडीजेएम जितेंद्र राम ने सुनाया। मामला वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव का है, जहां जामताड़ा थाना में विधायक के खिलाफ झंडा-बैनर और पोस्टर लगाने को लेकर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में विधायक को बरी कर दिया। बचाव पक्ष से बहस अधिवक्ता राजा खान कर रहे थे। मामले को लेकर विधायक ने कहा कि धीरे-धीरे सभी मामलों में बरी हो रहे हैं। इससे यह पता चलता है कि इरफान अंसारी जनता के लिए लड़ता है और जनता की सेवा करता है। अपने विरोधियों को कहना चाहता हूं कि मुद्दे की लड़ाई लड़ें, बेवजह परेशान मत कीजिए। झूठा मुकदमा दर्ज होने पर कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने से समय बर्बाद होता है।

पलामू जिला जनसेवक संघ ने फूंका कृषि मंत्री व सचिव का पुतला

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ पलामू इकाई के बैनर तले स्थानीय छह मुहान चौक मेदिनीनगर में झारखण्ड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कृषि सचिव अबुबकर सिद्दकी एवं कृषि निदेशक चंदन कुमार का विरोध में पुतला दहन किया गया।

विदित हो कि 2012 में झारखण्ड सरकार में तत्कालीन कृषि एवं गन्ना विकास विभाग जो अब कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग के द्वार कृषि क्षेत्र में सर्वागींन विकास के लिए 1836 रिक्त पदो के लिए जनसेवकों की नियुक्ति हुई थी। राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या 1411 दिनांक 25.05.2011 के द्वारा जनसेवक भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2011 को अधिसूचित करते हुए संपूर्ण झारखण्ड में वर्णित विभिन्न प्रावधानों के आलोक में जनसेवकों विज्ञापन में स्पष्ट रूप से

वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2400 के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना दी गई थी। नियुक्ति के 10 वर्षो के उपरांत दिनांक 25.04.2023 को कृषि निदेशक झारखण्ड के पत्रांक 01 / कृ0नि0 / स्थाश (जन0) / 107 / 2019 खण्ड 01 / 55 दिनांक 25.04.2023 के द्वारा 2400 ग्रेड पे को घटाते हुए 2000 करने आदेश निर्गत किया गया है जो सरासर गलत है। इसके विरोध में झारखण्ड राज्य के जनसेवकों में उबाल है। बताते चले नियुक्ति काल से ही राज्य के विभिन्न विभागों यथा पंचायती राज, खाद्य आपूर्ति, चुनाव कार्य आदि में जनसेवकों के सहयोग से कार्यो का निष्पादन किया जाता रहा है। राज्य के विभिन्न प्रखण्डों में सभी प्रर्यवेक्षक पद यथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण, प्रखण्ड सांख्यिकी, प्रखण्ड आपूर्ति, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखण्ड पंचायती राज जैस महत्वूर्ण पदों पर जनसेवकों के द्वारा काम लिया जाता रहा है। अर्थात एक वेतन काम अनेक । यह सरकार की मनमानी नही चलने दिया जायेगा। 2012 में नियुक्त जनसेवक संवर्ग का एक षड़यंत्र के तहत कृषि विभाग के ग्रेड पे कम करने जैसे तुगलकी आदेश का जनसेवक संघ विरोध करता है यदि सरकार तत्काल अपना आदेश वापस नही लेता है तो झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा। अनिश्चित कालीन हड़ताल के साथ राज्य के सारे विकासात्क कार्य को ठप्प कर देगा।

जिसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार एवं कृषि विभाग की होगी। मौके पर जिला अध्यक्ष श्री आलोक पाण्डेय सचिव अभिषेक कुमार उपाध्यक्ष ललन कुमार पासवान मिडीया प्रभारी शिव नारायण उरांव, अमरेश कुमार, पंकज कुमार, सुशांत पाठक, देवप्रिय, अजीत मिश्रा, मनोज कुमार समेत सैकड़ों जनसेवक उपस्थित रहे।